RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 6 अंक 229
फरीदाबाद, बुधवार, 27 सितंबर, 2023
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana



भारत की नजरें आस्ट्रेलिया के खिलाफ क्लीन स्वीप करने पर

पेज - 11

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 65,945 | ▼ | 78.22 |
| निफ्टी | 19.664 | ▼ | 9.85 |
| सोना | 59.900 | ▼ | 150 /10 gm |
| चांदी | 74,500 | ▼ | 850 /kg |

## मौसम फरीदाबाद

अधिकतम 36.00°C
न्यूनतम 24.00°C

## क्विक न्यूज

### बीजेपी नेता शाहनवाज हुसैन को आया हार्ट अटैक



**नई दिल्ली।** पूर्व केंद्रीय मंत्री और भाजपा के सीनियर लीडर शाहनवाज हुसैन को 26 सितंबर की शाम करीब 4 बजे हार्ट अटैक आया। उन्हें मुंबई के लीलावती अस्पताल में भर्ती कराया गया है। लीलावती अस्पताल के डॉक्टर जलील पारकर ने कहा कि दिल का दौरा पड़ने की वजह से शाहनवाज हुसैन को भर्ती कराया गया है। उनकी एंजियोप्लास्टी की गई है। फिलहाल वे आईसीयू में हैं, जल्द ही उन्हें प्राइवेट वार्ड में शिफ्ट किया जाएगा। रिपोर्ट्स के मुताबिक असल शाहनवाज हुसैन मुंबई बीजेपी अध्यक्ष और बांद्रा के विधायक आशीष शेलार के घर पर मौजूद थे। यहां उनकी तबीयत बिगड़ गई, जिसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया। फिलहाल उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है।

### एटीएस ने लखनऊ से पकड़ा आइएआइ जासूस

**लखनऊ।** पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आइएसआइ के लिए जासूसी करने वाले एक युवक को एटीएस ने गिरफ्तार किया है। यूपी एटीएस ने मंगलवार को युवक को लखनऊ से गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान शैलेश कुमार उर्फ शैलैन्द्र सिंह चौहान पुत्र राजेन्द्र सिंह के रूप में हुई है। एटीएस के मुताबिक, शैलेश कासगंज के पटियाली इलाके का रहने वाला है। एटीएस को शैलेश के पास से सेना का फर्जी पहचान पत्र भी मिला है। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि वो वॉट्सऐप और फेसबुक के जरिए सेना से जुड़ी अहम जानकारी पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी को साझा कर चुका है। आरोपी लगभग 8-9 महीने भारतीय सेना में, अरुणाचल प्रदेश में अस्थाई श्रमिक /पोर्टर के रूप में काम किया था।

### कावेरी विवाद पर किसानों का बेंगलुरु बंद

**नई दिल्ली।** तमिलनाडु के साथ कावेरी नदी के जल बंटवारे को लेकर कर्नाटक के किसानों ने मंगलवार को राजधानी बेंगलुरु में 12 घंटे का बंद बुलाया। स्कूल-कॉलेज नहीं खुले। होटल और रेस्त्रां भी बंद रहे। प्रदर्शनकारियों ने तमिलनाडु से आने वाली बसों को भी रोक दिया। दरअसल, 13 सितंबर को कावेरी वाटर मैनेजमेंट अथॉरिटी ने एक आदेश जारी किया था। इसमें कहा गया कि कर्नाटक अगले 15 दिन तक तमिलनाडु को कावेरी नदी से 5 हजार क्यूसेक पानी दे। कर्नाटक के किसान संगठन, कन्नड संस्थाएं और विपक्षी पार्टियां इसी फैसले का विरोध कर रही हैं। कर्नाटक और तमिलनाडु के बीच कावेरी नदी से जुड़ा यह विवाद 140 साल पुराना है।

## दिल्ली में 22 देशों के आर्मी चीफ की कॉन्फ्रेंस हुई

# प्रशांत क्षेत्र में कुछ चुनौतियां, हम शांति से समाधान के पक्ष में: थलसेना प्रमुख

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**हिन्द** प्रशांत क्षेत्र (इंडो-पैसिफिक) में भारत शांति के साथ हर मसले का हल चाहता है। हम बल प्रयोग से बचने और अंतरराष्ट्रीय कानूनों के पालन पर जोर देते हैं। हम सभी देशों की संप्रुभता और अखंडता को बनाए रखना चाहते हैं। दिल्ली में 13वें इंडो-पैसिफिक आर्मी चीफ्स कॉन्फ्रेंस में भारत के थल सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडेय ने मंगलवार को ये बाते कहीं। सेना और नेवी की यह दुनिया की सबसे बड़ी कांफ्रेंस है। मानेकशॉ सेंटर में 25 सितंबर से शुरू हुए इस कॉन्फ्रेंस में अमेरिका और कनाडा समेत 22 देशों के आर्मी चीफ 27 सितंबर तक रहेंगे।

इंडो-पैसिफिक रिजन में चीन हमेशा से एकतरफा अधिकार जमाता रहा है। जनरल पांडेय ने चीन का नाम लिए बिना कहा- हम किसी तरह के विवाद का शंतिपूर्ण हल चाहते हैं। इसके लिए सभी देशों के बीच बातचीत होनी चाहिए। लड़ाई से इसका समाधान नहीं हो सकता। कॉन्फ्रेंस में अमेरिका के आर्मी चीफ जनरल रैंडी जॉर्ज ने कहा- दुनिया में युद्ध का तरीका बदल रहा है। कॉन्फ्रेंस में शामिल देशों के बीच सैन्य समेत हर स्तर पर सहयोग मजबूत करना होगा। एक-दूसरे के साथ विश्वास बढ़ाना होगा। हमारी



एकता-प्रतिबद्धता से संबंध और गहरे होते चले जाएंगे।

इस सम्मेलन में मंगलवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी हिस्सा लिया। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, नेबरहुड फर्स्ट, प्राचीन काल से ही हमारी संस्कृति की आधारशिला रही है। भारत का दृष्टिकोण इस क्षेत्र को इसकी एक्ट ईस्ट पॉलिसी द्वारा परिभाषित किया गया है। मित्र देशों के साथ मजबूत सैन्य साझेदारी बनाने की दिशा में भारत के प्रयास न केवल हमारे अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा करने बल्कि हम सभी के सामने आने वाली महत्वपूर्ण वैश्विक चुनौतियों का समाधान करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं।

इस सम्मेलन में कनाडा के डिप्टी आर्मी चीफ मेजर जनरल पीटर स्कॉट ने भी हिस्सा लिया। उन्होंने कहा, मैं प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के बयान से अवगत हूं। सरकार का रुख, भारत के साथ जांच में भाग लेने और सहयोग करने का अनुरोध लेकिन वास्तव में यहां इंडो-पैसिफिक सम्मेलन में उस मुद्दे को हम पर इसका प्रभाव नहीं पड़ा। सही मायने में हम सेना से लेकर सेना तक संबंध बनाने के लिए यहां पर मौजूद हैं और हम अपनी-अपनी सरकारों( भारत-कनाडा) को उस मुद्दे से स्वयं निपटने देंगे।

इंडो-पैसिफिक आर्मी चीफ्स कॉन्फ्रेंस का आयोजन भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका की सेनाएं मिलकर कर रही हैं। सेना और नेवी की यह दुनिया की सबसे बड़ी कांफ्रेंस होती है। इस कांफ्रेंस का मकसद आपसी समझ, संवाद और मित्रता के माध्यम से हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति और स्थिरता को बढ़ावा देना है।

## एमपी में भाजपा की 39 नामों की दूसरी लिस्ट जारी

**भोपाल।** मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने कैंडिडेट्स की दूसरी लिस्ट जारी की है। इसमें 39 उम्मीदवारों के नाम हैं। खास बात ये है कि इस लिस्ट में तीन केंद्रीय मंत्रियों समेत 7 सांसदों को टिकट दिया गया है।

केंद्रीय मंत्रियों में मुरैना की दिमनी सीट से नरेंद्र सिंह तोमर, नरसिंहपुर से प्रहलाद पटेल और निवास से फग्गन सिंह कुलस्ते को प्रत्याशी बनाया गया है। वहीं भाजपा महासचिव कैलाश विजयवर्गीय को इंदौर विधानसभा क्रमांक 1 से टिकट दिया गया है। भाजपा ने 17 अगस्त को जारी पहली लिस्ट में भी 39 नामों का ऐलान किया था, इसलिए ये 39 का आंकड़ा चर्चा में है।

## पीएम ने रोजगार मेले में 51 हजार नियुक्ति पत्र बांटे

# नौ साल में इनोवेटिव बदलाव हुए तकनीक से भ्रष्टाचार घटा : मोदी

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को नौवें रोजगार मेले के तहत 51 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र दिया। ये युवा पिछले कुछ दिनों में केंद्र सरकार के अलग-अलग विभागों में भर्ती हुए हैं। इस मौके पर पीएम ने कहा कि पिछले नौ साल में इनोवेटिव तरीके से बड़े बदलाव हुए हैं। तकनीक का इस्तेमाल बढ़ने से भ्रष्टाचार घटा है और सुविधाएं बढ़ी हैं। ये रोजगार मेला देशभर में 46 स्थानों पर आयोजित किया गया। पीएम मोदी दिल्ली के नेशनल मीडिया सेंटर में आयोजित इस कार्यक्रम में शामिल हुए। यहां से उन्होंने 45 जगहों पर मौजूद युवाओं को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से नियुक्ति पत्र सौंपा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत की बेटियां अंतरिक्ष से खेलों तक अनेक कीर्तिमान बना रही हैं। कुछ दिन पहले ही देश की आधी से ज्यादा आबादी को नारी शक्ति वंदन एक्ट के जरिए बड़ी ताकत मिली है। 30 साल से लंबित इस बिल को नई संसद के पहले सत्र में ही दोनों सदनों से पारित कराया गया। एक तरीके से नई संसद में देश का नया भविष्य



### 45 जगहों पर मौजूद युवाओं को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से नियुक्ति पत्र सौंपे

शुरू हुआ है।

देश ने तय किया है कि 2047 तक विकसित बनना है। अगले कुछ साल में हम दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी इकोनॉमी बनने वाले हैं। आप वो जेनरेशन हैं जो तकनीक के साथ बड़ी हुई है। आपको अपने काम में उस तकनीक का इस्तेमाल करना होगा। तकनीकी बदलावों ने सरकारी काम को आसान बनाया है। पहले लोग रेलवे स्टेशन के बुकिंग काउंटर पर कतारों में खड़े होते थे। तकनीक



ने इस समस्या को हल कर दिया है। आधार कार्ड, डिजिटल लॉकर्स और ई-केवाईसी ने डॉक्युमेंट्स को स्टोर करना आसान बना दिया है।

तकनीक के विस्तार से भ्रष्टाचार कम हुआ है और भरोसा बढ़ा है। आज देश की जीडीपी मुश्किलों में भी तेजी से बढ़ रही है। हमारे उत्पादन और एक्सपोर्ट में जोरदार इजाफा हुआ है। आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर में देश जो इन्वेस्टमेंट कर रहा है, वैसा पहले कभी नहीं हुआ। पिछले नौ साल में हमारी योजनाओं ने बड़े लक्ष्यों की राह खोली है। इस दौरान सरकार ने मिशन मोड में नीतियां लागू की हैं, जब आप जैसे लाखों युवा सरकारी नौकरियां जॉइन करते हैं, तो नीतियां लागू करने की गति और पैमाना भी बढ़ता है।

बता दें, 22 अक्टूबर 2022 को प्रधानमंत्री ने रोजगार मेले का पहला फेज शुरू किया था। तब पीएम ने कहा था- हमारा लक्ष्य देश के युवाओं को 2023 के अंत तक 10 लाख सरकारी नौकरियां देना है। पीएम ने पिछले 10 महीनों में आठ रोजगार मेलों में करीब पांच लाख युवाओं को नियुक्ति पत्र दिए हैं। इससे पहले 22 जुलाई को सातवें रोजगार मेले का आयोजन किया था। तब पीएम मोदी ने 70 हजार से ज्यादा युवाओं को नियुक्ति सौंपे थे। देश में 20 से भी ज्यादा राज्यों में 44 जगहों पर इसका आयोजन किया गया था।

# मणिपुर में सुरक्षाबलों से झड़प में 53 छात्र घायल

### जुलाई से लापता दो छात्रों की हत्या के विरोध में प्रदर्शन कर रहे थे

**एजेंसी।** इंफाल

**मणिपुर** के इम्फाल शहर में मंगलवार 26 सितंबर को सुरक्षाबलों और छात्रों के बीच झड़प हो गई। इसमें 1 टीचर सहित 54 छात्र घायल हो गए। छात्र जुलाई से लापता दो छात्रों की हत्या के विरोध में प्रदर्शन कर रहे थे। सभी घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। राज्य में 23 सितंबर को मोबाइल इंटरनेट से बैन हटने के बाद दो स्टूडेंट्स के शवों की फोटो सामने आई थी, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है।

फोटो में दोनों की बॉडी जमीन पर पड़ी हुई नजर आ रही है। साथ ही लड़के का सिर कटा हुआ है। हालांकि, दोनों के शव अभी तक नहीं मिले हैं। जुलाई में दोनों छात्र एक दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में दिखाई दिए थे, लेकिन उसके बाद से उनका पता नहीं चल सका है। वहीं, राज्य सरकार ने सभी सरकारी-गैर सरकारी स्कूलों को 27 सितंबर और 29 सितंबर को बंद रखने का आदेश जारी किया है।

मुख्यमंत्री ऑफिस सूत्रों ने बताया- सरकार ने कहा है कि जो भी



दोषी हैं, उन पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल मामले की जांच सीबीआइ कर रही है। सुरक्षा बलों ने अपराधियों को पकड़ने के लिए तलाशी अभियान भी शुरू कर दिया है। लोगों से अपील की गई है कि मामले में संयम बरतें और जांच एजेंसियों को अपना काम करने दें। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने कहा- मणिपुर में बच्चे जातीय हिंसा के सबसे कमजोर शिकार हैं।

यह हमारा कर्तव्य है कि हम उनकी रक्षा के लिए हर संभव कोशिश करें। मणिपुर में हो रहे अपराध शब्दों से परे हैं, फिर भी राज्य में अपराधों को बिना किसी रोक-टोक के जारी रहने दिया जा रहा है। केंद्र को अपनी निष्क्रियता पर शर्म आनी चाहिए। चार मई को ही दो महिलाओं को निर्वस्त्र घुमाने की घटना थोउबाल जिले में हुई थी।



इसका वीडियो 19 जुलाई को सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था।

वीडियो में दिखाई दे रहा है कि कुछ लोग दो महिलाओं को निर्वस्त्र करके ले गए और उनसे अश्लील हरकतें कीं थी। बता दें, मणिपुर में पिछले चार महीने से चल रही जातीय हिंसा में अब तक 175 लोग मारे गए हैं। 1100 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। इतना ही नहीं 5172 आगजनी के केस सामने आए, जिनमें 4786 घरों और 386 धार्मिक स्थलों को जलाने और तोड़फोड़ करने की घटनाएं शामिल हैं।

## करनाल में घर से एयरपोर्ट तक गए सीएम मनोहर लाल

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**मुख्यमंत्री** करनाल में कार फ्री डे पर एक अलग अंदाज में दिखे। वह घर से करनाल एयरपोर्ट पर बुलेट से पहुंचे। हर मंगलवार को करनाल को कार फ्री डे घोषित करने की मुख्यमंत्री मनोहर लाल घोषणा कर चुके हैं।

सीएम के साथ-साथ सभी सुरक्षाकर्मी भी बिना कार के एयरपोर्ट पहुंचे। सीएम ने इस मौके पर कहा कि शहरों में ट्रैफिक को कम करने और भीड़भाड़ को खत्म करने के लिए हमें ऐसे छोटे-छोटे प्रयास शुरू करने होंगे। सीएम मनोहर लाल ने करनाल में 23 दिन पहले साइक्लोथॉन रैली को झंडी दिखाते हुए करनाल में मंगलवार को कार फ्री डे की घोषणा की थी। सभी सरकारी अधिकारी साइकिल से ही यात्रा करेंगे। कहा कि मैं स्वयं भी अगर करनाल आऊंगा तो मंगलवार को साइकिल से ही यात्रा करूंगा। इस घोषणा को करनाल में प्रशासनिक अधिकारी सख्ती से लागू कर रहे हैं।

## जम्मू-कश्मीर में एक आतंकी आठ अंडर-ग्राउंड वर्कर गिरफ्तार

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में सुरक्षा बलों ने दो आतंकी मॉड्यूलों का पर्दाफाश किया। जिसमें एक ऑपरेशन में उन्होंने एक आतंकवादी और उसके पांच सहयोगियों को गिरफ्तार किया है। इनमें दो महिलाएं हैं। वहीं दूसरे



ऑपरेशन में पुलिस ने तीन आतंकी सहयोगियों को अरेस्ट किया। ये सभी आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा और टीआरएफ (द रेजिस्टेंस फ्रंट) से जुड़े हैं। पुलिस ने इनके पास से आपत्तिजनक सामग्री, हथियार और गोला-बारूद भी बरामद किया। जांच में पता चला है कि आतंकी और उसके साथियों को पाकिस्तान में बैठे आतंकी सरगना निर्देश दे रहे थे। ये सभी सीमा पार से हथियारों और गोला-बारूद की तस्करी करते थे।

## एसी ने जजों की नियुक्ति में देरी पर चिंता जताई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने 26 सितंबर को देश के हाईकोर्ट्स में जजों की नियुक्ति में देरी पर चिंता जताई। जस्टिस संजय किशन कौल और जस्टिस सुधांशु धूलिया की बेंच ने मामले पर सुनवाई की। बेंच ने कहा कि इस मामले में पिछली सुनवाई सात महीने पहले हुई थी, लेकिन इतने समय बाद भी सरकार की ओर से कोई कदम नहीं उठाया गया।

जस्टिस कौल ने कहा कि कॉलेजियम ने 11 नंवबर 2022 को हाईकोर्ट्स में जजों की नियुक्ति के लिए 80 नाम भेजे गए थे। ये नाम पिछले 10 महीने से पेंडिंग थे। चार दिन पहले सरकार ने 10 फाइलों को मंजूरी दे दी, लेकिन 70 फाइलें अभी भी लंबित हैं।

## कनाडा से लौटी महिला की सड़क हादसे में मौत

**एजेंसी।** बहादुरगढ़

**बहादुरगढ़** में खड़े कैंटर में एक कार टकरा गई। हादसा इतना भीषण था कि कार में सवार एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई। महिला मंगलवार अल सुबह कनाडा से भारत लौटी थी। पंजाब से उसका बेटा बेअंत सिंह और बहन उसे दिल्ली एयरपोर्ट से लेकर वापस घर जा रहे थे। पंजाब के मोगा निवासी बेअंत सिंह की मां चरणजीत कौर (50) काफी दिनों से अपनी बेटी के पास कनाडा गई हुई थी। सोमवार रात उनकी कनाडा से दिल्ली की फ्लाइट थी, जिसमें सवार होकर वह दिल्ली



एयरपोर्ट पर पहुंची। बेअंत सिंह अपनी मां चरणजीत कौर को मौसी के साथ कार में बैठाकर मंगलवार सुबह पंजाब के लिए चले थे। इसी दौरान बहादुरगढ़ में किसान चौक के पास उनकी कार सड़क पर खड़े एक कैंटर से टकरा गई। हादसे में चरणजीत कौर की मौत हो गई, जबकि उनका बेटा बेअंत सिंह व बहन गंभीर रूप से घायल हो गए।

## गुरुग्राम में महिला से रेप का प्रयास, विरोध पर गला रेता

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

**गुरुग्राम** के सेक्टर-92 की सारे होम्स सोसाइटी में अकेली महिला के साथ सोसाइटी के गार्ड द्वारा ही दुष्कर्म के प्रयास का मामला सामने आया है। जब महिला ने गार्ड का विरोध किया तो गार्ड ने धारदार हथियार से गर्दन पर वार किया और फरार हो गया।

जब गार्ड वारदात को अंजाम दे सोसाइटी से भाग रहा था, तब वह सोसाइटी में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गया। सोसायटी के अध्यक्ष प्रवीण मलिक की माने तो घटना मंगलवार सुबह तकरीबन 10 बजे की है। जब महिला अपने फ्लैट में अकेली थी। महिला को अकेला पाकर गार्ड फ्लैट में घुसा और पूरी वारदात को अंजाम दिया। सूचना मिलते ही जब प्रवीण मलिक मौके पर पहुंचे तो उन्होंने देखा की महिला ने अपने हाथ से गर्दन पकड़ रखी थी और फर्श पर खून पड़ा था। आनन फानन में अध्यक्ष ने अपनी गाड़ी में बैठाकर महिला को निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जिसके बाद पुलिस को इस पूरे मामले की शिकायत दी गई। सूचना मिलते ही गुरुग्राम पुलिस की सेक्टर 10 थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की तफ्तीश शुरू कर दी।

# दीवार काटकर ज्वेलरी शोरूम से 25 करोड़ का माल लेकर बदमाश फुर्र

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**दिल्ली** के भोगल इलाके में एक ज्वेलरी शोरूम में 25 करोड़ की चोरी की मामला सामने आया है। चोर चौथी मंजिल का ताला तोड़कर दुकान में घुसे, फिर स्ट्रॉन्ग रूम की दीवार काटी। चोरी उमराव सिंह ज्वेलर्स के शोरूम में हुई। दिल्ली पुलिस ने इस घटना का सीसीटीवी फुटेज मिलने का दावा किया है। हालांकि, उसने ये फुटेज जारी नहीं किए हैं। सीसीटीवी फुटेज में दो चोर देखे गए हैं। इनकी पहचान नहीं हो सकी है। घटना में और बदमाशों

### चौथी मंजिल का ताला तोड़कर दाखिल हुए बदमाश

के शामिल होने की आशंका है। पुलिस ने फोरेंसिक जांच के लिए बिल्डिंग के आसपास की पांच छतों से सैंपल कलेक्ट किए हैं। इन घरों में रहने वाले सभी लोगों के फिंगर प्रिंट्स भी लिए गए हैं।

शोरूम के मालिक संजीव जैन ने बताया कि हम रविवार 24 सितंबर रात आठ बजे दुकान बंद करके गए थे। सोमवार को छुट्टी



रहती है। मंगलवार 26 सितंबर की सुबह 10.30 बजे शोरूम खोला तो हर तरफ धूल थी। जांच के बाद पता चला कि शोरूम में रखे सभी गहने गायब हैं। सोना-चांदी और हीरा समेत करीब 20-25 करोड़ के सामान की चोरी हुई है। चार से पांच लाख रुपए कैश भी गायब है। शोरूम मालिक ने बताया कि चोर शोरूम की चौथी मंजिल से छत का ताला तोड़कर नीचे आए थे। इसके बाद स्ट्रॉन्ग रूम की दीवार काटकर शॉप में दाखिल हुए।

दक्षिण-पूर्व दिल्ली के डीसीपी राजेश देव ने बताया कि दुकान में बेसमेंट के लिए जो रास्ता जाता है, उसमें करीब 1.5 फुट की सेंध लगाई गई है। अभी तक लॉकर नहीं खोला गया है। उसे खोलने के बाद ही चोरी हुए सामान की कीमत का सही आकलन होगा। पुलिस सूत्रों के मुताबिक चोरी की इतनी बड़ी घटना को प्लानिंग के तहत अंजाम दिया गया। इसके लिए आरोपियों ने पूरा खाका तैयार किया। अपराधियों को दुकान और गहनों के बारे में पहले से जानकारी थी। उन्हें स्ट्रॉन्ग रूम पहुंचने के रास्ते से लेकर इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के बारे में भी पता था। इससे ऐसा लग रहा है कि अपराधी वारदात को अंजाम देने से पहले भी वहां आए थे। फिलहाल पुलिस शोरूम में लगे सभी सीसीटीवी कैमरों को खंगाल रही है। क्राइम ब्रांच के साथ फोरेंसिक टीम भी मौके पर जांच कर रही है।

पायनियर
हरियाणा, बुधवार, 27 सितंबर, 2023



# अमृता अस्पताल के मेडिकल छात्रों ने किया पौधारोपण

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**अमृता** अस्पताल की संस्थापक और धार्मिक जगतगुरु माता अमृतानंदमयी देवी (अम्मा) तीन अक्टूबर को अपने जीवन के 70 साल पूरे करेंगी। इस उपलक्ष्य में फरीदाबाद स्थित अमृता स्कूल ऑफ मेडिसिन ने अम्मा को श्रद्धांजलि देने के लिए एक एक्टिविटी वीक का आयोजन किया है। पांच दिन तक चलने वाली इन एक्टिविटीज में मेडिकल कॉलेज के छात्र, अमृता स्कूल ऑफ नर्सिंग के छात्र और फैकल्टी मेंबर शामिल होंगे। एक्टिविटी वीक के पहले दिन पौधारोपण किया गया। इस दौरान अम्मा के 70वें जन्मदिन को चिन्हित करते हुए अमृता स्कूल ऑफ मेडिसिन के प्रिंसिपल, फैकल्टी मेंबर और मेडिकल और नर्सिंग के छात्रों ने मिलकर अमृता अस्पताल, फरीदाबाद के पास 70 पौधों का रोपण किया। इस खास मौके पर मेडिकल कॉलेज की फैकल्टी समेत अमृता अस्पताल का स्टाफ भी मौजूद रहा।



# जेसी बोस विश्वविद्यालय के स्वास्थ्य शिविर में विद्यार्थियों को किया जागरूक

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**स्वास्थ्य** शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जेसी बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद में एक दिवसीय स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। यह ज्ञानवर्धक कार्यक्रम विश्वविद्यालय के गणित विभाग द्वारा रोटरी क्लब फरीदाबाद ट्यूलिप के सहयोग से किया गया।

स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का उद्देश्य स्वास्थ्य संबंधी विषयों पर ज्ञान प्रदान करना, जागरूकता बढ़ाना और प्रतिभागियों के बीच समुदाय की भावना को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना के साथ हुई। इसके उपरांत डीन साइंसेज तथा गणित विभाग की अध्यक्ष प्रो. नीतू गुप्ता ने सभी चिकित्सा विशेषज्ञों और मुख्य अतिथियों को पौधा भेंट कर स्वागत किया। प्रो. नीतू गुप्ता ने अपने संबोधन में स्वास्थ्य के महत्व पर बल दिया।

मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में उपस्थित रही सामाजिक कार्यकर्ता और लेखिका जयमाला तोमर ने कोविड-19 महामारी की चुनौतियों को दर्शाती वुहान परिंदा नामक एक मार्मिक कविता प्रस्तुत की। कार्यक्रम में स्वास्थ्य संबंधी सूचनात्मक सत्र प्रस्तुत किए गए, जिसमें त्वचा विशेषज्ञ एवं कॉस्मेटोलॉजिस्ट डॉ. चेतना घुरा द्वारा युवा वयस्कों में त्वचा की देखभाल, क्लिनिकल न्यूट्रिशनिस्ट एवं डायबिटीज एजुकेटर डॉ. तमन्ना मल्होत्रा द्वारा यू एंड योर हार्मोंस और प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. सबिता कुमारी द्वारा स्तन कैंसर पर जागरूकता को लेकर व्याख्यान दिये गये। एक दिवसीय स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का समापन रोटरी क्लब फरीदाबाद की अध्यक्ष डॉ. करुणा पाल के प्रेरक व्याख्यान से हुआ, जिसमें उन्होंने स्वास्थ्य जागरूकता के महत्व पर बल दिया। आरसीएफ ट्यूलिप की सचिव पूनम चैधरी, सदस्यों डॉ. रुचिका, बबीता गोयल और सुनीता विज ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम की समन्वयक डॉ. रीना गर्ग ने शिविर की सफलता पर सभी प्रतिभागियों, आयोजकों और उपस्थित लोगों को हार्दिक धन्यवाद दिया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की महिला स्टाफ सदस्यों के लिए एक निशुल्क मैमोग्राफी परीक्षण का आयोजन किया गया, जिसमें निवारक स्वास्थ्य देखभाल के महत्व पर बल दिया गया।



# कैंसर के इलाज के लिए विशेष सुविधाओं व देखभाल की जरूरत : गडकरी

## फरीदाबाद के मेट्रो कैंसर संस्थान का केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने किया उद्घाटन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**मेट्रो** ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स के फरीदाबाद स्थित 350 बेड वाले मेट्रो कैंसर संस्थान का केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी द्वारा उद्घाटन किया गया। मेट्रो कैंसर इंस्टीट्यूट, अत्याधुनिक तकनीक और अनुभवी कैंसर विशेषज्ञों से सुसज्जित, क्षेत्र का कैंसर संबंधित सेवाओं का सबसे उन्नत अस्पताल है। यहां उत्तर भारत का पहला और एकमात्र हाइपर आर्क वाला हू-बीम है, जिससे कैंसर मरीजों को एडवांस रेडिएशन ट्रीटमेंट दिया जाता है। इस अस्पताल में पेट सीटी स्कैन, मैमोग्राफी, ब्रेकीथेरेपी समेत अन्य सभी तरह के आधुनिक उपकरण मौजूद हैं।

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने अपने संबोधन में भारत में कैंसर के फैलाव को कंट्रोल करने के लिए मजबूत बुनियादी ढांचे के निर्माण के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा, कैंसर एक ऐसी बीमारी है, जिससे उभरने के लिए इलाज की विशेष सुविधाओं और देखभाल की जरूरत होती है। मेट्रो कैंसर इंस्टीट्यूट जैसा विश्वस्तरीय संस्थान निश्चित ही इस क्षेत्र में मरीजों को एडवांस इलाज मुहैया कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। जिस तरह हम बेहतर कनेक्टिविटी के लिए एक्सप्रेस-वे में निवेश करते हैं, उसी तरह हमें डेडिकेटेड स्पेशलिटी सेंटर्स में निवेश करना चाहिए, ताकि हेल्थ से जुड़े मामलों में अच्छे नतीजे प्राप्त किए जा सकें। मेट्रो ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स के चेयरमैन डॉक्टर प्रोफेसर पुरुषोत्तम लाल ने वर्षों से उनके अस्पताल पर भरोसा जताने के लिए लोगों का शुक्रिया किया। उन्होंने कहा, मेट्रो अस्पताल फरीदाबाद का हमेशा से एक ही उद्देश्य रहा है, फरीदाबाद क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना और मेट्रो कैंसर इंस्टीट्यूट की स्थापना उसी दिशा में एक कदम है। 2002 में हरियाणा के पहले हार्ट सेंटर से अपने सफर की शुरुआत करने के बाद आज यह बढ़कर 750 बेड वाला क्षेत्र का सबसे बड़ा अस्पताल बन गया है। हमारा फोकस दुनिया के समक्ष उपचार मानकों के जरिए अपने मरीजों को वर्ल्ड क्लास केयर देना है। मेट्रो कैंसर इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर डॉक्टर सुमंत गुप्ता ने भी इस मौके पर मेट्रो कैंसर इंस्टीट्यूट की एडवांस सुविधाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया, कैंसर का इलाज अब काफी बेहतर हो चुका है। बोन मैरो ट्रांसप्लांट टारगेटेड थेरेपी और इम्यूनोथेरेपी जैसे नई तकनीकों की बदौलत कैंसर सर्वाइवर्स अब एक वास्तविकता बन गए हैं, यानी लोगों की जान बचाई जाने लगी है। मेट्रो कैंसर इंस्टीट्यूट इस क्षेत्र का सबसे एडवांस और व्यापक सुविधाओं वाला अस्पताल है, जहां अनुभवी कैंसर विशेषज्ञ डॉक्टर हैं और अस्पताल भी मॉडर्न व एडवांस सुविधाओं से सुसज्जित है। मेट्रो कैंसर इंस्टीट्यूट अपने मल्टी मोडेलिटी दृष्टिकोण के जरिए समग्र और एकीकृत केयर मुहैया कराता है, जिसका लक्ष्य सटीक इलाज के साथ बेहतर लेवल की एविडेंस बेस्ड कैंसर केयर देना है।

### मेट्रो कैंसर इंस्टीट्यूट की कुछ प्रमुख विशेषताओं में

-डेडिकेटेड 350 बेड्स

-कैंसर केयर के लिए डेडिकेटेड यूनिट्स, बोन मैरो ट्रांसप्लांट और ल्यूकेमिया का इलाज-ऑर्गन स्पेसिफिक कैंसर का इलाज

-लेटेस्ट पेट-सीटी, एमआरआई, सीटी और मैमोग्राफी की सुविधा

-व्यक्तिगत उपचार योजनाओं के लिए कैंसर ट्यूमर बोर्ड

-यहां इलाज की तमाम बेहतर सुविधाएं और विशेषज्ञ उपलब्ध हैं। मेडिकल आंकोलॉजी, हेमेटोलॉजी और बोन मैरो ट्रांसप्लांट, सर्जिकल आंकोलॉजी, रेडिएशन आंकोलॉजी, न्यूक्लियर मेडिसिन और थैरानोस्टिक्स, आंको-न्यूट्रिशन, आंको-रिहैबिलिटेशन और पीडियाट्रिक आंकोलॉजी के ट्रीटमेंट यहां उपलब्ध हैं।

-मेट्रो कैंसर इंस्टीट्यूट को लोगों की सेवा के लिए समर्पित करते हुए एक बार फिर मेट्रो ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स ने दिखा दिया है कि वो क्षेत्र के लोगों के लिए उच्चतम गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने और एडवांस इलाज मुहैया कराने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# मांगें नहीं मानने तक जारी रहेगा कर्मचारियों का प्रदर्शन : शास्त्री



पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**नगर** निगम कर्मचारियों ने लगातार दूसरे दिन निगम मुख्यालय पर क्रमिक भूख हड़ताल जारी रखी। बुधवार को क्रमिक भूख हड़ताल करते हुए नगरपालिका कर्मचारी संघ, हरियाणा के आह्वान पर सरकार की हठधर्मिता, वायदा खिलाफी के खिलाफ शहर के मुख्य बाजारों में उल्टी झाड़ू और काले झंडों के साथ आक्रोश प्रदर्शन करेंगे।

नगरपालिका कर्मचारी संघ, हरियाणा के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री ने कहा कि हरियाणा सरकार सफाई कर्मचारियों को ठेकेदारों का गुलाम बनाने का काम कर रही है। प्रदेशभर में लगभग 4000 से अधिक सफाई कर्मचारियों तथा ग्रुप डी, ग्रुप सी अग्निशमन के कर्मचारियों की छंटनी कर दी है। इनमें नगर निगम गुरुग्राम के 3480 सफाई कर्मचारी शामिल हैं। श्री शास्त्री ने बताया कि गुरुग्राम के हजारों कर्मचारी 15 अक्टूबर को रोहतक में होने वाली कर्मचारी आक्रोश रैली में गुरुग्राम से रोहतक तक पैदल यात्रा कर गांव-गांव शहर-शहर में सरकार के कर्मचारी दलित विरोधी चेहरे को बेनकाब करते हुए शामिल होंगे। श्री शास्त्री ने कहा कि जब तक हरियाणा सरकार छंटनी ग्रस्त कर्मचारियों को ड्यूटी पर वापस लेकर विभाग के कर्मचारियों को रोल पर नहीं करेगी, समान काम समान वेतन नहीं दिया जाएगा तथा सभी अनुबंध दैनिक वेतनभोगी व पार्ट-2 तथा अन्य कच्चे कर्मचारियों को एक कलम से पक्का करने, अग्निशमन विभाग को शहरी स्थानीय निकाय विभाग में शामिल करने, 1327 ड्राइवर व फायरमैनों को सृजित पदों पर समायोजित करने, सफाई, सीवर पार्क, सिविल वर्क, वाटर सप्लाई, इलेक्ट्रिकल कार्य तथा अन्य कामों में दिए गए सभी प्रकार के ठेकों, मैनपॉवर, वर्कआउट सोर्स, डोर टू डोर, आरपीएफ स्टैंडर्ड, ऑपरेशनल मेंटेनेंस के ठेकों को समाप्त कर ठेकेदारी में लगे कर्मचारियों को रोल पर करने, जोखिम भत्ता पांच हजार रुपये देने आदि काम नहीं करेगी, आंदोलन जारी रहेगा। श्री शास्त्री ने कहा कि 15 अक्टूबर को रोहतक में होने वाली कर्मचारी आक्रोश रैली को लेकर प्रदेश के पालिका एवं अग्निशमन कर्मचारियों में भारी उत्साह है। यह रैली भविष्य में एक रिकॉर्ड स्थापित करेगी। भूख हड़ताल में अजय शास्त्री, सुरेश मलंदा, महेंद्र पुरिया, साजन, सुरेश देवी, ललिता देवी, शकुंतला, कमला, कमलेश, ज्ञानो देवी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# समाजसेवियों को हॉनररी पीएचडी अवार्ड से किया सम्मानित

**फरीदाबाद।** एसएसए यूनिवर्सिटी पोर्टलैंड यूएसए ने भारत में तीसरी बार काउंसिल ऑफ भारतीय स्कूल एजुकेशन के साथ मिलकर हॉनररी पीएचडी अवॉर्ड सेरिमनी का आयोजन पावन ओ पैलेस होटल में किया गया। काउंसिल ऑफ भारतीय स्कूल एजुकेशन के सचिव डॉ. राजेश मदान एडवोकेट और समाजसेवी डॉ. तरुण अरोड़ा एडवोकेट ने इस कार्यक्रम का आयोजन करवाया। इस अवसर पर एसएसए यूनिर्वसिटी ने एडवोकेट डॉ. मंशा पासवान, बिंदिया नागपाल, अमित प्रकाश, देवेंद्र कुमार वर्मा, सचिन कुमार, श्याम दुबे, मोहम्मद नोफिल रूमानी, मोहम्मद आसिफ, विकास गोस्वामी, पंकज निर्मल, नीतू कपूर, अजय कुमार, भुवन, अनिल मेहता, सुमन जैन, सतीश गर्ग को हॉनररी पीएचडी देकर डॉक्टर की उपाधि से नवाजा।

इसके अतिरिक्त काउंसिल ऑफ भारतीय स्कूल एजुकेशन ने पवन ठाकुर, राजेश डोगरा, पंकज नागपाल, राजू कुमार, बबली, अशोक मदान, यामिनी, नरेश कुमार गोयल, राकेश भाटिया, बिजेंद्र चंदीला, अनिरुद्ध श्री कृष्णा, राजेश आर्य, वासदेव आर्य को डिस्ट्रिक्ट अवार्ड व नेशनल अवार्ड से सम्मानित किया। समाजसेविका रेनू चौहान व समाजसेवक मोहन तिवारी को गोल्ड मेडिलस्ट अवार्ड से नवाजा गया। डॉक्टर प्रदीप गुप्ता को गुरू द्रोण अवार्ड के अलावा दीपांशी अरोड़ा, डॉ. भूपेंद्र शोरायन, डॉ. शोभित आजाद मौजूद थे।

# सड़क पर बने गड्ढे पर लोगों ने रखा पुराना सोफा



फोटो : राजेश पुंजानी

**फरीदाबाद।** एनआईटी दो नबंर में सड़क पर बने गड्ढे में गिरने से बचाने के लिए लोगों ने गड्ढे के ऊपर सोफा रख दिया है। अब लोगों को आने-जाने में दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। एनआईटी दो नंबर में पिछले दो महीने से एक गड्ढा बना हुआ था। जिसकी वजह से लोगों को दिक्कत हो रही थी। लोगों को गड्ढे में गिरने से बचाने के लिए एनआईटी के लोगों ने गड्ढे के ऊपर सोफा रख दिया है। परंतु अब इसकी वजह से लोगों को आने-जाने में दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। एनआईटी निवासी सुनील कुमार, गजेंद्र सिंह, बालासिंह आदि का कहना है कि दो महीने पहले हाई स्कूल के पास सड़क गड्ढा बनाया गया था। जिसकी कई बार शिकायत पीडबल्यूडी विभाग और एमसीएफ अधिकारियों से की गई थी। परंतु गड्ढे को नहीं भरा गया था। छोटे बच्चों, बुजुर्गों व महिलाओं व वाहन चालकों को गड्ढे में गिरने से बचाने के लिए मंगलवार को गड्ढे के ऊपर पुराना सोफा रख दिया है। जिससे किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बचा जा सके।

# व्यायाम रहित जीवन शैली और तंबाकू के सेवन से बढ़ रहे हृदय रोगी

**फरीदाबाद।** फोर्टिस एस्कॉर्टस अस्पताल फरीदाबाद के डाक्टरों ने लोगों को चेताया है कि तनाव, व्यायाम रहित जीवन शैली व तंबाकू के सेवन से युवाओं में हार्ट अटैक का जोखिम बढ़ रहा है।

अस्पताल के डायरेक्टर व एचओडी डॉ. संजय कुमार ने बताया कि जनरल सर्कुलेशन में प्रकाशित अध्यनन के अनुसार भारतीय पुरूषों में 50 प्रतिशत हार्ट अटैक 50 साल की उम्र में हो रहे हैं। स्वास्थ्य संबंधी बढ़ते जोखिमों के कई कारण हैं। जिनमें जंक फूड की अधिकता, शारीरिक गतिविधियों का अभाव, धूम्रपान, मोटापा, मधुमेह, उच्च रक्तचाप और तनाव प्रमुख हैं। उन्होंने बताया कि हाल ही में 30 से 40 वर्ष के आयुवर्ग के तीन युवाओं का उपचार किया। इन तीनों युवकों के सीने मे दर्द, सांस फूलना और बेहोशी की शिकायत थी।

# 500 विद्यार्थी चंद्रयान-3 पर बनाए समूहगान में लेंगे हिस्सा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**सेक्टर**-14 डीएवी स्कूल में 30 सिंतबर को आयोजित होने वाले कार्यक्रम में त्रिपुरा के पूर्व सीएम एवं भारतीय जनता पार्टी के हरियाणा प्रदेश प्रभारी बिप्लब देव मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में फरीदाबाद के 80 सीबीएससी स्कूल भाग लेंगे। जिसमें 60 विद्यालयों के 500 विद्यार्थियों की मदद से चंद्रयान-3 पर बनाए गए समूहगान को लांच किया जाएगा। वहीं दूसरी तरफ 80 विद्यालयों में बेहरत कार्य करने वाले एक विद्यालय से एक अध्यापक को उत्कृट शिक्षा पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। यह जानकारी विद्यासागर इंटरनेशनल स्कूल के निदेशक दीपक यादव ने दी।



दीपक यादव ने बताया कि मंगलवार को फरीदाबाद सीबीएससी से सहोदया फरीदाबाद चैप्टर एसोएिशन के बैनर तले पांच सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल महिला मोर्चा हरियाणा की वाइस प्रेजिडेंट प्रवीन जोशी के नेतृत्व में त्रिपुरा के पूर्व सीएम एवं भारतीय जनता पार्टी के हरियाणा प्रदेश प्रभारी बिप्लब देव से मिला। जहां उनकी यह मुलाकात बहुत सकारात्मक रही। इस मुलाकात के दौरान विद्यालयों को लेकर काफी चर्चा हुई। जिसमें कोरोना काल से लेकर अब तक शिक्षा के क्षेत्र में आ रही तमाम समस्याओं पर विस्तार से चर्चा हुई। इस क्रम में दीपक यादव ने बताया कि इस सकारात्मक मुलाकात में उनके साथ सुरेश चंद्रा, विजयलक्ष्मी, ज्योति दहिया भी मौजूद रहीं।

इसी कड़ी में 30 सिंतबर को आयोजित होने वाले कार्यक्रम की रूप रेखा को लेकर चर्चा हुई। जिसमें प्रदेश प्रभारी बिप्लबदेव ने सीबीएससी विद्यालय द्वारा इस चंद्रयान को लेकर बनाए समूहगान की सराहना की।

# महिला प्रचंड शक्ति एसोसिएशन ने फ्लड वॉरियर को अवार्ड भेंट किए

**फरीदाबाद।** महिला प्रचंड शक्ति एसोसिएशन द्वारा श्रम विहार में कार्यालय का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर महिला प्रचंड शक्ति एसोसिएशन द्वारा फ्लड वॉरियर अवार्ड कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बीते दिनों यमुना नदी में आई बाढ़ से प्रभावित दिल्ली-फरीदाबाद क्षेत्र में जिन-जिन लोगों ने बाढ़ पीड़ितों की मदद की थी, उन सभी संगठनों को और लोगों को महिला प्रचंड शक्ति एसोसिएशन द्वारा फ्लड वॉरियर अवार्ड से नवाजा गया। जिसमें थाना प्रभारी राजेश शर्मा के साथ लगभग 15 पुलिसकर्मियों को बाढ़ राहत कार्य के लिए सर्टिफिकेट और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। साथ ही एनडीआरएफ के इंस्पेक्टर विक्की के साथ पांच अन्य एनडीआरएफ के जवानों को फ्लड वॉरियर अवार्ड सर्टिफिकेट और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा क्षेत्र में काम कर रही एनजीओ के पदाधिकारी थे।




## पायनियर पाठकों के लिए

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक 9818848494
- मदनलाल, अंबेडकर चौक बल्लभगढ़ 9811477204
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट मोबाइल नंबर- 9255029919
- त्रिलोक,फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक
- हितेश सेक्टर 29, 9910533103




कभी लगता है अपने रात-दिन रोने से क्या होगा
कभी लगता है दिल में दर्द ये ढोने से क्या होगा
युवाशक्ति को कोई काम मिलता तो भला होता
युवाओं के दिलों में नफरतें बोने से क्या होगा

# अनाज मंडियों में सभी व्यवस्थाओं का समुचित प्रबंध करें : आनंद शर्मा

## एडीसी ने की खरीफ फसलों की सरकारी खरीद की समीक्षा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**एडीसी** आनंद शर्मा की अध्यक्षता में जिला मे खरीफ फसलों में बाजरा और धान खरीद को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। एडीसी ने समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार अनाज मंडियों में सभी व्यवस्थाओं का समुचित प्रबंध करना सुनिश्चित करें।

उन्होंने अनाज मंडियों में सफाई, निकासी, लाइट व पीने के पानी की व्यवस्थाओं के बारे में अधिकारियों को निर्देश दिए। एडीसी ने कहा कि धान की ढेरियां की जांच और खरीद कार्य संबंधी खरीद एजेंसियों व मार्केट कमेटी के अधिकारियों से जानकारी हासिल करें। एडीसी ने बताया कि मंडियों में खरीद एजेंसी वेयरहाउसिंग कारपोरेशन, फूड एंड सप्लाई व हैफेड कार्य करेंगी।


**मंडियों में ये प्रबंध सुनिश्चित करें :** उन्होंने बैठक में अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि मंडी में पीने के पानी, स्वच्छता, तिरपाल, बारदाना, नमी मापक यंत्र, पंखों आदि का उचित इंतजाम होना चाहिए। आढ़ती एसोसिएशन के प्रतिनिधियों व किसानों से भी बातचीत भी करें। फसल खरीद के दौरान मंडियों में हो समुचित व्यवस्था संबंधित अधिकारी सुनिश्चित करें कि मंडियों में बिजली, पानी और सफाई आदि सभी व्यवस्थाएं सही हों। ताकि फसल खरीद में किसान को किसी प्रकार की दिक्कत न आए।



फसल खरीद कार्य को लेकर निर्देश दिए हैं कि खरीद की निर्धारित अवधि के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या नहीं आनी चाहिए। मंडी में आने वाले किसानों के लिए पेयजल आदि की अच्छी व्यवस्था हो। किसानों को किसी भी परेशानी का सामना न करना पड़े। संबंधित एजेंसियां खरीद के साथ साथ ही समय पर उठान भी सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि मंडियों में तिरपाल और इंटरनेट आदि की सही व्यवस्था हो और टोकन जारी करने में भी किसी प्रकार की परेशानी ना आए। दूसरे राज्यों से बाजरे की आवक को रोकने के लिए नाके लगाना आदि जरूरी कदम उठाए जाएं। इसके साथ ही यह भी देखा जाए कि हमारे जिला में बाजार की आवक कितनी हो रही है। जिला में औसतन उत्पादन से अत्यधिक आवक नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का लक्ष्य है कि हरियाणा के किसान को किसी प्रकार से नुकसान न हो, इसी के चलते भावांतर भरपाई योजना शुरु की है।

**सरकार के इन नियमों की जरूर करें पालना :** एडीसी ने खरीद एजेंसियों व मार्किट कमेटी के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे फसल खरीद में किसी प्रकार की कोताही न बरतें।

## गुमशुदा की तलाश



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि गुमशुदा देविन्द्र कुमार पुत्र मुकेश कुमार निवासी गांव अनखीर, फरीदाबाद दिनांक 05.02.2023 को घर से बिना बताये कहीं पर चला गया है, जो अभी तक वापिस नहीं आया है, जिसका हुलिया रंग सांवला, गोल चेहरा, हृष्ट-पुष्ट शरीर कद 5 फुट 10 इंच बा उम्र 25 साल है, मुकदमा नम्बर 733 दिनांक 07.09.2023 धारा 346 आई.पी.सी. अगर किसी व्यक्ति को गुमशुदा लड़के के बारे में सूचना मिले तो निम्नलिखित नम्बरों पर सम्पर्क करें।

**पी.पी. अनखीर थाना सूरजकुण्ड, फरीदाबाद : 8376969347**

## गुमशुदा की तलाश



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि गुमशुदा आसिफ पुत्र साबुदीन निवासी गांव बड़खल, फरीदाबाद दिनांक 05.09.2023 को घर से बिना बताये कहीं पर चला गया है, जो अभी तक वापिस नहीं आया है, जिसका हुलिया रंग गेहुंआ, लम्बूतरा चेहरा, हृष्ट-पुष्ट शरीर कद 5 फुट 5 इंच बा उम्र 20 साल है, मुकदमा नम्बर 764 दिनांक 15.09.2023 धारा 346 आई.पी.सी. अगर किसी व्यक्ति को गुमशुदा लड़के के बारे में सूचना मिले तो निम्नलिखित नम्बरों पर सम्पर्क करें।

**पी.पी. अनखीर थाना फरीदाबाद : 9467612892**

# सरकारी स्कूलों में प्राइमरी से ही तैयार किए जाएंगे खिलाड़ी

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**राजकीय** स्कूलों में अब तीसरी कक्षा से ही खिलाड़ियों को तैयार किया जाएगा। इसकी जिम्मेदारी स्कूलों में तैनात फिजिकल ट्रेनिंग इंस्ट्रक्टर (पीटीआई) और डेमोस्ट्रेटर ऑफ फिजिकल एजुकेशन (डीपीई) के शिक्षक को सौंपी गई है।

प्रत्येक स्कूल में जिले के दो लोकप्रिय खेलों के हिसाब से न्यूनतम दो-दो टीमें तैयार की जाएंगी। जिन्हें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के प्रतियोगिता के लिए तैयार किया जाएगा। अगर किसी स्कूल में पीटीआई और डीपीई तैनात नहीं है, तो नजदीक के स्कूल में तैनात शिक्षक जाकर टीम बनाएंगे और उन्हें प्रशिक्षित करेंगे।

## स्कूल के शारीरिक शिक्षकों की होगी खिलाड़ियों की टीम तैयार करने की जिम्मेदारी

वहीं, स्कूली खेलों में खेल की और संभावनाएं तलाशने के लिए विशेषज्ञों की एक समिति गठित किया जा सकता है। शिक्षा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव ने जिला शिक्षा अधिकारियों, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारियों और सहायक शिक्षा अधिकारियों (खेल) के साथ नए प्रारूप पर मंथन करते हुए विभिन्न सुझावों पर काम करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्कूलों में खेल सुविधाएं और प्रतिभाओं को तराशने के साथ ही खिलाड़ियों के चयन में भाई-भतीजावाद को खत्म करने को कहा है। खेल प्रतिभाओं की तलाश के लिए प्राथमिक स्कूलों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। प्रत्येक पीटीआई को आसपास के तीन-चार प्राथमिक विद्यालयों की जिम्मेदारी दिया जाएगा। वहीं, खेल विभाग में कार्यरत प्रशिक्षकों को नियमित रूप से उन स्कूलों का दौरा करना होगा, जहां उनके खेल से जुड़ी टीम को तैयार किया जा सकें। वहीं, लड़कियों को खेल के प्रति रुचि बढ़ाने के लिए प्रयास किया जाएगा।



> **जिले** के प्रत्येक राजकीय स्कूलों में टीम बनाने की जिम्मेदारी पीटीआई को सौंपी जाएंगी। इसके साथ ही उन्हें खंड, जिला और राज्य स्तरीय प्रतियोगिताएं आयोजित कराना होगा। उनमें से बेहतरीन खिलाड़ी का चयन कर प्रशिक्षित किया जाएगा।
>
> **-हरवीर अधाना, जिला शिक्षा खेल अधिकारी**

**शारीरिक शिक्षा अध्यापकों का बनाया जाएगा समूह :** 300 से अधिक विद्यार्थियों वाले स्कूलों में एक या दो खेलों की टीम तैयार करनी होगा। इसके लिए शारीरिक शिक्षा अध्यापकों का एक समूह तैयार किया जाएगा, जो दूसरे स्कूलों में भी जाकर खिलाड़ियों का मदद करेंगे। वहीं, स्कूलों में संचालित खेल नर्सरियों की भी जवाबदेही तय की जाएगी। जिससे खिलाड़ियों का प्रदर्शन सुधारा जा सके। बच्चों में खेलों के प्रति रुचि पैदा करने के लिए ब्लॉक और जिला स्तर पर प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएंगी।

# मीरपुर कोराली व पिंगोड के जल्द शुरू होगी रोडवेज बस सुविधा : गुर्जर

## अधिकारियों को लगाई फटकार, लाइन बिछाने में तोड़े मार्गों को ठेकेदार दुरुस्त करें तभी होगी पेमेंट

पायनियर समाचार सेवा। पलवल



**सरकार** आमजन मानस की सुविधा को ध्यान में रखकर कार्य कर रही है। लोगों का आवागमन सुगम व सुविधाजनक हो इसी आश्य की पूर्ति के लिए सरकार रास्तों को चौड़ा कर, मरम्मत कर उनका सौंदर्यीकरण करने में जुटी है। इसके अलावा गरीब को उसका हक मिले, इसके लिए परिवार पहचान पत्र जैसी परियोजना की शुरूआत की गई, इसकी सहायता से आज जिन परिवारों की वार्षिक आय एक लाख 80 हजार रुपए से कम है, उनका स्वत: ही बीपीएल कार्ड बनाकर मुफ्त राशन वितरित करने का कार्य किया जा रहा है। इसके साथ-साथ पांच लाख रुपये तक का परिवार का वार्षिक स्वास्थ्य बीमा भी निशुल्क बनवाए जा रहा है। केंद्रीय ऊर्जा एवं भारी उद्योग राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर सोमवार को गांव दीघोट, पिंगोड, मीरपुर कोराली, भैंडाली व सहनोली में अपने जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान बोल रहे थे। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि उनकी समस्त परेशानियों को दूर किया जाएगा। श्री गुर्जर ने गांव भैंडोली में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए सांसद कोष से 10 लाख रुपये देने की घोषणा भी की। गांव भैंडोली के जोहड़ को अमृत सरोवर योजना से जोड़कर उसका सौंदर्यीकरण करवाने के लिए बीडीपीओ को निर्देशित किया गया। केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि लोगों की समस्याओं को सुनने तथा उन सभी समस्याओं से निजात दिलाने के उद्देश्य से इन जनसंवाद कार्यक्रमों की शुरूआत की गई है। मुख्यमंत्री हरियाणा भी प्रदेश की विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में लोगों से सीधा संवाद करके समस्याओं को दूर कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि गांव दीघोट तथा मीरपुर कोराली को आगामी दो माह के अंदर-अंदर म्हारा गांव-जगमग गांव योजना में शामिल करके 24 घंटे बिजली उपलब्ध करवाने की दिशा में कार्य किया जाएगा। इसके अतिरिक्त उन्होंने ग्रामीणों की रोडवेज बस की मांग पर संज्ञान लेते हुए जीएम रोडवेज नवनीत को गांव मीरपुर कोराली को रोडवेज बस के रूट में शामिल कर बस सुविधा उपलब्ध शुरू करने के निर्देश दिए। इसके साथ-साथ गांव पिंगोड से भी रोडवेज बस की सेवा शुरू करने के निर्देश दिए गए।


# गन प्वाइंट पर व्यापारी से नकदी, मोबाइल व चेन लूटी

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**बाइकर्स** ने व्यापारी की स्कूटी का रास्ता रोककर हथियार के बल पर उससे नकदी, मोबाइल व गले से सोने की चेन लूट ली और मारपीट कर फरार हो गए। होडल थाना पुलिस ने पीड़ित व्यापारी की शिकायत पर अज्ञात बाइकर्स के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

होडल थाना प्रभारी देवेंद्र सिंह के अनुसार, होडल निवासी विकास बिंदल ने दी शिकायत में कहा है कि वह अपने घर से अपनी बिंदल राइस मिल पर स्कूटी से जा रहा था। लेकिन जब उसकी स्कूटी धान मिल के नजदीक पहुंची, तभी एक बाइक पर तीन युवक सवार होकर आए और बाइक को उसकी स्कूटी के आगे लगा दिया। आरोप है कि एक आरोपी ने बाइक से उतरकर तमंचा उसकी कनपटी पर लगा दिया।

उससे नकदी, मोबाइल व गले में पहनी सोने की चेन को लूट लिया। जिनकी कीमत करीब एक लाख 30 हजार रुपए बताई गई है। इतना ही नहीं आरोपी उसकी स्कूटी की चाबी



भी साथ ले गए और उसे इस संबंध में पुलिस में शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देकर गए हैं।

पीड़ित ने उनके जाने के बाद 112 पर फोन किया तो पुलिस मौके पर पहुंच गई, लेकिन तब तक लुटेरे फरार हो चुके थे। पीड़ित ने पुलिस को दी शिकायत में अपनी सुरक्षा की गुहार लगाई है, क्योंकि इस प्रकार के लोग उन पर दोबारा भी हमला कर सकते हैं। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात बाइकर्स लुटेरों के खिलाफ केस दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

# समाज की मांग लेकर लोकसभा अध्यक्ष से मिले योगी तेजपाल सिंह

**फरीदाबाद।** अखिल भारतीय योगी नाथ उपाध्याय समाज सेवा संगठन का प्रतिनिधिमंडल संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगी तेजपाल सिंह के नेतृत्व में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मिला। योगी ने ओम बिरला के समक्ष अपने समाज को राजनैतिक भागीदारी दिए जाने की मांग रखी। उन्होंने कहा कि हमारा समाज निरंतर उपेक्षा के कारण राजनैतिक रूप से हाशिये पर धकेल दिया गया लेकिन वह अपनी हिस्सेदारी के लिए स्वाभाविक रूप से भाजपा की ओर निहार रहा है। योगी तेजपाल सिंह एवं प्रतिनिधियों ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पटका पहनाकर एवं बुक्के देकर सम्मानित किया।

इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष योगी तेजपाल सिंह ने लोकसभा अध्यक्ष को संगठन द्वारा किए जा रहे कार्यों को बारे में बताया कि उनका यह संगठन पिछले कई वर्षों से समाज हित में कार्य कर रहा है। जिसमें वह बेटियों को उच्च शिक्षा प्राप्त करवाने में सहायता प्रदान करते हैं। तेजपाल ने बताया कि उनका यह संगठन सनातन धर्म के प्रति लोगों को जागरूक करने का काम करता है। योगी तेजपाल सिंह ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को मांगपत्र सौंपते हुए कहा कि योगी, जोगी, नाथ समाज के लोग हमेशा से ही भाजपा के स्वाभाविक समर्थक रहे हैं। हमारे संगठन की ओर से भाजपा के साथ मिलकर कई बड़े कार्यक्रम भी किए गए हैं। लेकिन उनके समाज के लोगों को राजनीति में कोई बड़ी जिम्मेदारी कभी नहीं दी गई है। उन्होंने कहा कि समय की मांग है कि विभिन्न प्रदेशों में आगामी विधानसभा चुनावों में हमारे समाज को राजनीति में उचित भागीदारी दी जानी चाहिए। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने योगी तेजपाल सिंह का मांग पत्र लेते हुए आश्वाासन दिया कि अखिल भारतीय योगी नाथ उपाध्याय समाज सेवा संगठन की सभी मांगों को वह भाजपा में शीर्ष नेतृत्व के सामने रखेंगे। इस अवसर पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रामेश्वर उपाध्याय, विरेंद्र सिंह बडगुज्जर एडवोकेट, पश्चिमी प्रदेश अध्यक्ष चमन सिंह उपाध्याय, प्रदेश प्रभारी नकुल उपाध्याय, विपिन कुमार एलआईसी मेरठ, जिला मुजफ्फरनगर महामंत्री तेजपाल सिंह उपाध्याय आदि मौजूद रहे।

# सीनियर सिटीजन ने निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाया

**फरीदाबाद।** सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत एनआईटी दो बीजेपी जिला कोषाध्यक्ष राजन मुथरेजा द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। अमृता हॉस्पिटल की टीम द्वारा लोगों को फ्री जांच सेवा दी गई। जिसमें बडखल विधानसभा से काफी संख्या में लोगों ने भाग लेकर अपने स्वास्थ्य की जांच कराई। कैंप में ऑर्थोपेडिक, पैड न्यूरॉलजी, बीपी, कार्डियोलॉजी, एनसीवी ईसीजी, शुगर सहित कई बीमारियों को लेकर 250 से ज्यादा खासकर सीनियर सिटीजन ने निशुल्क हेल्थ चेकअप कैंप का लाभ उठाया। इस मौके पर बीजेपी जिला कोषाध्यक्ष राजन मुथरेजा ने कहा कि आज बड़े ही सौभाग्य की बात है कि मुफ्त शारीरिक जांच शिविर का आयोजन किया गया। सरकार के कई लाभकारी योजनाओं का लाभ जरूरतमंद तक पहुंचाने के लिए टीम बैठाई गई है। जो की अंतिम छोर के व्यक्ति को उसका हक मिले इसके लिए कार्य कर रही है कोई भी आकार रोजगार के लिए लोन अप्लाई कर सकता है।

# चुनाव नजदीक आते ही कटी पेंशन बहाल करने का कार्य शुरू

पदम सिंह घुघेरा। पलवल

**चुनाव** के नजदीक आते ही जिला समाज कल्याण विभाग पलवल द्वारा लोगों को फोन पर बुलावा देकर पेंशन बनाई जा रही है। हर रोज करीब 100 लोग अपनी पेंशन बनवाने के लिए जिला कल्याण विभाग पलवल के कार्यालय पहुंच रहे हैं। लोगो का कहना है कि एक-दो साल पहले विभाग ने बहानाबना कर लोगों की पेंशन काटी गई थी। परंतु अब उनको फोन पर पेंशन बनाने के लिए बुलाया जा रहा है। सरकार की तरफ से सभी कर्मचारी व अधिकारियों को सभी की पेंशन बनाने के आदेश दिए गए हैं।

लोगों से कहा जा रहा है कि अपने कागजात लाकर जल्द से जल्द चालू करवा लो। कार्यालय पेंशन बनवाने के लिए आए लोगों से आधार कार्ड व जन्म प्रमाण पत्र की कॉपी लेते है। उनको कह दिया जाता है कि तुम्हारी पेंशन बन गई है, दो महीने बाद पेंशन की राशि आपके खाते में आने लगेगी। लोगों का कहना है कि इस समय पर लोगों से कोई भी ज्यादा प्रश्न नहीं किए जा रहे है। वहीं खिड़की पर बैठे लोग तुरंत ही सभी कागजी कार्रवाई करके पेंशन बना देते हैं। पेंशन कार्यालय में आए लोगों का कहना है कि इस समय वे विभाग के कर्मचारियों के लोगों के नरम रवैये से हैरान हैं कि वे बिना देरी किए कैसे उनकी लाडली, दिव्यांग, बुजुर्ग व विधवा आदि की पेंशन बांध रहे हैं। विभाग के कार्यालय में ही तुरंत पेंशन बनवाने वाले लोगों के फोटो व दूसरी कार्रवाई तेज गति से हो रही है। पेंशन बंधवाने वाले लोगों को अब बाहर से जन्म प्रमाणपत्र व आधार कार्ड, पहचान पत्र आदि की काफी नहीं लानी होती है। कर्मचारी अपने फोन से ही सभी का फोटो कर रहे हैं।

पेंशन सैल में कार्यरत आर सौरोत का कहना है कि जिनकी किसी कारण से पेंशन कट गई थी, उनको दोबारा से फोन पर बुलाकर चालू किया जा रहा है। इस दौरान पेंशनधारियों के आधार कार्ड व जन्म प्रमाणपत्र आदि भी लिए जा रहे हैं। उसके बाद उनकी पेंशन बहाल की जा रही है। वहीं नई पेंशन भी बांधी जा रही है।



> **ग्रामीण** व शहरी क्षेत्र में फोन करके लोगों को अपनी नई पेंशन बनवाने व कटी को बहाल करवाने के लिए बुलाया जा रहा है। इस दौरान समाज कल्याण के अधिकारी लोगों से उनका आधार व जन्म प्रमाण पत्र लेने के बाद तुरंत ही पेंशन बना रहे हैं।
>
> **-सविता देवी**



> **पेंशन** बनवाने के लिए लोगों को घर से फोन करके बुलाया जा रहा है। कार्यालय में तुरंत ही पेंशन बनाई जा रही है।
>
> **-पार्वती देवी**

# एमवीएन यूनिवर्सिटी पलवल के कृषि छात्रों ने धानुका एग्रीटेक का दौरा किया

पायनियर समाचार सेवा। पलवल



**एमवीएन** विश्वविद्यालय के कृषि प्रोफेसरों और स्टाफ सदस्यों के साथ बीएससी कृषि के 50 विद्यार्थियों ने धानुका एग्रीटेक, पलवल का दौरा किया। यह कार्यक्रम डॉ. जितेंद्र तोमर, निदेशक धानुका अनुसंधान एवं विकास की देखरेख में आयोजित किया गया था। डॉ. मनोज उपाध्याय वैज्ञानिक धानुका एग्रीटेक ने कृषि क्षेत्र में अनुसंधान और विकास पर जोर दिया।

उन्होंने बताया धानुका के पास संभवत: सबसे बड़ी अनुसंधान एवं विकास टीम में से एक है, जिसका नेतृत्व कृषि वैज्ञानिकों द्वारा किया जाता है। जिनके पास भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर), राज्य कृषि विश्वविद्यालयों (एसएयू) में काम करने का व्यापक अनुभव है। इस कार्यक्रम में डॉ. भगत सिंह सहरावत पूर्व डीजी हरियाणा सरकार के बागवानी विभाग और सलाहकार धानुका ने भारत में कृषि विविधता पर व्याख्यान दिया। डॉ. अनिल सहरावत आयुक्त गन्ना, डॉ. अब्दुल रज्जाक जिला उद्यान अधिकारी एवं विजेंद्र सिंह दलाल प्रधान प्रगतिशील किसान क्लब आदि ने भारतीय कृषि पर व्याख्यान दिये। डॉ. धर्मवीर पाठक, प्रोफेसर कृषि एमवीएन विश्वविद्यालय में जैविक खेती एवं भूमि तैयारी पर व्याख्यान दिया गया। एमवीएन विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने कृषि से संबंधित विभिन्न विषयों पर व्याख्यान दिये। एमवीएन विश्वविद्यालय के सात छात्र धानुका एग्रीटेक में प्रशिक्षु के रूप में काम कर रहे हैं। इस कार्यक्रम में स्थानीय किसान भी मौजूद थे। इस अवसर पर प्रमाण पत्र वितरण का आयोजन किया गया। एमवीएन यूनिवर्सिटी के कुलपति. प्रो. (डॉ.) अरुण गर्ग, उपकुलपति प्रो. (डॉ.). एनपी सिंह और रजिस्ट्रार डॉ. राजीव रतन ने इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के आयोजन के लिए बधाई दी। अंत में डीन स्कूल ऑफ एग्रीकल्चर प्रो. (डॉ.) मयंक चतुर्वेदी ने इस कार्यक्रम का आयोजन के लिए धानुका एग्रीटेक को धन्यवाद किया। डॉ. डीवी पाठक, डॉ. राम सनेही, डॉ. मानवेंद्र, डॉ. हरेंद्र डागर, डॉ. सुभाष, बिहारी सिंह इस कार्यक्रम में उपस्थित थे। एमवीएन ग्रुप के चांसलर वरुण शर्मा, संतोष शर्मा व एमडी कांता शर्मा ने इस कार्यक्रम की प्रशंशा की और बताया कि इस प्रकार का कार्यक्रम छात्रों, शोधकर्ताओं और किसानों के लिए फायदेमंद है।

# केसीएम वर्ल्ड स्कूल में शिक्षकों के लिए सेमिनार का आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। पलवल



**टीकरी** ब्राह्मण स्थित केसीएम वर्ल्ड स्कूल में शिक्षकों के लिए अंडरस्टेडिंग इमोशनल नीड्स ऑफ चिल्ड्रन विषय पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसकी गेस्ट स्पीकर पीयर्सन पब्लिकेशन की ओर से मीनू भार्गव थीं। जिन्होंने अभी तक 15000 से अधिक शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया है।

प्रधानाचार्या पारुल भारद्वाज ने नन्हा पौधा प्रदान कर उनका स्वागत किया। साथ ही शिक्षिका प्रियंका ने उनकी उपलब्धियों से सभी को परिचित कराया। छात्रों के मनोभावों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए मीनू ने मुख्य रूप से छात्रों के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने की सलाह दी। इसके लिए उन्होंने कई सफलता प्राप्त लोगों के उदाहरण के माध्यम से छात्रों को प्रोत्साहित करने के बारे में चर्चा की तथा कुछ वीडियो क्लिप्स द्वारा बच्चों के व्यवहार में बदलाव लाने की भी जानकारी दी गई।

उन्होंने बताया कि एक शिक्षक छात्रों की भावनाओं को समझते हुए अपनी शिक्षण पद्धति में बदलाव करके एक शानदार परिणाम ला सकता है। इसलिए छात्रों से बातचीत करके उनके मनोभावों व उनमें छिपी हुई प्रतिभा को सामने लाया जाए। उन्होंने यह भी बताया कि बच्चों के लिए क्रियात्मक गतिविधि, प्रयोगात्मक शैली व सरल अधिगम प्रक्रिया को अपनाया जाए, ताकि वे शिक्षा को बोझ न समझकर उसे खेल-खेल में सीखें। उन्होंने कहा कि बदलते वक्त की जरूरत है कि हम बच्चों को शिकायत करने की जगह शुक्रिया अदा करना सिखाएं। इसके साथ-साथ उन्होंने शिक्षकों को भी स्वयं को अपडेट करने की सलाह दी, जिससे वह आज की शिक्षण विधि से छात्रों को नवीनतम जानकारी उपलब्ध करा सकें। प्रधानाचार्या ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन से शिक्षकों का आत्मोत्कर्ष होता है, जिससे वह नई ऊर्जा के साथ विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए उनका मार्गदर्शन कर पाते हैं, जिससे विद्यार्थियों को लाभ मिलता है।

# संक्षिप्त समाचार

## सरस्वती महिला कॉलेज में छात्राओं को बताई गणित की उपयोगिता



**पलवल।** सरस्वती महिला कॉलेज में एक्सटेंशन व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसका विषय दा वर्ल्ड ऑफ मैथ करियर रहा। इस अवसर पर दिल्ली विश्वविद्यालय के सत्यवती कॉलेज के प्रोफयर डॉ. तरुण गर्ग को आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रिंसिपल डॉ. वंदना त्यागी, डॉ. तरुण कुमार गर्ग, एवं गणित विभागाध्यक्ष मिथलेश गुप्ता ने प्लांटर देकर डॉ. तरुण कुमार गर्ग का स्वागत किया। मुख्य अतिथि डॉ. तरुण कुमार गर्ग पीपीटी के माध्यम से बच्चों को गणित विषय की उपयोगिता बताते हुए भिन्न-भिन्न प्रकार के करियर ऑप्शन जिनमें मार्केट रिसर्चर, फाइनेंशियल प्लानर, गणित टीचर, इंश्योरेंस अंडरराइटर, परचेजिंग मैनेजर, डाटा साइंटिस्ट, इकॉनोमिस्ट के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि छात्राओं को जीवन में सबसे पहले लक्ष्य निर्धारित करने चाहिएं। लक्ष्य निर्धारित करने के बाद खुद को पहचान कर, खुद के प्रति इमानदार रहकर, कड़ी मेहनत के साथ लक्ष्य के प्रति प्रयत्नरत रहने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर गणित विभागाध्यक्ष मिथलेश गुप्ता ने छात्राओं को बैंकिंग सेक्टर, इंश्योरेंस कंपनी व सभी प्रतियोगी परीक्षाओं में गणित विषय की जरूरत है, बताते हुए कड़ी मेहनत करके जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। मंच संचालन अमृता अग्रवाल सहायक प्रोफेसर गणित द्वारा किया गया। इस अवसर पर राजनीति विज्ञान की विभागाध्यक्ष रानी सांगवान उपस्थित रहीं। इस कार्यक्रम का सफल आयोजन गणित विभाग की प्राध्यापिकाएं अमृता रावत, सीमा कुमारी, बिजेंद्री, मेहा, प्रियंका भारद्वाज व सोनिया द्वारा किया गया।

## विवाहिता से घर में घुसकर दुष्कर्म किया, केस दर्ज

**पलवल।** घर में बच्चों के साथ सो रही एक विवाहिता के साथ दुष्कर्म करने व विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देने का मामला प्रकाश में आया है। हथीन थाना पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। हथीन थाना प्रभारी मुकेश कुमार के अनुसार, हथीन थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी विवाहिता ने दी शिकायत में कहा है कि उसका पति ड्राइवर की नौकरी करता है और ज्यादातर घर से बाहर रहता है। पीड़िता का आरोप है कि वह अपने बच्चों के साथ घर में सोई हुई थी। उसी दौरान रात के करीब 12 से एक बजे के बीच उनका गेट बजा तो उसकी नींद खुल गई। उसने देखा कि दरवाजे पर जलालुद्दीन खड़ा हुआ है। वह उसके कमरे में घुस आया तो उसने शोर मचाने का प्रयास किया, लेकिन आरोपी ने उसका मुंह दबा दिया। जिसके बाद उसके कपड़े फाड़कर उसके साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता ने जैसे-तैसे आरोपी से मुंह छुड़ाकर शोर मचाया तो उसके भतीजे वहां आ गए। पीड़िता व उसके भतीजों ने आरोपी जलालुद्दीन को पकड़ने का प्रयास किया। इस दौरान आरोपी उसे इस बारे में पुलिस में शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। उसके भतीजे ने रात में ही पुलिस को 112 नंबर पर फोन कर बुला लिया। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी जलालुद्दीन के खिलाफ दुष्कर्म सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

## मानव रचना स्कूल में दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन

**फरीदाबाद।** मानव रचना इंटरनेशनल स्कूल, सेक्टर-21 सी में दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। विद्यालय के आसपास के वरिष्ठ नागरिकों एवं विद्यार्थियों के दादा-दादी एवं नाना-नानी को उनके दांतों की निःशुल्क जांच के लिए आमंत्रित किया गया। यह जांच मानव रचना डेंटल कॉलेज के योग्य दंत चिकित्सकों द्वारा की गई। आधुनिक उपकरणों से सुसज्जित एक मोबाइल डेंटल क्लिनिक में काबिल डाक्टरों की टीम ने वरिष्ठ नागरिकों के दांतों की जांच कर, दांतों की सुरक्षा संबंधी सुझाव भी दिए। इस अवसर पर सभी ने मानव रचना इंटरनेशनल स्कूलए सेक्टर-21 सी द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती सीमा अनीस को धन्यवाद दिया। प्रधानाचार्या श्रीमती सीमा ने सभी अतिथियों का धन्यवाद कर उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया।

## अज्ञात वाहन ने सड़क क्रॉस करते मजदूर को कुचला



**पलवल।** नेशनल हाईवे-19 को पैदल क्रॉस करते समय मजदूर को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई। दुर्घटना के बाद आरोपी वाहन समेत वहां से फरार हो गया। गदपुरी थाना पुलिस ने मृतक के बड़े भाई की शिकायत पर केस दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के बाद उसके परिजनों को सौंप दिया। गदपुरी थाना प्रभारी राजबीर के अनुसार, जिला झांसी यूपी के भदरवाडा गांव निवासी उदयभान ने दी शिकायत में कहा है कि उसका छोटा भाई 32 वर्षीय विजय पलवल में बेलदारी का काम करता था। विजय पंचवटी कॉलोनी पलवल में अपने रिश्तेदार के यहां रहता था, जो रोजाना की तरह मजदूरी पर काम करने के लिए आगरा चौक से बेलदारी के काम पर बघौला गांव गया था। जब उसका भाई विजय पूजा फोर्जिंग कंपनी के सामने नेशनल हाईवे को पैदल क्रॉस कर रहा था, उसी दौरान पलवल की तरफ से आए किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिसके बाद उसके साथ के लेबर वाले उसे एंबुलेंस का इंतजाम कर जिला नागरिक अस्पताल पलवल ले आए। मगर, ज्यादा चोटों के कारण विजय को चिकित्सकों ने दिल्ली सफदरजंग अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। सफदरजंग अस्पताल में दुर्घटना में लगी चोटों के कारण विजय की मौत हो गई।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाई पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती

**फरीदाबाद।** एकात्म मानववाद और अन्त्योदय के प्रणेता, जनसंघ के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयन्ती पर भाजपा जिला कार्यालय में उनके चित्र पर पुष्पांजलि कर अपनी भावांजलि अर्पित की। केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर, हरियाणा सरकार में कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा, विधायक सीमा त्रिखा, राजेश नागर, नरेन्द्र गुप्ता, मुख्यमंत्री के पूर्व राजनैतिक सचिव अजय गौड़, पूर्व प्रदेश महामंत्री संदीप जोशी, अनुशासन समिति की प्रदेश अध्यक्ष नीरा तोमर, वरिष्ठ उप महापौर देवेन्द्र चौधरी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, भाजपा सोहनपाल सिंह और भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने फरीदाबाद के अलग-अलग मंडलों में आयोजित कार्यक्रमों में भाग लिया और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन दर्शन और उनके विचारों को कार्यकर्ताओं के सामने रख। भाजपा जिला फरीदाबाद के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने फरीदाबाद के 1069 बूथों पर कार्यक्रम आयोजित कर श्रद्धेय पंडित दीनदयाल उपाध्याय को स्मरण करते हुए माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किये । जिलाध्यक्ष गोपाल शर्मा ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों और उनके जीवन दर्शन को कार्यकर्ताओं के सामने रखते हुए कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जन्म 25 सितंबर 1916 को मथुरा जिले के नंगला चंद्रभान गांव (फरह) में हुआ था। उन्होंने प्रशासनिक परीक्षा दी, उत्तीर्ण भी हुये किन्तु अंग्रेज सरकार की नौकरी नहीं की। 1937 में छात्र जीवन के दौरान पंडित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सम्पर्क में आये और संघ के जीवनव्रती प्रचारक बन गये। श्यामा प्रसाद मुखर्जी के साथ मिलकर जनसंघ की स्थापना की। पण्डित दीनदयाल उपाध्याय महान चिंतक थे। उन्होंने भारत की सनातन विचारधारा को युगानुकूल रूप में प्रस्तुत करते हुए देश को एकात्म मानव दर्शन और अन्त्योदय जैसी प्रगतिशील विचारधारा दी। एक लेखक के रूप में अखंड भारत क्यों हैं, ष्राष्ट्र जीवन की समस्याएं, राष्ट्र चिंतन और राष्ट्र जीवन की दिशा आदि साहित्यिक कृतियां लिखी। समाज सेवा और राष्ट्र निर्माण के लिए उन्होंने अपना जीवन समर्पित कर दिया। देश के प्रधानमंत्री मोदी उनकी विचारधारा पर चल देश के गरीबों, पिछड़ों, शोषितों, मजदूर और किसान के हित में लगातार कार्यरत हैं और देश के हर व्यक्ति को सशक्त करने का कार्य कर रहे हैं।

# सुशांत लोक में लगे 6 बिजली ट्रांसफार्मर, जल्द ही 11 और लगेंगे: सुधीर सिंगला

## विधायक सुधीर सिंगला ने सुशांत लोक इलाके में बिजली के ट्रांसफार्मर का किया शुभारंभ

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**गुरुग्राम** के विधायक सुधीर सिंगला ने सुशांत लोक क्षेत्र में बिजली के ट्रांसफार्मर का शुभारंभ किया। इन ट्रांसफार्मर से क्षेत्र में बिजली की समस्या में सुधार होगा। इस कार्य के लिए क्षेत्र के लोगों ने विधायक सुधीर सिंगला का आभार जताया।

इस अवसर पर विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि सुशांत लोक क्षेत्र में अब तक बिजली के 6 ट्रांसफार्मर लगा दिए गए हैं। जल्द ही 11 ट्रांसफार्मर और लग जाएंगे। इसके बाद क्षेत्र से बिजली की समस्या खत्म होगी। ये ट्रांसफार्मर लग जाने के बाद बिजली की ओवरलोडिंग कम होगी। बिजली सुचारू रूप से आपूर्ति हो सकेगी। उन्होंने कहा कि हरियाणा में बिजली को लगे बड़े स्तर पर काम हुआ है। आज बिजली के कट नहीं लगते।


सुशांत लोक में बिजली के ट्रांसफार्मर की शुरुआत करते विधायक सुधीर सिंगला।

तकनीकी खराबी के कारण भले ही बिजली कुछ समय के लिए बंद की जाए, लेकिन अब प्रदेश में बिजली की कोई कमी नहीं है। विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि बिजली की सप्लाई को बेहतर बनाने के लिए बिजली सिस्टम को काफी सुधारा गया है। गुरुग्राम में बिजली की केबल खंभों से हटाकर अंडरग्राउंड की जा रही है। जगह-जगह पर इसके जंक्शन बॉक्स लगा दिए गए हैं। यह कार्य पूरा होने के बाद यहां बिजली में कोई बाधा नहीं आएगी। उन्होंने कहा कि बिजली का सिस्टम डिजिटल रूप में बदला गया है। गुरुग्राम महानगर में बिजली पर काफी काम हुआ है। यहां बिजली के बड़े केंद्र स्थापित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि अब लगभग 24 घंटे बिजली सप्लाई की जा रही है। मौके पर मौजूद बिजली अधिकारियों से विधायक ने कहा कि बिजली में थोड़ा सा भी फाल्ट आ जाता है तो शिकायत के तुरंत बाद समाधान करने का काम करें। सरकार द्वारा जनता को हर सुविधा देने की दिशा में काम किया है। सरकार के नुमाइंदे और अधिकारी, कर्मचारी मिलकर काम करते हैं। अधिकारियों, कर्मचारियों को चाहिए कि वे जनता को किसी प्रकार की परेशानी ना आने दें। इस दौरान मण्डल अध्यक्ष अभिषेक गुलाटी, विष्णु खन्ना, वंदना जोशी, विजय गुप्ता, पीताम्बर, सुजाता गौर, अशोक डलवानी, श्राजेन्द्र सेठी, बिजली बोर्ड से जेई जयवीर व अन्य लोग मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### सुनील सैनी काई कराटे एसो. ऑफ हरियाणा के महासचिव बने



**गुरुग्राम।** काई कराटे एसोसिएशन ऑफ हरियाणा का चुनाव कराटे प्लेनेट में संपन्न हुआ, जिसमें 15 जिलों के प्रधानों व महासचिवों ने भाग लिया। यह चुनाव संगठन के प्रधान एवं कराटे एसोसिएशन ऑफ इंडिया के महासचिव रजनीश चौधरी की देखरेख में सम्पन्न हुआ। चुनाव में गुड़गांव संगठन के प्रधान सुनील सैनी को काई कराटे एसोसिएशन ऑफ हरियाणा का महासचिव, राजेंद्र तंवर को ज्वाईंट सेक्रेटरी हरियाणा और सचिन राजकुमार को रेफरी कमिशन चेयरमैन के पद से नवाजा गया है। इस अवसर पर नवनियुक्त ज्वाईंट सेक्रेटरी हरियाणा राजेंद्र तंवर और रेफरी कमिशन चेयरमैन राजकुमार ने संयुक्त रूप से बताया कि नवनियुक्त महासचिव सुनील सैनी अच्छे व्यक्तित्व के धनी है। वह कई वर्षों से इस खेल में अपनी भागीदारी निभा रहे हैं। अपनी एक अकादमी का भी नेतृत्व करते हैं। उन्होंने बताया कि सुनील सैनी की ईमानदारी, कर्तव्य परायणता और निष्ठा को देखकर ही प्रदेश महासचिव नियुक्त किया गया। भविष्य में सुनील सैनी खिलाड़ियों और कोचों की हर समस्याओं का समाधान करने के लिए प्रयासरत रहेगा। हमें विश्वास हैं कि सुनील सैनी कराटे खिलाड़ियों को उस पोजिसन तक पहुंचाएंगे, जहां तक खिलाडियों की मेहनत, संघर्ष और उनकी लग्न ले जाएगी। नवनियुक्त काई कराटे एसोसिएशन ऑफ हरियाणा का महासचिव सुनील सैनी ने बताया कि मुझे जो यह पद दिया गया है, मैं पूरी ईमानदारी और निष्ठा से कार्यों को निभाऊंगा।

### अब सात अक्टूबर को मोनू मानेसर को लाया जाएगा पटौदी



**गुरुग्राम।** पटौदी पुलिस थाना में हत्या के प्रयास के मामले में दर्ज केस में मोनू मानेसर की 25 सितम्बर को पेशी नहीं हो सकी। गुरुग्राम पुलिस ने उसे राजस्थान पुलिस से प्रोडक्शन वारंट पर मांगा था, लेकिन भरतपुर जेल से अजमेर जेल में शिफ्ट किए जाने के कारण मोनू मानेसर को लाया नहीं जा सका। राजस्थान के नासिर व जुनैद हत्याकांड में आरोपी मोनू मानेसर को नूंह एसआईटी ने मानेसर से ही गिरफ्तार किया था। उसी दिन नूंह अदालत में पेशी के दौरान राजस्थान पुलिस उसे ट्रांजिट रिमांड पर ले गई। वहां पूछताछ के बाद से भरतपुर की जेल में भेज दिया गया। इसके बाद उसे अजमेर जेल में शिफ्ट कर दिया गया। पटौदी में दर्ज हत्या के प्रयास के केस में पुलिस ने मोनू मानेसर को राजस्थान पुलिस से प्रोडक्शन वारंट पर लाने के प्रयास किए गए। जेल बदल जाने के कारण मोनू मानेसर का गुरुग्राम पुलिस को प्रोडक्शन वारंट नहीं मिल पाया। पुलिस ने एक बार फिर से मोनू मानेसर को प्रोडक्शन वारंट पर लाने के लिए अपील की है। अब सात अक्टूबर को मोनू मानेसर को पटौदी पुलिस अदालत में पेश करेगी।

### महिला सुरक्षा के प्रति जागरुकता कार्यक्रम में दी अहम जानकारियां



**गुरुग्राम।** महिला सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से गुरुग्राम पुलिस द्वारा विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान डायल 112, दुर्गा शक्ति व विभिन्न अपराधों के बारे में विस्तृत जानकारियां दी गई। गुरुग्राम के पुलिस आयुक्त विकास अरोड़ा के निर्देशन में कार्य करते हुए विरेंद्र विज उपायुक्त यातायात पुलिस की देखरेख में डायल 112 महिला सुरक्षा के लिए एक विशेष ऐप बनवाया गया। इस ऐप के माध्यम से महिलाओं को इस ऐप पर उनकी डिटेल्स जैसे नाम, मोबाइल नंबर, पता एक बार अपडेट करना होगा, जिससे महिलाओं की सुरक्षा करने में मदद की जा सकेंगे। किसी भी समय सुरक्षित स्थिति में महसूस न करने पर पुलिस के द्वारा महिलाओं की मदद जा सके। कोई भी महिला जिसने अपने मोबाइल पर पहले से ही यह डायल 112 ऐप डाउनलोड कर रखा है तो महिला मदद के लिए काल करेगी तो उस महिला को अपना नाम, मोबाइल नंबर व पता बताने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इस ऐप के जरिए पुलिस को महिला का पता, मोबाइल नंबर और लोकेशन का पता अपने आप ऐप के माध्यम से चल जाएगा। जिससे समय पर महिलाओं की मदद करना सुनिश्चित किया जा सकेगा और किसी भी अप्रिय घटना को घटित होने से रोका जा सकेगा। इस ऐप के माध्यम से अधिक से अधिक बच्चों/महिलाओं को जोड़ने व जागरूक करके लिए एक प्रोग्राम का आयोजन महिला पुलिस थाना सेक्टर-51, गुरुग्राम द्वारा सहायक पुलिस आयुक्त डा. कविता व निरीक्षक सुमन प्रबंधक महिला थाना सेक्टर-51 की देखरेख में एसजीटी यूनिवर्सिटी में तथा महिला पुलिस चौकी सोहना की पुलिस टीम ने राजकीय कन्या विद्यालय सोहना में किया गया।

### जेल में मोबाइल सिम उपलब्ध कराने वाला एक और आरोपी काबू

**गुरुग्राम।** जिला जेल भोंडसी में बंद आरोपी को मोबाईल सिम उपलब्ध कराने का एक और आरोपी पुलिस ने काबू किया है। आरोपी को रेवाड़ी से गिरफ्तार किया गया। जानकारी के अनुसार 30 अगस्त को थाना भोंडसी में एक शिकायत भोंडसी जेल उप-अधीक्षक द्वारा जिला जेल भोंडसी में तलाशी के दौरान 3 बंदियों से 1 मोबाईल फोन, चार्जर व इयरफोन बरामद होने की मिली थी। इस शिकायत पर थाना भोंडसी में संबंधित धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया। अपराध शाखा सेक्टर-31 पुलिस टीम ने इस केस में 1 आरोपी को अनाज मंडी रेवाड़ी से गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान प्रवीन उर्फ अमरू निवासी अटनोली जिला सागली, महाराष्ट्र के रूप में हुई।

शहर की बिगड़ी सफाई व्यवस्था को लेकर

# निगम के संयुक्त आयुक्त ने अधिकारियों को लगाई फटकार

## ड्यूटी पूरी न करने वाले कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई के आदेश

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**नगर** निगम गुरुग्राम क्षेत्र में सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने को लेकर नगर निगम के संयुक्त आयुक्त (स्वच्छ भारत मिशन) डॉ. नरेश कुमार ने संबंधित अधिकारियों को तलब किया और सफाई व्यवस्था को लेकर मिल रही शिकायतों के लिए जमकर फटकार लगाई है।

नगर निगम गुरुग्राम में करीब 3200 कर्मचारी निगम रोल पर हैं। नगर निगम के लगभग सभी वार्डों से शिकायत मिल रही है कि कर्मचारी ड्यूटी पर नहीं जा रहे हैं, जिसको लेकर संयुक्त आयुक्त डॉ नरेश कुमार ने ऐसे कर्मचारियों पर कार्रवाई करने के आदेश जारी किए हैं जो रोजाना अपनी पूरी ड्यूटी नहीं करते और ड्यूटी से नदारत रहते हैं। नगर निगम गुरुग्राम में सफाई कर्मचारी समय-समय पर अपनी किसी न किसी मांग को लेकर धरने पर बैठ जाते हैं। कुछ चंद कर्मचारियों के बहकावे में आकर कर्मचारी ड्यूटी छोड़कर धरने प्रदर्शन और अन्य कार्यक्रमों में शामिल होते हैं। ऐसी स्थिति में शहर में सफाई व्यवस्था खराब होती है। शहर के अलग-अलग स्थान पर गंदगी फैलने से आम लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। इन समस्याओं को देखते हुए अब नगर निगम के संयुक्त आयुक्त डॉ. नरेश कुमार ने सख्त कार्रवाई के आदेश जारी किए हैं। नगर निगम आयुक्त ने साफ कर दिया है कि जो कर्मचारी ड्यूटी पर नहीं जा रहे हैं। उनका वेतन रोकने और अगर वह काम पर वापसी नहीं करते, व्यवस्थाओं को दुरुस्त नहीं करते तो उनके खिलाफ संबंधित कार्रवाई की जाएगी।


गुरुग्राम में सफाई व्यवस्था को लेकर अधिकारियों को तलब करते संयुक्त आयुक्त (स्वच्छ भारत मिशन) डा. नरेश कुमार।

बता दें कि साइबर सिटी के कई आरडब्ल्यूए संगठनों ने मिलकर निगम के रोल कर्मचारियों की शिकायत निगम के अधिकारियों से की है। मांग की है कि जिन क्षेत्रों में निगम के रोल वाले कर्मचारी लगाए गए हैं,

उन्हें हटाकर ठेके पर लगाए हुए कर्मचारियों को ड्यूटी पर लगाया जाए।

जो कर्मचारी रोल पर है वह कर्मचारी अपनी मनमानी करते हैं और ड्यूटी पूरी नहीं करते। जो कर्मचारी ठेके पर काम करते हैं, उन कर्मचारियों से काम करवाने का दबाव ठेकेदारों पर रहता है।

इसलिए ठेके पर कार्यरत कर्मचारी काम में लापरवाही नहीं करते। जिससे विभिन्न संगठनों को लगता है कि जो कर्मचारी ठेके पर हैं, अगर वही उनके क्षेत्र में कम करें तो सफाई व्यवस्था दुरुस्त होगी। रोल पर जो कर्मचारी है उनके खिलाफ मिल रही इस तरह की शिकायत को लेकर अब विभाग की ओर से सख्त कार्रवाई करने के आदेश दिए गए हैं।

# ओपिनियन मेकर अधिवक्ता के हर वाक्य से आमजन में पैदा होता है विश्वास: ओमप्रकाश धनखड़


गुरुग्राम जिला अदालत परिसर में भाजपा विधि प्रकोष्ठ सम्मेलन में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ का स्वागत करते वकील।

## गुरुग्राम जिला अदालत परिसर में भाजपा विधि प्रकोष्ठ सम्मेलन में कही यह बात

**गुरुग्राम।** भारतीय जनता पार्टी हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ ने कहा कि अधिवक्ता देश की दशा व दिशा को आमजन तक सही रूप से पहुंचाने का काम करता है। अधिवक्ता एक ओपिनियन मेकर है, जिसके हर वाक्य पर आमजन में विश्वास पैदा होता है। विधि प्रकोष्ठ राजनीतिक दल का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, इसलिए इसके कार्यकर्ता आगामी चुनाव 2024 में पार्टी के लिए सक्रीय भूमिका का निर्वहन करने में जुट जाएं। यह बात उन्होंने मंगलवार को यहां जिला अदालत परिसर में भाजपा विधि प्रकोष्ठ के सम्मेलन में कही।

इस मौके पर अधिवक्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष का जोरदार स्वागत किया, वहीं जिला बार एसोसिएशन की पूर्व महासचिव सुमन दहिया ने महिला अधिवक्ताओं की तरफ से प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत किया। नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 के पास होने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया।

भाजपा जिला विधि प्रकोष्ठ की तरफ से फ्री लीगल सैल कैंप भी लगाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अधिवक्ता नरेंद्र गुर्जर ने की। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि आम जनता वकीलों के पास आती है, ऐसे में सभी अधिवक्ताओं की जिम्मेदारी बन जाती है कि वे सरल भाषा में लोगों को कानूनी जानकारी दें।

# कंपनी कर्मचारी को लिफ्ट देकर नकदी, मोबाइल फोन व जरूरी कागजात लूटे

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**गाड़ी** सवार चार बदमाशों ने कंपनी कर्मचारी को लिफ्ट देकर एटीएम कार्ड समेत क्रेडिट कार्ड, आधार कार्ड, मोबाइल फोन और 4 हजार रुपये नकदी लूट ली। बदमाशों ने पीडित कंपनी कर्मचारी को जिला पलवल के गांव मडोली के निकट जंगल में फेंकर चले गए। सोहना शहर थाना पुलिस ने पीडित की शिकायत पर अज्ञात गाड़ी सवार बदमाशों के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद जांच शुरु कर दी है।

जिला पलवल का गांव शेखपुरा निवासी अनिल ने पुलिस को बताया कि वह गुरुग्राम स्थित एक कंपनी में नौकरी करता है। रविवार को गुरुग्राम से अपने गांव जाते समय रात करीब पौने 12 बजे सोहना के अंबेडकर बाईपास चौक पर सवारी का इंतजार कर रहा था। उसी समय एक गाड़ी उसके पास आकर रुकी। जिसमें चालक समेत कुल 4 लोग सवार थे। उसे बीच की सीट पर बैठा लिया। गाड़ी पलवल की तरफ कुछ चलने के बाद उसके साथ बैठा बदमाश उसे गाली देकर बोला। उसने बदमाश को गाली देने से मना किया तो हाथ में लिया हुआ हथियार का बट उसके मुंह पर जोर से मारा। उसके बाद चालक को छोड़ तीनों युवकों ने उसके साथ गाड़ी में ही मारपीट करना शुरु कर दिया। एक बदमाश ने उसका मुंह को दबा लिया। ताकि उसकी चिख बाहर न जा सके। मारपीट करते समय बदमाशों ने उसके मोबाइल फोन समेत एटीएम कार्ड, पेन कार्ड, आधार कार्ड, और उसकी पास रखें 4 हजार रुपये छीन लिएं यह बस छिन्ने के बाद बदमाशों ने उसे पलवल से पहले मडोली गांव के जंगल में गाड़ी से घायल अवस्था में नीचे फेंकर चले गए। उसने अन्य रागगिर की मदद से फोन करके अपने भाई को घर से बुलाया। उसके परिजनों ने उसे पलवल नागरिक अस्पताल में दाखिल कराया। पीडित की शिकायत पर शहर थाना पुलिस ने अज्ञात गाड़ी सवारों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# कूड़े का निष्पादन न करने पर दो सोसाइटियों के काटे चालान

**गुरुग्राम।** मानेसर नगर निगम की सेनिटेशन विंग ने मंगलवार को दो बल्क वेस्ट जनरेटर्स (बीडब्ल्यूजी) यूनिट के चालान काटे। दोनों ही सोसाइटी सेक्टर-83 में स्थित है। नगर निगम के सीनियर सेनेटरी इंस्पेक्टर विजय कौशिक ने बताया कि आयुक्त अशोक कुमार गर्ग के आदेशानुसार बीडब्ल्यूजी पर कार्रवाई करने के लिए टीम गठित की गई है। टीम में सभी जोन के सेनेटरी इंस्पेक्टर को शामिल किया गया है। टीम ने मंगलवार को सेक्टर-83 स्थित वाटिका गुड़गांव-21 सोसाइटी और मेपस्को पैराडाइज सोसाइटी में निरीक्षण किया।

इस दौरान पाया कि ये सोसाइटी एनजीटी व ठोस कचरा प्रबंधन नियम, 2016 के अनुसार कूड़े का सही ढंग से निष्पादन नहीं कर रही है। इनमें वाटिका गुड़गांव 21 सोसाइटी का 88 हजार रुपये व मेपस्को पैराडाइज सोसाइटी का 35 हजार रुपये का चालान किया गया है। निगम की टीम क्षेत्र में बीडब्ल्यूजी का नियमित निरीक्षण करती है।

# एलिवेटेड मार्ग के सर्विस रोड़ पर जमा पानी को ट्रैक्टर में जनरेटर लगाकर निकाला

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**नगर** परिषद ने गुरुग्राम-सोहना एलिवेटेड मार्ग के सर्विस रोड़ पर जमा गंदा पानी को जनरेटर लगाकर साफ किया। एनएचएच आई के अधिकारियों पर वार्ड पार्षद ने जमा पानी की निकासी में सहयोग न करने का आरोप लगाया है।

राष्ट्रीय मार्ग गुरुग्राम-सोहना एलिवेटेड के सर्विस रोड़ की 500 मीटर की दूरी में चार से पांच अलग-अलग स्थानों पर जमा गंदा पानी से पैदल चलने वालों से लेकर वाहना चालकों को भारी परेश्ज्ञानी का सामना करना पड़ रहा है। सर्विस रोड़ पर जमा पानी से जीडी गोयनका व केआर मंगलम यूनिवर्सिटी में शिक्षा प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को भी परेशानी हो रही थी। जिसके पास से विद्यार्थियों को पैदल निकलना हो रहा है। सबसे ज्यादा सर्विस रोड़ पर शहर की चुंगी नंबर एक के निकट हो रहा था। जिससे स्थानीय कॉलोनियों के निवासियों से लेकर कॉलेज, स्कूल व आईटीआई में पढ़ने वाले विद्यार्थियों और वाहन चालकों को हो रही थी।


गुरुग्राम-सोहना एलिवेटेड मार्ग के सविर्स रोड़ के साथ बना गंदा पानी नाले पर जनरेटर लगाकर जमा पानी की समाधान करते हुए।

यह मामला एसडीएम दरबार में भी पहुंचा गया है। एसडीएम ने संबंधित विभागों को अधिकारियों को जमा गंदा पानी की निकासी कराने के आदेश दिए हुए है। तीन दिन से नगर परिषद वार्ड-20 की पार्षद सुनीता सैनी ने बताया कि उन्होने अधिकारियों से बाते करते सर्विस रोड़ पर जमा पानी की निकासी का समाधान मांगा था। परिषद प्रशासनिक अधिकारियों ने जमा गंदा पानी की निकासी के लिए टैऊक्टर में फीट पंप लगा दिया। उक्त जमा पानी को सड़क किनारे खाली निजी खाली प्लाट में डाला जा रहा है।

**एनएचआई पर हाथ खड़े करने का आरोप** : यह सर्विस रोड़ एनएचआई का है। जिसके साथ बना बरसाती पानी निकासी के लिए नाला तो बना दिया। लेकिन नाले का जलस्तर सही नहीं बना होने के कारण पानी जगह-जगह खड़ा हो रहा है। जिसके लिए एनएचआई के स्थानीय अधिकारियों सम्पर्क किया। लेकिन एनएचआई अधिकारियों ने नाले की सफाई न करने का जबाव दे दिया है।

> **नगर** परिषद सीमा क्षेत्र में किसी भी स्थान पर गंदा पानी को जमा नहीं होने दिया जाएगा। गंदा पानी निकासी का कार्य एनएचआई का है। लेकिन जनहित में पानी की निकासी करनी पड रही है।
> **( धीरज कुमार-एसडीओ नप )**

# नप ने चलाया स्वच्छता अभियान सभी 21 वार्डों में होगी सफाई

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**नगर** परिषद शहर के प्रत्येक वार्ड में दो सफाई अभियान चलाएगी। जिससे नगर परिषद के सभी 21 वार्डों को गंदगी मुक्त बनाया जाएगा। जिसका प्रभाव लोगों के अच्छे स्वास्थ्य के लिए लाभदायक होगा।

नगर परिषद हर दिन दोपहर बाद के बाद सभी 21 वार्डों में बारी-बारी से सफाई अभियान को सामुहिक रुप से चलाएंगी। अभियान में एक साथ 50 से 60 सफाई कर्मी वार्ड को गंदगी मुक्त बनाने के उद्देश्य से सफाई करेंगे। यह अभियान दोपहर के बाद वार्डों में चलाया जाएगा। वार्ड के प्रत्येक गली से लेकर आम रास्ते, चौक-चौराहे, बाजार, सामुदायिक भवन, आंगनबाड़ी केन्द्र, चौपाल परिसर की सफाई की जाएगी। वार्डों के अंदर बने नालियों से लेकर गंदे व बरसाती पानी के नालों को भी साफ किया जाएगा। गंदगी के ढ़ेरों को तुरन्त उठाया जाएगा।

**ग्रामीण क्षेत्र के वार्डों में होगी सफाई** : परिषद के ग्रामीण क्षेत्र के वार्ड नंबर एक, दो, तीन, चार, सात, आठ, नौ, ग्यारह के आम रास्तों के किनारे लगे गोबर, कूड़ा-कचरा के ढेरों का भी सफाया किया जाएगा। स्थानीय निवासियों ने आम रास्तों के किनारे गोबर व कूड़ा डालकर ढेर लगाएं हुए है। जिनसे गंदगी को बढ़ावा तो मिलता है ही। इसके अलावा मक्खी-मच्छरों का आंतक भी बढ़ता है।


नगर परिषद के सफाई कर्मचारी स्वच्छता अभियान के तहत सफाई करते हुए।

> **प्रति** वर्ष गांधी जयंति से पहले स्वच्छता पखवाड़ा चलाया जाता है। केन्द्र सरकार की इस योजनाओं को पूर्ण रुप से फसल बनाने की योजना तैयार कर ली है। योजना के तहत वार्डों में सफाई अभियान की कवायद भी शुरु कर दी है।
> **( सतेन्द्र सिंह-एसआई नप सोहना )**

# गुरुग्राम में यातायात पुलिस ने भरवाए सड़कों के गड्ढे

**गुरुग्राम।** यातायात पुलिस का काम तो यातायात को सुचारू करना होता है, लेकिन गुरुग्राम की यातायात पुलिस इससे कदम आगे बढ़ाते हुए वह काम भी कर रही है जो दूसरे विभागों को करना चाहिए। यातायात पुलिस ने सड़कों में बने गड्ढों को भरा और सड़क पर बाधा बन रही पेड़ों की टहनियों को भी काटा। पुलिस के इस कार्य की लोगों ने सराहना की।

गुरुग्राम यातायात पुलिस उपायुक्त विरेंद्र विज की देखरेख में यातायात पुलिस द्वारा आम नागरिकों की सहायता व सुरक्षा में सराहनीय कार्य किए जा रहे हैं। सड़कों के किनारे पेड़ों पर डालें/टहनियां जो पेड़ों से आमजन की यात्रा में बाधा उत्पन्न कर रही थी, उन सभी को कटवाया गया। जो भी डालें/टहनियां रेड-लाईट को दिखने में अवरोध पैदा कर रहे थे, उन पेड़ों की टहनियों को कटवाया गया, जिससे वाहनों का आवागमन सुगम/सुचारू हो सके। यातायात पुलिस गुरुग्राम द्वारा बरसात के दौरान सड़कों पर हुए गड्ढों को भी यात्रियों की सुविधा के लिए भरवाया गया।



सड़कों को दुरुस्त कराया गया, जिससे आम नागरिकों को यात्रा के दौरान किसी भी समस्या का सामना न करना पड़े।

इस दौरान यातायात पुलिस गुरुग्राम द्वारा आम नागरिकों की सहायता के लिए बनाए गए यातायात बूथों/बैरिकेटों पर भी पेंट किया। उन पर यातायात नियमों से संबंधित स्लोगन भी लिखवाए गए, जिससे आमजन को यात्रा में सुविधा/सहायता मिल सके। यातायात पुलिस बूथों/बैरिकेट को नया पेंट कराने का लक्ष्य आमजन द्वारा किसी भी प्रकार की समस्या होने पर इन यातायात बूथों से भी मदद ली जा सके। आसानी से आमजन को दिखाई दे सकें। यातायात पुलिस गुरुग्राम सदैव आपकी सेवा में तत्पर है।

# कावेरी हॉस्पिटल की हार्ट एंड लंग्स ट्रांसप्लांट टीम को ट्रान्सटन की ओर से मिला सम्मान

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**चेन्नईः तमिलनाडु** राज्य प्रत्यारोपण प्राधिकरण (ट्रांसटन) ने कावेरी हॉस्पिटल की हार्ट एंड लंग्स ट्रांसप्लांट टीम को बेहद प्रतिष्ठित पुरस्कार से सम्मानित किया है। यह विशिष्ट सम्मान काफी मायने रखता है, जो अस्पताल की हार्ट एंड लंग्स ट्रांसप्लांट टीम की सच्ची लगन, विशेषज्ञता और शानदार कामयाबी का प्रमाण है, जिसने ट्रांसप्लांटेशन का उपचार पाने वाले अनगिनत मरीजों की ज़िंदगी बचाई है और बेहतर बनाने में योगदान दिया है।

इस टीम ने बीते कुछ सालों में ट्रांसप्लांटेशन की प्रक्रियाओं में लगातार शानदार नतीजे हासिल किए हैं, जिससे ट्रांसप्लांट कराने वाले मरीजों के जीवन की गुणवत्ता को बेहतर बनाने में योगदान मिला है। संभावित तौर पर सबसे बेहतर परिणाम देने की सच्ची लगन की वजह से ही, यह टीम हार्ट और लंग्स ट्रांसप्लांट की जरूरत वाले मरीजों के लिए आशा की किरण बन गई है।



कावेरी हॉस्पिटल की हार्ट एंड लंग्स ट्रांसप्लांट टीम में विशेषज्ञ सर्जन, कुशल एनेस्थेटिस्ट, पूरी लगन के साथ अपनी सेवाएं देने वाले कंसल्टेंट और ट्रांसप्लांट कोऑर्डिनेटर्स शामिल हैं, और यह टीम ट्रांसप्लांट की प्रक्रिया से गुजरने वाले मरीजों को सभी तरह की चिकित्सा सुविधाएं मुहैया कराने के साथ-साथ सच्चे दिल से उनकी देखभाल भी करती है।

परस्पर सहयोग के साथ काम करने का उनका तरीका यह सुनिश्चित करता है कि, ट्रांसप्लांटेशन के सफर के हर पहलू की बड़ी सावधानी से योजना बनाई और उसे लागू किया जाए, जिसमें शुरुआती मूल्यांकन से लेकर ट्रांसप्लांटेशन के बाद के फॉलो-अप तक की योजना शामिल है। ट्रांसप्लांटेशन की जरूरत वाले मरीजों के लिए सबसे उपयुक्त अंगों का चयन करने की बेमिसाल काबिलियत ही इस टीम की सबसे बड़ी ताकत है। कावेरी हॉस्पिटल में किए गए हार्ट एंड लंग्स ट्रांसप्लांट के लगातार सफल परिणामों में अंगदान करने वाले लोगों तथा जरूरतमंद मरीजों के मिलान में उनकी विशेषज्ञता सबसे ज्यादा मायने रखती है। इस टीम की यह काबिलियत न केवल ट्रांसप्लांट के सफल होने की संभावनाओं को बढ़ती है, बल्कि ऑर्गन रिजेक्शन से जुड़े जोखिमों को भी कम करती है।कावेरी हॉस्पिटल चेन्नई के मेडिकल डायरेक्टर, डॉ. अयप्पन पोन्नुस्वामी ने इस पुरस्कार के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा, ''ट्रानस्टन से यह पुरस्कार प्राप्त करना हमारे लिए बड़े सम्मान की बात है, जो इस बात को उजागर करता है कि हमारी हार्ट एंड लंग्स ट्रांसप्लांटेशन टीम सबसे बेहतर नतीजों के लिए पूरी तरह समर्पित है। ट्रांसप्लांटेशन के ज़रिये लोगों की ज़िंदगी बचाना ही हमारी टीम के हर सदस्य का उद्देश्य है।

# उदयभान पहुंचे नूंह, मामन खान विधायक से सलंबा जेल में की मुलाकात



रिजवान कासिम। मेवात

कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष उदयभान, सीएलपी उपनेता विधायक आफताब अहमद, विधायक मोहम्मद इलियास, पूर्व विधायक शहीदा खान सलंबा जेल में बंद फिरोजपुर झिरका से कांग्रेस विधायक मामन खान इंजीनियर से मिलने के लिए पहुंचे। विधायक मामन खान से करीब आधे घंटे मुलाकात के बाद कांग्रेस के नेताओं ने पत्रकारवार्ता की। प्रदेश अध्यक्ष उदयभान ने कहा कि मीडिया में बताने की आवश्यकता नहीं है, हमारी पार्टी के जो सीनियर अधिवक्ता हैं। उनसे बात की जा रही है, कार्रवाई करेंगे। मामन खान के खिलाफ लगाए गए सारे आरोप झूठे हैं, जल्दी उनको न्याय मिलेगा। मामन खान जल्दी ही बिल्कुल साफ होकर बाहर आएंगे। उन्होंने कहा कि यह राजनीतिक गिरफ्तारी है, उन्होंने कहा कि जब वह बाहर आएंगे तो देखना लोगों में किस तरह का जोश देखने को मिलेगा। उदयभान ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि वह मुलाकात के दौरान भावुक नहीं हुए, वह पूरी तरह से मस्त हैं, निडर है और निर्दोष है। उसे किसी प्रकार की भावुकता का कोई मतलब नहीं है। मुलाकात के दौरान अपना कोई साथी आता है या सीनियर नेता आता है तो एकदम खुशी दिखती है।

उदयभान ने कहा कि जो मैंने बयान दिया था वह पुराना हो चुका है, लेकिन मैं उस पर पूरी तरह से कायम हूं। उन्होंने कहा कि हमारा सबका इलाका एक जैसा है। यह आम बात है, जो मैंने कहा था। ना मैंने किसी पीएम व सीएम का नाम लिया था। मैंने कहा था कि रण्डवा - पंडवा राज कर रहे हैं। महिला आरक्षण का जो मामला चल रहा था और उससे संबंधित पानीपत में तीन महिलाओं के साथ बलात्कार हुआ, जो गैंगरेप हुआ। पलवल में एक महिला की मृत्यु भी हो गई। 1350 लड़कियां 18 - 27 साल उम्र की मार्च 2020 से अब तक गायब है। उन्होंने कहा कि 561 लड़कियां बरामद हुई हैं, अभी तक 800 लड़कियों का कोई अता - पता नहीं चल पाया है। मैंने उसके बारे में कहा था बेटी बचाओ - बेटी पढ़ाओ की जो बात कर रहे हैं। आज क्या स्थिति है, महिला कोच के साथ उनकी सरकार का एक मंत्री आज भी मंत्री पद पर काबिज है। महिला पहलवानों के साथ किस तरह से हुआ, मणिपुर में किस तरह की घटना हुई। इन सबको लेकर यह बात मैंने कही थी। अपनी पत्नी को 50 - 52 साल से छोड़ रखा है। मैंने कहा था ऊपर रण्डवा, नीचे भंडवा काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सांसद रमेश बिधूड़ी ने लोकसभा के अंदर जितने घटिया शब्दावली का इस्तेमाल किया, भड़काऊ शब्दावली का इस्तेमाल किया। उसकी जितने निंदा की जाए, उतनी कम है। उसको तुरंत सस्पेंड ही नहीं करना चाहिए बल्कि उसकी लोकसभा सदस्यता छिनी जानी चाहिए। ऐसे लोग जो एक चुने हुए सांसद को आतंकवादी, उग्रवादी, कटवा, मुल्ले जैसे शब्दों का इस्तेमाल करता है, उसको जो पूरे देश में ट्रॉल किया जा रहा था। उसको काउंटर करने के लिए मीडिया में मेरा बयान चला दिया गया ताकि उनको राहत मिल जाए। मैंने सच्चाई कही थी, हमारे लोकल भाषा में यह बात बोल जाती है। उसी पर में आज भी कायम हूं।

इनेलो को कैथल में हुई रैली को लेकर कांग्रेस नेता ने कहा कि हर 25 सितंबर को रैली होती है। हर बार बड़े नेताओं को आमंत्रित करते रहे हैं। इससे पहले भी काफी बड़े नेता उनकी रैली में शिरकत की है। पूर्व सीएम फारूक अब्दुल्ला, पूर्व सीएम प्रकाश सिंह बादल व उनका परिवार, केसी त्यागी, चंद्रशेखर रावण, डेरेक ओ



ब्रायन, चौधरी बीरेंद्र सिंह और कई नेता उनके कार्यक्रमों में आते रहते हैं। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन के जो शीर्ष नेता थे, उनमें से कोई नहीं आए। ना नीतीश कुमार, अखिलेश यादव, तेजस्वी यादव, ममता बनर्जी, शरद पवार जैसे नेता शामिल नहीं हुए। कांग्रेस की तरफ से उन्होंने कहा कि निमंत्रण कांग्रेस को दिया था। यह प्रयास कर रहे हैं कि इंडिया गठबंधन में शामिल होया जाए। इनका अतीत ऐसा है, हमने अपने शीर्ष नेतृत्व को हकीकत बता दिया है। जमीनी सच्चाई बता दी है। इनेलो का प्रदेश के अंदर कोई जनाधार नहीं है। अब वह सहारा लेते फिर रहे हैं। इनका अतीत हमेशा बीजेपी के साथी के रूप में बी टीम के रूप में काम करते रहे। हमेशा बीजेपी के साथ रहे हैं। इस कार्यकाल में भी राष्ट्रपति एवं उपराष्ट्रपति के चुनाव में भाजपा को वोट दिया। राज्यसभा में भी चाचा - भतीजे ने एक साथ वोट दिया था। उदयभान ने कहा कि यह कभी हो नहीं सकता। यह गठबंधन नहीं हो सकते, लेकिन अगर हमारा नेतृत्व कुछ सोचता है और इंडिया गठबंधन में इनेलो को स्थान मिलता है तो उनके हुकुम को सर - माथे पर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि हरियाणा में कांग्रेस गठबंधन को लेकर पहले से ही काफी देरी हो चुकी है। मेरे अध्यक्ष बनने के बाद तीन प्रभारी बदल चुके हैं। जब संगठन बनने की बात नजदीक आती है तो प्रभारी बदल जाते हैं। मौजूदा कांग्रेस प्रभारी ने काफी गंभीरता दिखाई है। उन्होंने कहा कि हर लोकसभा क्षेत्र में व्यक्तिगत तौर से सभी सीनियर नेताओं - कार्यकर्ताओं से बातचीत की है। उसके बाद उन्होंने 11 टीम बनाई हैं, जो हरियाणा प्रदेश से बाहर के जो लोग थे कोऑर्डिनेटर लगाए गए थे। दो - दो ऑब्जर्वर उनके साथ लगाए गए थे। वह भी सभी जिलों में बात करके आए और रिपोर्ट प्रभारी जी को सौंपी है। उसके बाद हैदराबाद अधिवेशन आ गया। लोकसभा का स्पेशल सेशन आ गया, समय नहीं मिल पाया है। जिस पर चर्चा हो सकती थी। प्रभारी जी फिलहाल गुजरात दौरे पर हैं। जैसे ही वह वापस लौटेंगे तो अगले 10 दिनों में संगठन का ऐलान कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का ग्राफ बढ़ रहा है। भाजपा में भगदड़ मची हुई है। हरियाणा में 90 विधानसभा हैं। 32 पूर्व विधायक पूर्व मंत्री कांग्रेस में भाजपा - जजपा इत्यादि को छोड़कर शामिल हुए हैं।

उदयभान ने कहा कि यह साफ संकेत है कि पूरे हरियाणा में कांग्रेस की जबरदस्त हवा चल रही है। सीनियर नेता कांग्रेस में शामिल हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसी तरह मध्यप्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, तेलंगाना में भी विपक्ष के अंदर भगदड़ मची हुई है। नेता कांग्रेस में शामिल हो रहे हैं। कांग्रेस का जनाधार बढ़ रहा है। मिजोरम में भी कांग्रेस का जनाधार बढ़ रहा है। आने वाले समय में पांचों राज्यों में कांग्रेस सरकार बनाएगी।

## नगर निगम गुरुग्राम क्षेत्र में जोन अनुसार इंफोर्समेंट कमेटी होगी गठित



नगर निगम गुरुगाम शहरी स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक लेते निगमायुक्त पीसी मीणा।

गुरुग्राम। नगर निगम गुरुग्राम के आयुक्त पीसी मीणा की अध्यक्षता में मंगलवार को प्लास्टिक कचरा प्रबंधन नियमों के प्रभावी कार्यान्वयन व सिंगल यूज प्लास्टिक उन्मूलन के लिए गठित शहरी स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि नगर निगम गुरुग्राम क्षेत्र में जोनवाईज इनफोर्समेंट कमेटियों का गठन किया जाएगा, जिसमें नगर निगम, पुलिस व प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों सहित जनप्रतिनिधियों को भी शामिल किया जाएगा।

अलग-अलग टीमें प्लास्टिक कचरा प्रबंधन नियमों की पालना सुनिश्चित करवाने तथा सिंगल यूज प्लास्टिक के उन्मूलन के लिए एक प्रभावी अभियान चलाएंगी। जो व्यक्ति नियमों की उल्लंघना करता है, उसके खिलाफ नियमानुसार भारी जुर्माना सहित अन्य कार्रवाई भी की जाएगी। बैठक में निगमायुक्त एवं शहरी टास्क फोर्स के चेयरमैन पीसी मीणा ने निर्देश दिए कि इसके लिए डेडिकेटिड टीमों का गठन किया जाए तथा इनफोर्समेंट टीमें भी अपने-अपने क्षेत्रों में नियमों की पालना सुनिश्चित करवाने तथा उल्लंनकर्ताओं के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए अधिकृत होंगी। इसके अलावा, संयुक्त आयुक्त भी अपने-अपने स्तर पर टीमें बनाएंगे। इसके साथ ही होटलों, रेस्टोरेंट, बैंक्वेट हॉल संचालकों के साथ एक बैठक करके नियमों के बारे में अवगत करवाया जाएगा तथा फ्लैक्स बनाने वालों को भी नोटिस जारी करके प्रतिबंधित फ्लैक्स का इस्तेमाल बन्द करने की चेतावनी दी जाएगी कि वे बायोडिग्रेडेबल मैटेरियल का उपयोग करें। विशेष उन्मूलन अभियान के तहत सिंगल यूज प्लास्टिक स्टॉकिस्टों, मार्केट, सब्जी मंडी आदि स्थानों पर छापेमारी करके कार्रवाई की जाएगी।

## तावडू अनाज मंडी में बाजरे की खरीद नहीं होने से गुस्साए किसानों ने लगाया जाम

तावडू। नगर की नई अनाज मंडी में मंगलवार को बाजरे की फसल खरीद नहीं होने से गुस्साए किसानों ने हंगामा कर जाम लगा दिया।करीब 2 घंटे तक खरीद एजेंसी हैफेड प्रबंधक के खिलाफ किसानों ने जमकर नारेबाजी करते हुए जाम लगा दिया।कई किसान नेता भी इस विरोध प्रदर्शन में शामिल हो गए। विरोध प्रदर्शन करते हुए गुस्साए किसान मंडी में ही स्थित शहर थाना परिसर में पहुंच गए।मामले की गंभीरता को समझते हुए एसडीएम और तहसीलदार मौके पर पहुंचे,जिन्होंने पुलिस की मदद से स्थिति पर नियंत्रण करते हुए किसानों को समझा कर शांत करा दिया। बता दें कि मंगलवार को मंडी में फसल बेचने पहुंचे किसानों का कहना था कि वह सुबह से भूखे प्यासे बाजरे की फसल बेचने के लिए लाइन में खड़े थे। लेकिन खरीद एजेंसी हैफेड के प्रबंधक नीरज कुमार ने नम्बर आते ही फसल के नमूने को जानबूझकर फेल कर दिया। आरोप था कि प्रबंधक अपनी मनमर्जी के मुताबिक लगभग सभी किसानों की साथ जानबूझकर इस तरह का व्यवहार करते है।प्रबंधक से ऐतराज जताया तो कोई सुनवाई हुई।

## भैरो मंदिर प्रांगण में किया गया पूर्ण आहुति यज्ञ, भंडारे-प्रसाद का आयोजन



हवनकुंड में पूर्ण आहुति देते श्रद्धालु।

फिरोजपुर झिरका। गणेश चतुर्थी के पर्व को लेकर पिछले एक सप्ताह से चल रही श्रीमद् भागवत कथा के समापन के उपरांत हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मंगलवार सुबह आठ बजे भैरो मंदिर समिति के सौजन्य से पूर्ण होती यज्ञ एवं भंडारे प्रसाद का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर कथावाचक आचार्य गौरव शास्त्री ने वैदिक दिव्या मंत्रों उच्चारण से यज्ञ का शुभारंभ किया और हवन में उपस्थित चारों यजमानों सहित अन्य लोगों ने भी वैदिक मंत्रों के साथ दिव्या जड़ी बूटियां से युक्त सामग्री हवन कुंड में आहुति रुप में प्रदान की और परमपिता परमेश्वर से सुख समृद्धि एवं खुशहाल जीवन व्यतीत करने कामना की। हवन समाप्ति के बाद भगवान श्री गणेश एवं श्री हरि विष्णु की आरती की गई और समस्त धर्म



भंडारे प्रसाद का आनंद लेते धर्मप्रेमी।

प्रेमियों में प्रसाद वितरण किया गया। इसके उपरांत दोपहर बारह बजे भैरो मंदिर समिति द्वारा आयोजित भंडारे प्रसाद का आयोजन किया गया। जिसमें शहर के ब्राह्मणों एवं कन्याओं को भोजन करने के उपरांत हजारों की संख्या में धर्म प्रेमी महिलाएं पुरुषों एवं बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया और भंडारे प्रसाद का आनंद उठाया। इस मौके पर अधिवक्ता सर्वेश सिंघला, विकास कुमार गुप्ता, सुदर्शन शर्मा, राधेश्याम खंडेलवाल, रत्नलाल गोयल, मनोहर, टिक्कम चंद सैनी सहित काफी संख्या में महिलाएं एवं पुरुष मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री की घोषणा कार्यों को तत्परता से पूरा करें अधिकारी : एडीसी रेनू सोगन

मेवात । अतिरिक्त उपायुक्त रेनू सोगन ने कहा कि मुख्यमंत्री घोषणा कार्यों को संबंधित विभाग आपसी तालमेल के साथ प्राथमिकता से पूरा करना सुनिश्चित करें। यदि किसी सीएम घोषणा के संबंध में किसी स्तर पर कोई दिक्कत आती है, तो उन्हें अवगत करवाया जाए, ताकि मुख्यालय स्तर पर बातचीत कर उसका समाधान करवाया जा सके।

अतिरिक्त उपायुक्त मंगलवार को लघु सचिवालय स्थित अपने कार्यालय में मुख्यमंत्री घोषणा कार्यों की प्रगति की समीक्षा के लिए आयोजित बैठक में संबंधित अधिकारियों को यह निर्देश दे रही थी। उन्होंने सीएम घोषणाओं की समीक्षा के तहत उन कार्यों के संबंध में संबंधित अधिकारियों से रिपोर्ट ली, जो कार्य अभी पेंडिंग चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि कोई भी कार्य पेंडिंग नहीं रहना चाहिए तथा प्रत्येक कार्य की फिजिबिलिटी देखते हुए उसे जल्द शुरू करवाना सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री मनोहर लाल स्वयं सीएम घोषणा कार्यों की समीक्षा करते हैं।

## हरियाणा वक्फ बोर्ड के इमामों की तनख्वाहों में सालाना पांच प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई लागू

### सैंकड़ों ईमामों ने मुख्यालय में लड्डू बांट कर व प्रशासक चौधरी जाकिर हुसैन को सम्मानित कर खुशी जाहिर की



पायनियर समाचार सेवा। नूंह

पिछले वर्ष हरियाणा वक्फ़ बोर्ड ने हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल के आशीर्वाद व मार्गदर्शन में हरियाणा वक्फ़ बोर्ड के प्रशासक चौधरी ज़ाकिर हुसैन पूर्व विधायक व मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री मोश शाईन, भा.प्र.से. के नेतृत्व में हरियाणा वक्फ़ बोर्ड ने बोर्ड के ईमामों की तनख्वाहों में भारी बढोतरी की थी तथा इमदादी मस्जिदों की इमदाद में भी बढोतरी की थी।

आज सदर मौलाना असरूद्दीन के नेतृत्व में सैंकड़ों ईमामों ने अंबाला मुख्यालय पहुंच कर प्रशासक चौश ज़ाकिर हुसैन पूर्व विधायक को पगड़ी बांधकर व फूल माला पहनाकर सम्मानित किया तथा उनका, सी ई ओ श्री मोहम्मद शाईन आई ए एस तथा अन्य अधिकारियों का धन्यवाद किया। इमामों ने ख़ासतौर पर हरियाणा के यशस्वी मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल व भाजपा सरकार का धन्यवाद किया तथा आभार जताया।

तंजीम के सदर मौलाना असरुद्दीन ने कहा कि यह बहुत ही सराहनीय कदम है तथा इसकी पहल करने वाला हरियाणा देश का पहला राज्य बन गया है जहां इमामों को उचित वजीफा और वार्षिक वेतन मिलना बडी बात है बिना किसी प्रयास के सालाना 5त्र की बढ़ोतरी काबिल ए तारीफ है। उन्होंने इसके लिए मुख्यमंत्री श्री मनोहरलाल, चौधरी ज़ाकिर हुसैन व मोश शाईन का दिल की गहराईयों से शुक्रिया अदा किया। उन्होंने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने चौधरी ज़ाकिर हुसैन को हरियाणा वक्फ़ बोर्ड की कमान सौंपी है वे बहुत प्रशंसनीय है क्योंकि चौधरी ज़ाकिर हुसैन से बेहतर अनुभव शायद ही किसी के पास है। उन्हें अच्छे-बुरे की पहचान है। जब से वे प्रशासक बने हैं हरियाणा वक्फ़ बोर्ड बड़ी तेजी से तरक्की व विकास की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि चौधरी ज़ाकिर हुसैन के नेतृत्व में बहुत जल्द हरियाणा वक्फ़ बोर्ड उन्नति व विकास की नई ऊंचाईयों को छूएगा। उन्होंने आज इस खुशी की मौके पर मुख्यालय पंहुचकर प्रशासक चौधरी ज़ाकिर हुसैन को मिठाई खिलाकर उनका धन्यवाद किया है और जल्द ही तंजीम-आईमा-ए-ऑकाफ, हरियाणा द्वारा एक सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा।

हरियाणा वक्फ़ बोर्ड के प्रशासक व भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चौधरी ज़ाकिर हुसैन पूर्व विधायक ने तंजीम-आईमा-ए-ऑकाफ द्वारा किए गए शानदार स्वागत के लिए उनका धन्यवाद करते हुए कहा कि यह सब हरियाणा के यशस्वी मुख्यमंत्री के आशीर्वाद व नेतृत्व में संभव हो पाया है। उन्होंने कहा कि उनके व उनके परिवार के लिए ईमामों व उलेमाओं का ओहदा सबसे ऊपर व अव्वल है। वे हमेशा ईमामों व उलेमाओं का दिल से मान-सम्मान करते हैं। हमने पिछले वर्ष तनख्वाहों में बढोतरी करते समय जो घोषणा की थी कि ईमामों की तनख्वाहों में सालाना 5 प्रतिशत की बढोतरी की जाएगी आज उसे बिना माँगे पूरा कर दिया है इसके लिए हरियाणा वक्फ़ बोर्ड के सभी ईमामों के लिए मुबारक़बाद दी और उन्होंने सभी ईमामों से हरियाणा वक्फ़ बोर्ड की तरक्की व विकास के लिए दुआओं करने की अपील की। हुसैन ने कहा कि उनके वालिद मरहूम चौधरी तय्यब हुसैन के अथक प्रयासों से ही हरियाणा वक्फ़ बोर्ड अस्तित्व में आया था। उन्होंने वक्फ़ बोर्ड के लिए अपने जीवन के महत्वपूर्ण 14 वर्ष दिए थे। वे भी अपने वालिद मरहूम के पदचिन्हों पर चलते हुए दिन-रात हरियाणा वक्फ़ बोर्ड की तरक्की के लिए प्रयासरत हैं। हुसैन ने कहा कि अब हरियाणा वक्फ़ बोर्ड के हालात तेजी से सुधर रहे हैं। सभी अधिकारी बोर्ड की तरक्की के लिए दिन-रात प्रयासरत हैं। उन्होंने आशा जताई कि माननीय मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल के नेतृत्व में बहुत जल्द

## फिरोजपुर झिरका बार के वकीलों ने रखा वर्क सस्पेंड



फिरोजपुर झिरका। झिरका बार एसोसिएशन के प्रधान मुसर्रत अली ख़ान एडवोकेट ने बार काउंसिल ऑफ पंजाब एंड हरियाणा के आह्वान पर एक मीटिंग बार रूम में रखी। जिसकी अध्यक्षता झिरका बार के प्रधान मुसर्रत अली ख़ान एडवोकेट ने की। जिसमें बार के सभी अधिवक्ताओं ने अदालत में वर्क सस्पेंड रखने का फ़ैसला लिया।मंगलवार को झिरका बार के सभी वकील अदालत के कामकाज से नदारद रहे।पेशी पर आए हुए मुवक्किलों की आगामी तारीख़ प्रॉक्सी काउंसिल एडवोकेट मुमताज़ बदरपुर और एडवोकेट मोहित बेंसला ने लगवाई।

पंजाब के मुक्तसर साहिब के एक वक़ील से अमानवीय व्यवहार को गंभीरता से लेते हुए बार काउंसिल पंजाब एंड हरियाणा ने पंजाब,हरियाणा और चंडीगढ़ की सभी बार एसोसिएशन को मंगलवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल का आह्वान किया इसलिए पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ की सभी बारों ने हड़ताल की और पंजाब एंड हरियाणा उच्च न्यायालय में भी वकीलों ने हड़ताल की। मुक्तसर साहिब पुलिस ने एक वकील सहित कुछ लोगों एक झूठा मुक़दमा दर्ज किया है आरोप है कि पुलिस ने हिरासत में रखकर वकील को बुरी तरह से प्रताड़ित किया है।

पंजाब,हरियाणा और चंडीगढ़ के वकीलों का एक दल पंजाब के मुख्यमंत्री से मिलेगा और सभी वकीलों ने तय किया कि जब तक हमारी मांगे नहीं मानी जाएँगी तब तक पंजाब,हरियाणा और चंडीगढ़ के सभी वकील हड़ताल पर रहेंगे। झिरका बार के प्रधान मुसर्रत अली ख़ान ने कहा कि आरोपी पुलिस वालों के ख़िलाफ़ मुक़दमा दर्ज किया जाए और पीड़ित वकील के खिलाफ दर्ज मुक़दमे को रद्द किया जाए।

## संक्षिप्त समाचार

### विज्ञान निबंध प्रतियोगिता में 130 विद्यार्थियों ने लिया भाग



नूंह। जिला मुख्यालय स्थित राजकीय मॉडल संस्कृति माध्यमिक विद्यालय नूंह में जिला स्तरीय विज्ञान निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए जिला विज्ञान विशेषज्ञ रामकिशन आर्य ने बताया कि प्रतियोगिता में 130 विद्यार्थियों ने भाग लिया इतनी बड़ी संख्या में विज्ञान संबंधी गतिविधियों में भाग लेना विज्ञान के उज्जवल भविष्य की तरफ इशारा है। आज का युग वैज्ञानिक का युग है बच्चों को वैज्ञानिक तरीके से सोच कर आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज की प्रतियोगिता में टॉप 10 विद्यार्थियों का चयन राज्य स्तरीय निबंध प्रतियोगिता के लिए किया गया । जूरी मंडल में रविंद्र कुमार, सुशील कुमार ,तिलक राज रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य मुकेश शास्त्री ने की। कार्यक्रम का प्रबंधन प्रवीण कुमार, साजिद, दिनेश गोयल , शकील ने किया। वही कार्यक्रम के दौरान जिला गणित विशेषज्ञ ई एम खान और उषा रानी प्रवक्ता मौजूद रहे।

### युवाओं को वोट बनवाने के लिए प्रेरित करने का किया आह्वान

मेवात। भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशानुसार मुख्य निर्वाचन अधिकारी हरियाणा अनुराग अग्रवाल ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से डेडिकेटिड सहायक निर्वाचक पंजीयन अधिकारियों (एईआरओ) की बैठक ली। उन्होंने डेडिकेटिड एईआरओ को निर्देश दिए कि 18 से 19 आयु वर्ग के युवा मतदाताओं को स्कूल व कॉलेजों में जाकर वोट बनवाने के लिए प्रेरित करें। स्कूल कॉलेज में कैंप लगाकर युवाओं के वोट बनवाएं तथा जागरूकता कैंप की फोटो जिला निर्वाचन कार्यालय में भिजवाएं। उन्होंने एईआरओ को निर्देश दिए कि कॉलेज में छात्र-छात्राओं विशेषकर जो महिलाएं मतदाता के रूप में पंजीकृत नहीं है उनको पंजीकृत करवाना सुनिश्चित करें। इसके अतिरिक्त उन्होंने कहा कि जिन छात्र-छात्राओं के परिवार के सदस्यों के वोट नहीं बने हैं उनके वोट बनवाने के लिए भी छात्र-छात्राओं को प्रेरित करें। बैठक में नगराधीश एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी गजेंद्र ड्क्षसह ने उन्हें जिले के युवाओं को वोट बनवाने के लिए प्रेरित करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर निर्वाचन नायब तहसीलदार राजेंद्र हुड्डा व सभी डेडिकेटिड सहायक निर्वाचक पंजीयन अधिकारी मौजूद थे।

### सुभाष चौक पर कब्जाई ग्रीन बेल्ट से ढहाए अवैध निर्माण



गुरुग्राम। यहां सेक्टर-33, 48 और 53 में कई साल से सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे को प्रशासन ने मुक्त करा लिया है। हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (एचएसवीपी) के आदेश पर जिला प्रशासन ने यह कार्रवाई की है। इन सेक्टर्स में जिला प्रशासन की ओर से बुलडोजर चलकर सभी अवैध निर्माण को जमींदोज किया गया है। जानकारी के अनुसार सुभाष चौक पर अवैध कब्जा 18 मीटर के ग्रीन बेल्ट और 12 मीटर के सर्विस रोड को अतिक्रमण कर बनाई गई थी। इस तरह से सरकारी जमीन पर अवैध कब्जाधारियों ने पिछले काफी समय से कब्जा कर रखा था। ग्रीन बेल्ट की जमीन पर पक्का निर्माण कर कई तरह की गतिविधियां चलाई जा रही थी। इसकी शिकायत कई बार स्थानीय लोगों ने प्रशासन से की थी। जिस पर यह बड़ी कार्रवाई की गई है। हरियाणा सरकार के एक अधिकारी ने पहचान गुप्त रखने की शर्त पर बताया कि गुरुग्राम समेत पूरे राज्य में सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा करने वालों के लिए यह घटना एक सबक है। सीएम मनोहर लाल की सरकार भू-माफियाओं द्वारा सरकारी संपत्तियों पर अवैध कब्जा को बर्दाश्त करने के मूड में नहीं है। सरकार अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफ बिना भेदभाव के कठोरतम कार्रवाई करेगी। इसलिए जो लोग सरकारी जमीन पर कब्जा किए हैं, वो अपने आप खाली कर दें, नहीं तो उन पर भी इस तरह की कार्रवाई जल्द होगी।

### गुरुग्राम में पहली निःशुल्क पशु एम्बुलेंस सेवा होगी शुरू




गुरुग्राम। डीएलएफ ग्रुप की सीएसआर शाखा डीएलएफ फाउंडेशन ने मंगलवार को गुरुग्राम में पशु एम्बुलेंस सेवा के लिए हरियाणा राज्य सीएसआर ट्रस्ट के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। ज्ञापन पर हस्ताक्षर एचएससीएसआरटी के सह-संयुक्त सचिव और गुरुग्राम के उपायुक्त आईएएस निशांत कुमार यादव और डीएलएफ फाउंडेशन की सीईओ गायत्री पॉल ने किए हैं। इस दौरान हरियाणा सीएसआर ट्रस्ट के उपाध्यक्ष बोधराज सीकरी भी मौजूद रहे। हरियाणा सरकार के पशुपालन और डेयरी विभाग के सहयोग से शुरू की गई यह पहल संकटग्रस्त बेसहारा जानवरों को समय पर चिकित्सा सहायता और आपातकालीन सेवाएं प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह डीएलएफ फाउंडेशन द्वारा हरियाणा में अपनी तरह की पहली पशु एम्बुलेंस पहल होगी। एम्बुलेंस सेवा पूरी तरह से निःशुल्क होगी और इससे चोट और दुर्घटनाओं से पीड़ित बेसहारा जानवरों को लाभ मिलेगा। गुरुग्राम के राजीव चौक स्थित पशुपालन विभाग के उप-निदेशक कार्यालय में तैनात पशु एम्बुलेंस पूरे गुरुग्राम जिले के साथ-साथ हरियाणा के अन्य हिस्सों में भी अपनी सेवाएं प्रदान करेगी। एचएससीएसआरटी के सह संयुक्त सचिव और गुरुग्राम के डीसी निशांत कुमार यादव ने बताया कि यह साझेदारी गुरुग्राम के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। डीएलएफ फाउंडेशन की सीईओ गायत्री पॉल ने बताया कि डीएलएफ फाउंडेशन पशु कल्याण को बढ़ावा दे रहा है और इस क्षेत्र में कई पहल की गई हैं। हम आवारा जानवरों के लिए इस पहल में हरियाणा सरकार का समर्थन करते हैं और एक पशु एम्बुलेंस वैन के लिए योगदान दिया है।

पायनियर क्लासीफाइड

NAME CHANGE

I, Sanjay Babbar S/o Khan Chand R/o H.No. 2M/27 BP, NIT, Faridabad, HR, have changed my name to Sanjay Kumar.

बेदखली सूचना

मैं, रोहित बजाज पुत्र मनमोहन बजाज निवासी बी-11, ओमैक्स ग्रीन वैली, सेक्टर-41-42, फरीदाबाद ने अपने पुत्र मनिल बजाज जोकि मेरे कहने व सुनने से बाहर है, इसलिए मैं मनिल बजाज को अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूँ। भविष्य में इससे लेन-देन करने वाला व्यक्ति स्वयं जिम्मेवार होगा।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद ( हरियाणा ) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, जिला- गौतमबुद्ध नगर - 201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। प्रधान संपादक : शोबोरी गांगुली, स्थानीय संपादक : प्रवीण मोहंती। दूरभाष नंबर : ( 0129 ) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी।
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

## निज्जर की हत्या
### कनाडा के आरोप

**निज्जर की हत्या** पर अमेरिका व कनाडा के राजदूतों द्वारा लगाए आरोपों का भारत को विस्तृत व कठोर जवाब देना चाहिए। भारतीय मूल के खालिस्तान-समर्थक हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के कथित आरोप भारतीय एजेंटों पर लगाए गए हैं जिससे भारत-कनाडा संबंध अब तक सबसे खराब स्थिति में पहुंच गए हैं। स्थिति बिगड़ने पर कनाडा ने एक वरिष्ठ भारतीय राजनयिक को निकाल दिया और भारत ने इसका वैसा ही जवाब दिया। नई दिल्ली में कनाडा की वीसा सेवा स्थगित कर दी गई है। हालांकि, निज्जर की हत्या को वर्तमान टकराव का कारण बताया जा रहा है, पर भारत और कनाडा के बीच संबंध पिछले काफी समय से तनावपूर्ण बने हुए हैं। कनाडा में पंजाब के भारतीय लोगों की संख्या काफी है और उनमें से अनेक 'खालिस्तान' के मुखर समर्थक हैं। भारत ने बार-बार कनाडा से ऐसे दुष्ट तत्वों पर लगाम लगाने को कहा है, लेकिन इस मांग पर बिल्कुल ध्यान नहीं दिया गया है। यह स्थिति दुर्भाग्यपूर्ण है क्योंकि दोनों देशों के बीच ऐतिहासिक रूप से मित्रतापूर्ण संबंध रहे हैं। अब एक और प्रकरण ने स्थिति ज्यादा बिगाड़ी है। कनाडा में अमेरिकी राजदूत ने कहा है कि निज्जर की हत्या में भारत की संलिप्तता से भारत की छवि खराब हुई है। हालांकि, इन आरोपों के पक्ष में कोई सबूत नहीं दिए गए हैं, पर संभवतः इससे भारत की अंतरराष्ट्रीय छवि प्रभावित हुई है तथा कनाडा के साथ संबंधों में तनाव आया है। आरोप है कि कथित रिपोर्ट के कारण प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने कनाडा की संसद में 18 जून को हुई



निज्जर की हत्या तथा भारत सरकार के बीच 'संभावित' संबंध के आरोप लगाए। भारत ने ट्रूडो के आरोपों का जोरदार खंडन करते हुए इनको 'मूर्खतापूर्ण' व 'दुर्भावना से प्रेरित' बताया है। कनाडा में अमेरिकी राजदूत डेविड कोहेन ने 'फाइव आइज़ नेटवर्क' का संदर्भ देते हुए भारत पर आरोप लगाए हैं। फाइव आइज़ खुफिया नेटवर्क में अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा, आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड शामिल हैं। यह नेटवर्क वैश्विक खुफिया सूचनाओं का साझा करता है। डेविड कोहेन की टिप्पणी अमेरिकी प्रशासन के अधिकारी द्वारा इस बात की पहली स्वीकारोक्ति है कि 'फाइव आइज़ नेटवर्क' के अंतर्गत कनाडा से उसकी खुफिया सूचनाओं का साझा होता है। अमेरिकी विदेश सचिव एंटनी ब्लिंकन ने भारत के खिलाफ प्रधानमंत्री ट्रूडो के आरोपों पर गंभीर चिन्ता जताई है और कहा है कि अमेरिका इस मामले पर कनाडा के साथ निकट समन्वय कर रहा है तथा वह जांच के माध्यम से जवाबदेही तय करना चाहता है। भारत सरकार को ऐसी स्थिति में दुनिया के सामने अपना पक्ष और मजबूती से रखना चाहिए। उसे दुनिया को बताना चाहिए कि भारत ने 2020 में ही निज्जर को आधिकारिक रूप से आतंकी घोषित कर दिया था। वह एक घोषित भगोड़ा था जिसने बेअंत सिंह की हत्या पर खुशी मनाते हुए भारत के खिलाफ खुलेआम सशस्त्र संघर्ष छेड़ने का आह्वान किया था। हमारा देश 'न्यायेत्तर हत्या' के पक्ष में नहीं है और उसने कनाडा सरकार से कई अवसरों पर अपनी धरती से चल रही भारत-विरोधी गतिविधियों पर लगाम लगाने को कहा है, पर इनका कोई नतीजा नहीं निकला। जस्टिन ट्रूडो अपनी गिरती रेटिंग सुधारने के लिए कनाडा में खालिस्तान-समर्थकों के हाथों में खेल रहे हैं जिनका वहां काफी प्रभाव है। लेकिन उनको समझ लेना चाहिए कि यह कदम दूरगामी रूप से हानिकारक हो सकता है। इतिहास ऐसे अनेक उदाहरणों से भरा है जहां अतिवादियों ने अपनी मदद करने वालों को ही नुकसान पहुंचाया है।

# एकसाथ चुनाव: प्रगति का रास्ता

**बार-बार चुनाव राष्ट्र पर असाधारण सामाजिक व आर्थिक दबाव डालते हैं। इसके कारण भ्रष्टाचार बढ़ता है तथा शासन-प्रशासन में बाधा आती है।**



**उत्तम गुप्ता**
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)



केन्द्र सरकार ने भारत के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में एक समिति गठित की है जो लोकसभा, राज्य विधानसभाओं, पंचायतों व अन्य स्थानीय निकायों के एकसाथ चुनाव कराने पर विचार कर रही है। हालांकि, इस समिति ने अभी विचार-विमर्श शुरू किया है और इसकी पहली बैठक 23 सितंबर, 2023 को हुई, पर अनेक विपक्षी दलों ने इस विचार का घोर विरोध किया है। विपक्ष का विरोध नया नहीं है। उसने 2019 में भी इसका विरोध किया था जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उस साल 19 जून को आयोजित बैठक में 'एक देश, एक चुनाव'-ओएनओई का विचार सामने रखा था। बैठक में आमंत्रित लगभग 50 प्रतिशत राजनीतिक दलों ने इस बैठक का बहिष्कार किया था। ऐसे में सवाल उठता है कि इसके विरोध का क्या कारण है? विपक्ष का मुख्य आधार है कि यह संघीय राजनीति पर हमला है और इस कारण असंवैधानिक है। पार्टियों का तर्क है कि लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के चुनाव एकसाथ होने पर राज्यों के विशिष्ट मुद्दों पर राष्ट्रीय मुद्दों का वर्चस्व हो जाएगा। इसका नतीजा प्रभुत्वशाली राष्ट्रीय पार्टी को लाभ के रूप में सामने आएगा क्योंकि मतदाता विधानसभा के लिए सदस्य चुनते समय वोट देने में अपनी पसंद स्पष्ट रूप से परिभाषित नहीं कर पाएंगे। इस प्रकार लोकसभा में स्पष्ट बहुमत पाने वाली पार्टी को राज्यों की जनता का स्थानीय मुद्दों पर विश्वास नहीं प्राप्त होगा, लेकिन वह राज्यों पर भी शासन करेगी। अधिकांश विपक्षी दलों को भय है कि राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा अपना लाभ की स्थिति में है और वह पूरे देश में अपनी सरकारें बनाने में सफल हो जाएगी। इससे संविधान का संघीय चरित्र प्रभावित होगा जिसमें राज्यों के मुद्दे स्थानीय आवश्यकताओं व महत्वाकांक्षाओं के अनुरूप होते हैं।

लेकिन ऐसे तर्क पूर्णतः गलत हैं। इसमें अनुमान लगाया गया है कि एकसाथ संसद व विधानसभाओं के लिए मतदान करने के कम समय मतदाता अपनी पसंद प्रभुत्व वाली राष्ट्रीय पार्टी या प्रकारान्तर से भाजपा के पक्ष में प्रकट करेंगे। लेकिन यह विश्वास कैसे किया जा सकता है कि एकसाथ लोकसभा और राज्य विधानसभा के लिए वोट देने में मतदाता भ्रमित हो जाएंगे? यह 'शिक्षित' मतदाताओं की 'सूचना-आधारित' मतदान की क्षमता पर गंभीर सवाल उठाता है। मामला ऐसा बिल्कुल नहीं है। मतदाता इतने बुद्धिमान हैं कि वे सही पसंद करते हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव तथा कुछ राज्य विधानसभाओं, जैसे आंध्र प्रदेश व ओडिशा के परिणाम यह बात पूरी तरह स्पष्ट करते हैं। ये चुनाव एकसाथ हुए थे।

राष्ट्रीय विमर्श के प्रभुत्वशाली ढंग से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पक्ष में होने के बावजूद इन राज्यों के मतदाताओं ने क्षेत्रीय पार्टियों को स्पष्टतः प्रमुखता दी थी। उस समय वाईएसआर कांग्रेस तथा बीजू जनता दल को विधानसभाओं में स्पष्ट बहुमत मिला था। हालांकि, मतदाताओं ने लोकसभा और विधानसभा के लिए एकसाथ मतदान किया था, लेकिन इससे उनको स्थानीय मुद्दों को महत्व देने में कोई बाधा नहीं आई थी। विपक्ष के तर्क एक और दृष्टिकोण से पूरी तरह गलत सिद्ध होते हैं। उपरोक्त उदाहरणों में, राज्य विधानसभाओं में स्पष्ट बहुमत पाने के साथ ही वाईएसआर कांग्रेस तथा बीजू जनता दल को राज्य से लोकसभा की सीटों में भी बड़ा हिस्सा मिला था। यदि विपक्ष के इस तर्क पर विश्वास कर लिया जाए कि एकसाथ चुनाव होने पर मतदाताओं की पसंद भ्रमित हो सकती है, तो क्या हमारे कहने का यह अर्थ है कि 'राष्ट्रीय मुद्दों पर स्थानीय मुद्दों को वरीयता प्राप्त है'?

मुख्य बात यह है कि मतदाता काफी बुद्धिमान हैं और वे लोकसभा व राज्य विधानसभाओं के लिए मतदान में अंतर कर सकते हैं। लोकसभा चुनाव के लिए मतदान करने के समय मतदाता राष्ट्रीय मुद्दों से निर्देशित होते हैं, जबकि विधानसभा चुनाव के लिए मतदान के समय उनके दिमाग में स्थानीय मुद्दे होते हैं। मतदाता इसलिए भी भ्रमित नहीं होते हैं कि उनको एकसाथ अलग-अलग बटन दबाने होते हैं। एकसाथ चुनाव कराने में कुछ भी असंवैधानिक नहीं है। भारतीय संविधान के निर्माताओं ने केवल एकसाथ चुनावों की कल्पना की थी। वास्तव में 60 के दशक मध्य तक चीजें पटरी पर चल रही थीं। लेकिन इसके बाद तत्कालीन सत्तारूढ़ अवस्थापना ने 1968-1969 में कुछ विधानसभाओं तथा 1970 में लोकसभा को समय से पहले भंग कर इसमें बाधा डाली। समय बीतने के साथ ही अनेक अन्य विधानसभायें भंग होने से स्थिति और बिगड़ गई। 1952 से 1957 तक पहले चरण में लोकसभा व विधानसभाओं के चुनाव एकसाथ होते थे।

उस समय सारी चीजें ठीक थीं, फिर आज वही स्थिति फिर बहाल करने से 'संघवाद' पर हमले की कल्पना कैसे की जा सकती है। वर्तमान व्यवस्था में जहां लगभग हर साल किसी न किसी विधानसभा के चुनाव होते हैं, राष्ट्र पर असाधारण सामाजिक व आर्थिक दबाव पड़ता है। चुनाव करवाने में केवल आधिकारिक खर्च ही नहीं होता है, बल्कि कई हजार करोड़ रुपये राजनीतिक पार्टियों को भी खर्च करने होते हैं। महाराष्ट्र जैसे बड़े राज्य में आधिकारिक खर्च 1,000 करोड़ रुपये तक जा सकता है। बार-बार चुनाव के कारण भ्रष्टाचार तथा अन्य अनैतिक व्यवहारों को बढ़ावा मिलता है क्योंकि पार्टियों भारी खर्च से निपटने के लिए पैसा एकत्र करती हैं।

इसके साथ ही 'आदर्श आचार संहिता'-एमसीसी लागू होने के कारण प्रशासन के मुद्दों से ध्यान हटता है। हर बार चुनाव शुरू होने पर सभी बड़े नीतिगत निर्णय लेने पर रोक लग जाती है जिससे विकास कार्य बाधित होते हैं। परियोजनाओं के क्रियान्वयन में विलंब के कारण उनकी लागत बढ़ती है जिससे राजकोष पर असहनीय बहुत भारी बोझ पड़ता है। इसका उदाहरण डेडीकेटेड फ्रेट कारीडोर परियोजना पूरी होने में आया विलंब है। बार-बार चुनाव का एक सर्वाधिक चिन्ताजनक प्रभाव यह है कि लगभग सभी राजनीतिक पार्टियों को चुनाव जीतने के लिए एक न एक 'खैरात' की घोषणा करनी पड़ती है। देश की सबसे पुरानी कांग्रेस पार्टी द्वारा कर्नाटक में दी गई 'पांच गारंटियां' इसका उदाहरण है। इस साल होने वाले सभी राज्यों के विधानसभा चुनावों में उसने ऐसी ही गारंटियां दी हैं। आम आदमी पार्टी-आप जैसी पार्टियां भी इसी रास्ते पर चल रही हैं। इन खैरातों के कारण राज्यों का खजाना खाली हो सकता है।

बार-बार चुनाव होने के कारण राजनीतिक पार्टियों हर साल चुनावी तरीके से काम करती हैं। इसके कारण केन्द्र सरकार को कठोर सुधार क्रियान्वित करने की हिम्मत नहीं पड़ती है। यह बात खासकर केन्द्र व राज्यों में सत्तारूढ़ पार्टी के लिए सही है। पूर्व वित्त मंत्री अरुण जेटली ने उर्वरक सब्सिडी में भारी कटौती का वादा किया था, लेकिन उर्वरक सब्सिडी लगातार बहुत तेजी से बढ़ रही है। 2022-23 के दौरान यह 255,000 करोड़ तक पहुंच गई थी। इन विकृतियों को दूर करने के लिए व्यवस्था परिवर्तन होना चाहिए। भारतीय संविधान निर्माताओं की इच्छानुसार 'एक देश, एक चुनाव'-ओएनओई बहाल किया जाना चाहिए। इससे केन्द्र व राज्य सरकारों को बिना किसी विचलन के पांच साल प्रशासन पर ध्यान देने का अवसर मिलेगा। इससे चुनाव खर्च पर हजारों करोड़ रुपये बचाने का मौका मिलेगा, नीतिगत निर्णयों की निरंतरता सुनिश्चित होगी, परियोजनाओं तथा विकास कार्यों का अबाध क्रियान्वयन होगा, चुनाव-उन्मुख लोकरंजक खैरातों में भारी कमी आएगी तथा कठोर सुधार क्रियान्वित करने का अवसर मिलेगा।

यदि सत्तारूढ़ दल निर्धारित कार्यकाल के बीच में विश्वास मत में पराजित हो जाता है तो विपक्षी दलों ने ऐसी स्थितियों में अनिश्चितता की ओर संकेत किया है। लेकिन उनको स्वीकार करना चाहिए कि यह रूटीन के बजाय विरल स्थिति होगी। ऐसी विरल स्थितियों से निपटने के लिए 'बचे' कार्यकाल हेतु चुनाव करवाने अथवा एक नया नेता चुनने पर विचार किया जा सकता है जिसे सदन का विश्वास प्राप्त हो। आवश्यक संवैधानिक संशोधनों से 'एक देश, एक चुनाव'-ओएनओई व्यवस्था लागू करने पर अतिरिक्त ईवीएम व वीवीपैट पर कुछ खर्च हो सकता है। लेकिन यह खर्च असाधारण सामाजिक-आर्थिक लाभ प्राप्त करने की तुलना में बहुत कम होगा।

# गांवों में नल से जलापूर्ति की परिवर्तनकारी सुविधा

> **नलों से स्वच्छ पेयजल ने बुंदेलखण्ड के निवासियों के जीवन में आमूल-चूल परिवर्तन ला दिया है, लेकिन चुनौतियां अभी भी बनी हुई हैं**



**मनीषा शुक्ला**
(लेखिका, सोशल एक्टिविस्ट हैं)

बुंदेलखण्ड परंपरागत रूप से एक सूखा-प्रवण क्षेत्र रहा है जहां अक्सर सूखा पड़ता है, लोगों को साफ पीने का पानी पाने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ती थी और कुछ मामलों में तो कई किलोमीटर तक यात्रा करनी पड़ती थी। भारत का बुंदेलखण्ड क्षेत्र कई मुद्दों से जूझ रहा है, जिनमें वर्षा पर भारी निर्भरता, अपर्याप्त सिंचाई और जलवायु परिवर्तन और सूखे की संवेदनशीलता शामिल है। तेरह आर्थिक रूप से वंचित और कम विकसित जिलों को शामिल करने वाला यह क्षेत्र, रोजगार और आर्थिक प्रगति दोनों के लिए कृषि पर बहुत अधिक निर्भर करता है। जबकि कृषि क्षेत्र की आर्थिक उन्नति के लिए महत्वपूर्ण है, इसे बार-बार सूखे के कारण व्यवधानों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में स्वच्छ पेयजल किसी विलासिता से कम नहीं है।

स्वच्छ पेयजल तक पहुंच एक मौलिक अधिकार है जो भारत में कई ग्रामीण परिवारों से लंबे समय से गायब है। इस सख्त जरूरत को पहचानते हुए, जल जीवन मिशन योजना एक ही लक्ष्य के साथ शुरू की गई : प्रत्येक ग्रामीण परिवार को नल के माध्यम से स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना। उत्तर प्रदेश में, जल जीवन मिशन का एक हिस्सा, हर घर जल योजना ने बुंदेलखण्ड क्षेत्र में उल्लेखनीय सफलता देखी है, जिससे यहां के निवासियों के जीवन में बुनियादी बदलाव आया है। जल जीवन मिशन ने दशकों से पानी की कमी से जूझ रहे बुन्देलखण्ड और विंध्य क्षेत्र की कायापलट कर दी है। इसने हर घर में शुद्ध पेयजल के सपने को हकीकत में बदल दिया है। मिशन ने इन क्षेत्रों को बड़े पेयजल संकट से बचाया है, हजारों गांवों को स्वच्छ पानी उपलब्ध कराया है।

मिशन में पाइपलाइन बिछाना, पानी की टंकियों का निर्माण, जल उपचार संयंत्र स्थापित करना, जल स्रोतों को बढ़ाना और प्रभावशाली गति से नल जल कनेक्शन प्रदान करना शामिल है। इस पहल में सूखा प्रभावित क्षेत्रों, पानी की गुणवत्ता की समस्या वाले गांवों, आकांक्षी जिलों और जापानी एन्सेफलाइटिस और एन्सेफलाइटिस सिंड्रोम जैसी बीमारियों से प्रभावित लोगों को प्राथमिकता दी गई है।

जल जीवन मिशन का लक्ष्य उत्तर प्रदेश में 2024 तक 2,62,29,815 परिवारों को घरेलू नल कनेक्शन प्रदान करना है। हर घर जल योजना के तहत, प्रति ग्रामीण 55 लीटर पानी की दैनिक आपूर्ति का वादा किया गया था। 14 सितंबर, 2023 तक, इस मिशन ने पहले ही महत्वपूर्ण प्रगति की है, जिसमें नल के पानी की सुविधा 1,60,20,616 परिवारों तक पहुंच गई है और लगभग 9,61,23,696 लोगों को लाभ हुआ है।

जल जीवन मिशन सिर्फ स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के बारे में नहीं है बल्कि रोजगार के अवसर पैदा करने के बारे में भी है। प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किए गए हैं, प्रत्येक ग्राम पंचायत के तहत 13 युवाओं को प्रशिक्षित किया जा रहा है। इन प्रयासों ने नलसाजी, विद्युत कार्य, मोटर यांत्रिकी, फिटिंग, चिनाई और पंप संचालन सहित विभिन्न व्यवसायों में प्रशिक्षण प्रदान करके ग्रामीण युवाओं को सशक्त बनाया है। हम लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करना चाहते हैं ताकि वे जागरूक और हितधारक बनें। दस साल बाद ये लोग ही हैं जो इन सुविधाओं का प्रबंधन और संचालन करेंगे उत्तर प्रदेश के प्रमुख सचिव अनुराग श्रीवास्तव कहते हैं।

रोजगार के अवसरों के अलावा, मिशन प्रत्येक गांव की पांच महिलाओं को स्वच्छ पेयजल के लिए जल परीक्षण में प्रशिक्षित करके ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने पर केंद्रित है। ये महिलाएं अपने गांवों में पानी की गुणवत्ता की जांच करने के लिए फील्ड टेस्ट किट का उपयोग करती हैं, जो नल, कुएं, हैंडपंप और ट्यूबवेल जैसे स्रोतों में 11 विभिन्न मापदंडों का आकलन करती हैं। आपूर्ति किए गए पानी की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए अब तक 4,87,955 से अधिक महिलाओं को जल परीक्षण में प्रशिक्षित किया गया है। स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था का जन स्वास्थ्य पर गहरा प्रभाव पड़ा है। इससे डायरिया, हैजा, टाइफाइड और मलेरिया जैसी जलजनित बीमारियों का प्रसार कम हो गया है। ग्राम प्रधान हसमुख परिहार कहते हैं, छह महीने पहले जल संयंत्र का संचालन शुरू होने के बाद से हमारे गांव में बीमारियों में उल्लेखनीय गिरावट आई है।

हर घर जल योजना के तहत बुन्देलखण्ड क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। अब तक, क्षेत्र में कुल 1,419,730 एफएचटीसी में से 1,280,292 कार्यात्मक घरेलू नल कनेक्शन (एफएचटीसी) प्रदान किए गए हैं। इसका मतलब है कि बुन्देलखण्ड में 7,681,752 ग्रामीणों को नल के माध्यम से स्वच्छ पेयजल उपलब्ध है।

बुन्देलखण्ड पाइप पेयजल परियोजना जल जीवन मिशन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। इस प्रोजेक्ट पर सात शहरों झांसी, ललितपुर, जालौन, हमीरपुर, बांदा, चित्रकूट और महोबा में काम चल रहा है। बुन्देलखण्ड क्षेत्र में 35 परियोजनाओं के अन्तर्गत कुल 71 योजनाएं संचालित हैं।

इन परियोजनाओं में सेवन कुएं, जल उपचार संयंत्र, स्वच्छ जल भंडार और ओवरहेड टैंक शामिल हैं, जिनका उद्देश्य स्वच्छ पेयजल की निरंतर आपूर्ति को सुनिश्चित करना है। वास्तव में, हर घर जल योजना जीवन बदल रही है लेकिन पूर्ण कवरेज सुरक्षित होने तक अभी एक लंबा रास्ता तय करना है। इसके अलावा, पानी की गुणवत्ता और इसकी बारहमासी आपूर्ति के मुद्दों को भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए। हालांकि यह परियोजना पीने का पानी उपलब्ध करा रही है, लेकिन इसका अभी भी लोगों के मानस पटल पर उतरना बाकी है क्योंकि इसका बहुत सा हिस्सा अभी भी बर्बाद हो रहा है और अक्सर लोग ऐसा करते हैं।

## आप की बात

### आतंकवाद से मुकाबला

**इंटरनेशनल लॉयर्स कॉन्ग्रेस** में बोलते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद से लड़ने के लिए उपयुक्त कानून व प्रक्रिया खोजने का सुझाव दिया है। भारत पाकिस्तान पोषित आतंकवाद से लंबे अरसे से परेशान हो रहा है। अब कनाडा भी बड़े पैमाने पर खालिस्तानी आतंकवादियों के निर्यात का अड्डा बन गया है। इंदिरा जी की हत्या के बाद कई वर्षों तक ये आतंकवादी निष्क्रिय रहे हैं। मगर गत कुछ वर्षों से पंजाब व देश के कुछ भागों में कनाडा से जुड़े खालिस्तान-समर्थकों ने इसे पुनर्जीवित करने का प्रयास किया है। अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर किसी दूसरे देश के गुनहगारों को अपने देश में आश्रय देना और सभी तरह से उन्हें साधन उपलब्ध करवाना भारत से दुश्मनी निभाने जैसा ही है। इस संबंध में भारत में कनाडाई नागरिकों के देश में आने-जाने पर प्रतिबंध व नए वीजा नहीं जारी करने का निर्णय स्वागत योग्य है। इस परिदृश्य को देखते हुए अंतराष्ट्रीय स्तर पर आतंकवाद से मुकाबले की व्यापक, समावेशी व समग्र रणनीति बननी चाहिए तथा किसी भी देश के किसी भी विचारधारा वाले नेता को अपनी धरती से दूसरे देश के खिलाफ अभियान चलाने वालों को काम करने की अनुमति नहीं देनी चाहिए।

- सुभाष बुड़ावन वाला, रतलाम

### कनाडा की नीति

**कनाडा** भी आजकल भारत-विरोध में पाकिस्तान, चीन, तुर्की की राह पर चलने लगा है। आजकल कनाडा में भारत-विरोधियों का जमावड़ा लगातार हो रहा है। खालिस्तान के समर्थक भारत में बिल्कुल नहीं बचे हैं लेकिन उनको कनाडा पनाह दे रहा है, उन्हें पाल रहा है और उन्हें अपनी नागरिकता भी दे रहा है। यह हमारे लिए यह बड़ी चिंता की बात है क्योंकि हमने अक्सर कनाडा को अपना सहयोगी देश समझा था। पिछले दिनों कनाडा ने बेतुका आरोप लगाया कि कनाडा निवासी एक खालिस्तान-समर्थक की हत्या करवाने में भारत सरकार ने मुख्य भूमिका निभाई है। भारत सरकार का यही कहना है कि इस अलगाववादी की मौत में हमारा कोई हाथ नहीं है, मगर कनाडा ने हमारी बात को स्वीकार नहीं किया है। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो आजकल खालिस्तानियों के भरोसे अपनी सरकार चला रहे हैं और उनके दबाव में भारत के खिलाफ बयान दे रहे हैं। उनके पिता व पूर्व प्रधानमंत्री पियरे ट्रूडो भी खालिस्तान-समर्थकों का समर्थन करते थे। दुख है कि उनका बेटा भी इसी राह पर चल रहा है। भारत ने राजनयिक रूप से कनाडा को कड़ा जवाब दिया है।

-मनमोहन राजावत, शाजापुर

### आवारा कुत्ते

**स्थानीय निकायों** की लापरवाही एवं बदइंतजामी के कारण शहरों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में आवारा कुत्तों की तादाद बढ़ रही है। कुत्तों के काटने के कारण अनेक लोग जख्मी हो जाते हैं। इनके पीछे भागने के कारण बाइक सवार अपना संतुलन खो बैठते हैं एवं दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं। कुत्तों के काटने पर लगने वाले इंजेक्शन भी सब जगह उपलब्ध नहीं होते हैं। संक्रमण बढ़ने पर प्रभावित की जान भी जा सकती है। सरकार को देश के सभी प्रायमरी हेल्थ सेंटर पर एंटी रेबीज टीके उपलब्ध करवाने की व्यवस्था करना चाहिए। कुत्तों की नसबंदी होनी चाहिए। कुत्तों को पकड़ने के संसाधन, वाहन एवं कर्मचारी सभी नगरपालिका तथा ग्राम पंचायत क्षेत्र में उपलब्ध होने चाहिए। आवारा कुत्तों से लोगों की सुरक्षा का दायित्व स्थानीय निकायों को निभाना चाहिए। पालतू कुत्ते भी कई बार अपने पालकों की लापरवाही से राह चलते नागरिकों पर हमला कर देते हैं। खुशी की बात है कि संभवतः एक वरिष्ठ वकील साहब को कुत्ते के काटने के कारण अब सर्वोच्च न्यायालय इस मुद्दे पर विचार कर रहा है। उम्मीद है कि उसका फैसला जल्दी आएगा।

- ललित महालकरी, इंदौर

### ट्रेनों में भीड़

**पूरा देश** जब दुर्गा पूजा, दशहरा, छठ पूजा और दिवाली के जश्न के लिए तैयारी करता है तब हमारे पूर्वांचल के भाई-बहन अपने घर जाने की भारी उलझन में दिखाई देते हैं। पूर्वांचल की तरफ जाने वाली ट्रेनों में बुकिंग कर पाना आसान नहीं है। ऐसा नहीं कि रेल मंत्रालय द्वारा ट्रेनों की संख्या नहीं बढ़ाई जाती है लेकिन यात्रियों का दबाव इतना अधिक है कि प्रत्येक वर्ष सरकारी तैयारी नाकाफी साबित होती है। भारत सरकार से इस संदर्भ में विनम्र आग्रह है कि पूर्वांचल के गरीब यात्रियों की यात्रा सुगम एवं व्यवस्थित करने के प्रयास तेज किए जाने चाहिए। ट्रेनों की संख्या बढ़ाने के साथ ही वैकल्पिक सार्वजनिक परिवहन की भी समुचित व्यवस्था करनी चाहिए। भारत सरकार देश की बड़ी ट्रांसपोर्ट कंपनियों से अनुबंध के आधार पर त्योहारों व अन्य भीड़भाड़ के अवसर पर विशेष व्यवस्था लागू करने पर विचार कर सकती है। इससे ट्रेनों में भीड़ थोड़ी कम होगी तथा डग्गामार बसों में दिन-रात मेहनत करने वाले गरीबों को जानवरों की तरह भर कर, उनके पैसे की लूट व जीवन खतरे में डालने से भी बचाया जा सकेगा।

- वीरेंद्र कुमार जाटव, दिल्ली

पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से pioneerhry@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# साइबर अपराधों पर असरदार नकेल कसने की तैयारी में हरियाणा पुलिस

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

**हरियाणा** के पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने इस बात पर जोर दिया कि साइबर अपराध को रोकने के लिए गोल्डन आवर्स की सीमा में काम करते हुए प्रतिक्रिया समय को कम करने की दिशा में प्रयास किए जाएं। इस कार्य में जितनी महत्वपूर्ण भूमिका पुलिस विभाग की है उतनी ही बैंककर्मियों की भी है। इसके लिए बैंकों तथा पुलिस विभाग में बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए काम किया जाना अत्यंत आवश्यक है ताकि साइबर अपराध होने पर दोनों एक टीम के रूप में काम करते हुए साइबर अपराध को प्रभावी ढंग से रोक सके।

यह बात कपूर ने साइबर सुरक्षा को लेकर एचडीएफसी बैंक के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहीं। बैठक में साइबर पोर्टल के नागरिक वित्तीय साइबर धोखाधड़ी रिपोर्टिंग प्रबंधन प्रणाली मॉड्यूल तथा साइबर अपराधियों को पकड़ने में आ रही समस्याओं व उनके समाधान को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित एचडीएफसी बैंक के अधिकारियों ने भी पुलिस प्रशासन का पूरा सहयोग करने का आश्वासन दिया। बैंक अधिकारियों ने कहा कि हमारे ग्राहकों की जमा पूंजी को सुरक्षित रखना हमारी प्राथमिकताओं में से एक है और पुलिस प्रशासन को साइबर सुरक्षा संबंधी हर संभव मदद दी जाएगी। बैठक में एडीजीपी साइबर क्राइम ओपी सिंह ने साइबर सुरक्षा को लेकर आ रही चुनौतियों सहित कई अन्य महत्वपूर्ण तथ्यों के बारे में जानकारी दी।



पुलिस महानिदेशक ने कहा कि साइबर अपराध होने पर उसे शुरुआती समयावधि में रोकने की संभावनाएं अपेक्षाकृत अधिक होती हैं, इस अवधि को गोल्डन ऑवर कहा जाता है। उन्होंने बैठक में उपस्थित बैंक अधिकारियों

## पुलिस और बैंक टीमों के मिलकर काम करने पर जोर

से कहा कि वे शिकायतों पर तत्परता से कार्रवाई करें और प्रतिक्रिया समय को कम करने के लिए अपने यहां तैनात नोडल अधिकारियों की संख्या बढ़ाएं ताकि अवकाश के दिनों तथा विषम समय में भी निर्धारित एसओपी के तहत काम किया जा सके। इन नोडल अधिकारियों की कार्यक्षमता बढ़ाने तथा रीयल टाइम कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी देने के लिए इनकी पुलिस विभाग की नेशनल साइबर हेल्पलाइन नंबर - 1930 की टीम के साथ ट्रेनिंग करवाई जाएगी ताकि दोनों में अच्छा समन्वय स्थापित हो।

उन्होंने बताया कि साइबर अपराध को रोकने के लिए मामलों को दो श्रेणियों में विभाजित किया जाएगा । पहली श्रेणी में साइबर अपराध संबंधी ऐसे मामलों को रखा जाएगा जिनके घटित होने के तुरंत बाद हेल्पलाइन नंबर पर कॉल प्राप्त की जाती है और साइबर अपराधी को आगे के लेन देन करने से रोका जाता है। दूसरी श्रेणी में ऐसे साइबर अपराधों को रखा जाएगा जिन्हें घटित हुए अपेक्षाकृत ज्यादा समय बीत चुका है। इन दोनों श्रेणियों के मामलों का निपटारा करने के लिए अलग-अलग टीमें काम करेंगी। उन्होंने बैंक के अधिकारियों से कहा कि वे बैकलॉग को कम करने के लिए अलग से टीम गठित करें ताकि पुरानी शिकायतों का भी जल्द से जल्द समाधान हो सके। इसके अलावा, बैठक में आईएफएससी कोड के वेरिफिकेशन, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बैंक खातों में संदिग्ध लेनदेन आदि की निगरानी को लेकर भी चर्चा की गई। पुलिस महानिदेशक ने बैठक में उपस्थित बैंक अधिकारियों से कहा कि वे प्वाइंट ऑफ सेल(पीओएस) मशीनों को देने से पहले विक्रेता के व्यापार का सत्यापन अवश्य करें ताकि मशीन का उपयोग साइबर अपराधियों द्वारा न किया जा सके। कपूर ने इन मशीनों की जिओफेंसिंग करवाने की आवश्यकता पर भी बल दिया ताकि एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाने के बाद ये मशीनें स्वत: ही निष्क्रिय हो जाएं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि यदि किसी बैंक खाते में संदिग्ध लेनदेन पाया जाता है तो बैंक तुरंत कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि अक्टूबर के प्रथम सप्ताह में बैंक द्वारा नियुक्त टीम का प्रशिक्षण करवाया जाएगा।

## शिक्षा मंत्री से मिला हरियाणा शारीरिक शिक्षक एसो. का प्रतिनिधि मंडल

**कैथल।** पीटीआई एनएफसी के समान वेतन ग्रेड, शारीरिक शिक्षकों की प्रमोशन, सीनियोरिटी लिस्ट व अन्य मामलों में हरियाणा शारीरिक शिक्षक एसोसिएशन की शिक्षा मंत्री हरियाणा व निदेशक मौलिक शिक्षा अधिकारी पंचकूला हरियाणा से बात हुई। इन सभी मामलों में शिक्षा मंत्री ने कहा कि है मामला मेरी संज्ञान में पहले से ही है और उन्होंने तुरंत ही निदेशक मौलिक शिक्षा अधिकारी हरियाणा को फोन करके संगठन से बात करने के लिए कहा।

उसके बाद संगठन के पदाधिकारी निदेशक मौलिक शिक्षा अधिकारी हरियाणा से भी मिले और सभी मामलों में अपनी राय रखी। निदेशक मौलिक शिक्षा अधिकारी ने कुछ मामलों में तुरंत ही एक्शन लेने की बात कही और ग्रेड के मामले में वित्त मंत्रालय से आने वाले निर्देश के अनुसार ही कार्यवाही करने को कहा।

साथ ही पहुंचे सभी पदाधिकारियों को संभवत मदद का आश्वासन दिया। अधिकारियों से वार्ता कर संबंधित मामले पर जल्द सुनवाई के लिए कहा। आज के शिष्ट मंडल में राज्य प्रधान सतवीर देशवाल, महासचिव ओम प्रकाश व जिला कैथल प्रधान रमेश चहल, नरेश बनवाला, जसवीर कुरुक्षेत्र, जितेंद्र सोनीपत, चंद्रफूल सोनीपत व अन्य जिलों के प्रधान व शारीरिक शिक्षक मौजूद रहे।

# एसवाईएल का निर्माण जल्द से जल्द किया जाए

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने उत्तर क्षेत्रीय परिषद की बैठक में रखा मुद्दा



पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

**केंद्रीय** गृह मंत्री श्री अमित शाह की अध्यक्षता में मंगलवार को पंजाब के अमृतसर में उत्तर क्षेत्रीय परिषद की 31वीं बैठक में हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने पंजाब क्षेत्र में सतलुज-यमुना संपर्क नहर का निर्माण कार्य पूर्ण करने, चंडीगढ़ स्थित पंजाब विश्वविद्यालय से हरियाणा के कॉलेजों को संबद्ध करने सहित कई महत्वपूर्ण मुद्दों को मजबूती से रखा।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि राज्यों की साझा प्रगति के लिए विकास परियोजनाओं के सफल और त्वरित निष्पादन के लिए राज्यों के बीच सहयोग का माहौल स्थापित करना अति महत्वपूर्ण है और यह बैठक राज्यों के बीच विभिन्न मुद्दों को समयबद्ध ढंग से सुलझाने में सहायक सिद्ध होगी। अपने संसाधनों को एकत्रित करके, ज्ञान साझा करे और सर्वोत्तम पद्धतियों को अपनाकर हम हमारी परियोजनाओं को कुशलतापूर्वक और प्रभावी ढंग से निष्पादित करना सुनिश्चित कर सकते हैं, जिससे हमारे क्षेत्र और पूरे देश का समग्र विकास हो सके। मनोहर लाल ने कहा कि एस.वाई.एल. का निर्माण न करने के बारे में पंजाब का कहना है कि पानी की उपलब्धता कम हो गई है। लेकिन एस.वाई.एल. का निर्माण और पानी की उपलब्धता दो अलग-अलग मुद्दे हैं और एक-दूसरे से जुड़े हुए नहीं हैं।

इसलिए इस मामले में भ्रमित नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने बताया कि रावी, सतलुज और ब्यास के पानी का अधिशेष, बिना चैनल वाला पानी पाकिस्तान में चला जाता है। (पिछले 10 वर्षों में सतलुज के पानी का औसतन 1.68 एम.ए.एफ. और रावी-ब्यास के पानी का 0.58 एम.ए.एफ. पाकिस्तान की तरफ गया है)। इस राष्ट्रीय हानि को रोकने के लिए एस.वाई.एल.का निर्माण जरूरी है।

उन्होंने कहा कि भाखड़ा बांध नंगल बांध से हरियाणा के लिए केवल एक कैरियर चैनल यानी 61 कि.मी. लंबा नंगल हाइडल चैनल (एन.एच.सी.) है। इसका निर्माण 1954 के दौरान किया गया था, जो वर्तमान में 68 वर्ष पुराना हो गया है। यदि एन.एच.सी. के पुराना होने की स्थिति में कोई दुर्घटना होती है, तो पूरी प्रणाली ठप हो जाएगी और हरियाणा को पानी की आपूर्ति नहीं हो पाएगी। ऐसे समय में एस.वाई.एल. वैकल्पिक चैनल का काम भी करेगी। इसलिए एस.वाई.एल. का निर्माण जल्द से जल्द किया जाए। पानी की उपलब्धता न होने की बात करके इसे रोकना उचित नहीं है।

# मेयर निखिल मदान की अध्यक्षता में वित्त एवं अनुबंध कमेटी की बैठक हुई संपन्न



नगर निगम कार्यालय में बैठक की अध्यक्षता करते मेयर मदान।

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत

**नगर** निगम मेयर कार्यालय में मंगलवार को वित्त एवं अनुबंध कमेटी की बैठक मेयर निखिल मदान की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। मेयर निखिल मदान ने बताया कि निगम क्षेत्र के विभिन्न विकास कार्यों के लिए आज लगभग 7 करोड़ 52 लाख 80 हजार रुपए के बजट को सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई है। इन कार्यों में मुख्य रूप से 2 करोड़ 24 लाख 73 हजार रुपए की लागत से पेयजल आपूर्ति के लिए पानी की पाइप लाइन खरीद, पश्चिमी जोन में पेयजल आपूर्ति हेतु 61 लाख रुपए की लागत से वाटर डिस्पोजल का रखरखाव एवं मरम्मत, देवडू रोड पर वार्ड नम्बर 5 की शिव कालोनी में गली नम्बर 1 और 7 को 84 लाख 85 हजार रुपए की लागत से सीसी से पक्का किया जायेगा।

वहीं वार्ड नं 5 की ऋषि कालोनी में 93 लाख 68 हजार रुपये की लागत से विभिन्न गलियों को सीसी से पक्का किया जायेगा। इसके अतिरिक्त वार्ड नं 19 में शास्त्री कालोनी से इंडियन कालोनी की तरफ जाने वाले राजस्व के कच्चे पड़े रास्ते को 1 करोड़ 10 लाख रुपए की लागत से सीसी से पक्का किया जाएगा। वहीं वार्ड नं 14 में 95 लाख रुपए की

## नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में 7 करोड़ 52 लाख 80 हजार रुपए से होंगे विकास कार्य

## नगर निगम क्षेत्र के विकास कार्यों के लिए सर्वसम्मति से 7 करोड़ 52 लाख 80 हजार का बजट हुआ स्वीकृत

लागत से मोहन नगर की गलियों को सीसी से पक्का किया जाएगा।

इसके अतिरिक्त वार्ड 14 के अंतर्गत आने वाली लहराडा गांव की फिरनी रोड को, मोहन नगर से लहराड़ा गांव की तरफ जाने वाले रास्ते को 81 लाख रुपए की लागत से सी सी से पक्का किया जायेगा। इन सभी कार्यों को आगामी दिनों में धरातल पर शुरू किया जाएगा। बैठक में निगम आयुक्त विश्राम कुमार मीणा, सीनियर डिप्टी मेयर राजीव सरोहा, डिप्टी मेयर मंजीत गहलावत, कमेटी उपाध्यक्ष निगम पार्षद सुरेंद्र मदान, सह सदस्य एवं निगम पार्षद सुरेंद्र नैय्यर, पार्षद विजेंद्र मलिक विशेष रूप से मौजूद रहे।

# गवर्नमेंट कॉलेज में उद्यमिता पर व्याख्यान हुआ आयोजित, छात्रों का किया मार्गदर्शन

पायनियर समाचार सेवा। कैथल

**गवर्नमेंट** कॉलेज के वाणिज्य विभाग ने उद्यमिता पर एक व्याख्यान का आयोजन किया। इस व्याख्यान का आयोजन ईडीसी महाविद्यालय की उद्यमिता विकास परिषद व वाणिज्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। इंदु अग्रवाल संस्थापक दिशा फॉर सक्सेस एंड टैलेंट ग्रो ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड ने मुख्य वक्ता के तौर पर शिरकत की।

प्राचार्य डॉ. मनोज कुमार भांबू ने छात्रों को वक्ता का परिचय दिया। इंदु अग्रवाल ने 21वीं सदी की चुनौती के लिए 21वीं सदी के कौशल की जरूरत बताई। उन्होंने छात्रों के साथ अपने अनुभव सांझा किए। उन्होंने छात्रों को कड़ी मेहनत, कौशल, समस्याओं को हल करने की क्षमता, नवीन कौशल, तकनीकी प्रगति का



व्याख्यान देते हुए इंदु अग्रवाल।

लाभ उठाने और बाजार अनुसंधान कौशल की भूमिका के बारे में विस्तार से बताया।

उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि समस्याओं को चुनौतियों के रूप में लेने और उन पर काबू पाने के लिए सही और सकारात्मक मानसिकता सबसे महत्वपूर्ण है। सत्र के बाद डॉ. कृतिका ने अपने प्रयासों के लिए स्पीकर का धन्यवाद किया। इस अवसर पर डॉ. सुशील कुमार, डॉ. राम गोपाल, विनोद, दिनेश, डॉ. सरिता, अनु गर्ग और अनुराधा उपस्थित थे।


## नहर में कार डूबने से युवक की मौत

**कैथल।** गांव मुंदड़ी के पास सिरसा ब्रांच नहर में कार डूबने से एक युवक की मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि उन्होंने एक कर को नहर में डूबते हुए देखा और वे उसकी तरफ बचाने के लिए भागे लेकिन पानी का बहाव तेज होने के कारण कार गहरी नहर में जाने लगी।

कार का चालक कार के अंदर ही था और उसने सीट बैल्ट लगा रखी थी। उन्होंने कार का शीशा खोलने की कोशिश की लेकिन खोल नहीं पाए। सूचना मिलने पर गोताखोरों को बुलाया गया और कार को नहर से बाहर निकल गया। काफी कोशिशों के बावजूद भी युवक को बचाया नहीं जा सका। पूंडरी थाना प्रभारी रामपाल ने बताया कि जैसे ही उन्हें कार डूबने की सूचना मिली तो वे मौके पर गए लेकिन युवक को बचाया नहीं जा सका। उन्होंने बताया कि मृतक युवक अजय हुडा सैकटर 20 कैथल का रहने वाला बताया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### बेलसोनिका यूनियन का रजिस्ट्रेशन रद्द करना निंदनीय: फूल सिंह



फूल सिंह।

**कैथल।** जन संघर्ष मंच के प्रदेशाध्यक्ष फूल ड्क्षसह ने कहा कि हरियाणा के ट्रेड यूनियन रजिस्ट्रार ने बेलसोनिका यूनियन के पंजीकरण को रद्द करके दिखा दिया है कि वे और उनका श्रम विभाग मालिकों के हाथों मजदूरों की बढ़ती एकता और आंदोलन को कुचलने का औजार भर है। ट्रेड यूनियन रजिस्ट्रार का यह मजदूर विरोधी कदम अत्यंत निंदनीय व शर्मनाक है। यहां जारी प्रेस बयान में फूल ड्क्षसंह ने कहा कि बेलसोनिका का मालिक व उसका पिट्ठू ट्रेड यूनियन रजिस्ट्रार स्थाई व ठेका मजदूरों की बढ़ती एकता से डर गया है। इसलिए उसने न्याय के तमाम उसूलों को दरकिनार करके बेलसोनिका यूनियन का पंजीकरण रद्द करने का फरमान जारी किया है। बेलसोनिका यूनियन द्वारा ठेका मजदूरों को यूनियन की सदस्यता देने के आधार पर यूनियन का पंजीकरण रद्द करने का यह कदम यूनियन बनाने और चलाने के मजदूरों के मूलभूत अधिकार पर हमला है। बेलसोनिका यूनियन के नेतृत्व में सभी मजदूर छंटनी के खिलाफ संघर्ष चला रहे हैं इसलिए ट्रेड यूनियन रजिस्ट्रार ने बेलसोनिका प्रबंधन के इशारों पर यह कार्रवाई की है। उन्होंने कहा कि बेलसोनिका यूनियन लगातार मजदूर हितों के पक्ष में अपनी कंपनी व देश के व्यापक मजदूर आंदोलन में एक सक्रिय और संघर्षशील ताकत बन कर खड़ी रही है।

### आरकेएसडी के छात्रों ने टॉप-10 सूची में बनाया स्थान



छात्रों को सम्मानित करते हुए प्राचार्य।

**कैथल।** आरकेएसडी महाविद्यालय हिंदी विभाग के विद्यार्थियों ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय द्वारा जारी परिणामों में टॉप-10 की सूची में स्थान प्राप्त किया है। द्वितीय सेमेस्टर में ज्योति ने 390/500 अंक प्राप्त कर तृतीय, कुसुम ने 372/500 अंकों के साथ पांचवां एवं कामिनी ने 364/500 अंकों के साथ आठवां स्थान प्राप्त किया। प्रधान प्रबंधन समिति साकेत मंगल एडवोकेट एवं अन्य सम्मानित पदाधिकारियों ने सभी प्रतिभावान विद्यार्थियों को बधाई दी एवं निर्धारित सम्मान राशि देने की घोषणा की। उन्होंने हिंदी विभाग के सभी प्राध्यापकों को भी बधाई दी। प्राचार्य डॉ संजय गोयल ने 2100 रूपये की राशि इन छात्राओं को प्रदान की। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डॉ. आरपी मौन, डॉ. ओपी सैनी एवं डॉ शरद गौड़ भी उपस्थित रहे।

# डिप्टी कमिश्नर ने विभिन्न स्थानों पर यात्री वाहनों की अनाधिकृत पार्किंग के खिलाफ अभियान शुरू करने के दिए निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। जालंधर

**डिप्टी** कमिश्नर विशेष सारंगल ने मंगलवार को ट्रांसपोर्ट विभाग और कमिश्नरेट पुलिस के ट्रैफिक विंग को शहर में विभिन्न स्थानों पर बसों और आटो की अनाधिकृत पार्किंग के कारण होने वाले यातायात के विघ्न को रोकने के लिए अभियान शुरू करने के निर्देश दिए।

यहां जिला प्रशासकीय परिसर में सड़क सुरक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए, डिप्टी कमिश्नर ने कहा कि ट्रांसपोर्ट विभाग और यातायात पुलिस को बस स्टैंड के एंट्री गेट, बस स्टैंड के फ्लाईओवर के नीचे ( नजदीक वार मैमोरीयल ) पीएपी चौक, रामा मंडी चौक, गुरु नानक मिशन चौक और



अन्य गैर निर्धारित स्थानों पर बसों और आटो के अनियमित रूकने के खिलाफ कार्रवाई की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा कि नैशनल हाईवे और शहर की सड़कों पर बसों और ऑटो के अवैध ढंग से रूकने पर गुजरने वालों की जान जोखिम में रहती है। बस और ऑटो चालक यात्रियों को चढ़ाने और उतारने के लिए बार-बार रुकते है, जिससे यात्रियों की जान को खतरा रहता है। इसके इलावा उन्होंने अभियान संबंधी रिपोर्ट डिप्टी कमिश्नर दफ्तर में जमा करने को भी कहा। डिप्टी कमिश्नर ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए गोराया और भोगपुर क्षेत्रों में तीन ब्लैक स्पॉट हटाने के साथ-साथ करतारपुर, भोगपुर और फिल्लौर में आते हाईवे के डिवाइडरों पर कंटीली तार लगाने को कहा। उन्होंने ट्रैफिक पुलिस को रोडवे अथारिटी की तरफ से गढ़ा चौक पर प्रस्तावित वन-वे ट्रैफिक की संभावना तलाशने के भी निर्देश दिए। उन्होंने किसी भी दुर्घटना को रोकने के लिए अधिकारियों को तेज गति और ओवरलोडिंग वाहनों पर नजर रखने के भी निर्देश दिए। डिप्टी कमिश्नर ने कहा कि सिविल एवं पुलिस प्रशासन लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ-साथ सड़कों पर यातायात को उचित बनाने के लिए वचनबद्ध है। इस अवसर पर अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर (ज) मेजर डा. अमित महाजन एवं संबंधित विभागों के अधिकारी भी उपस्थित थे।

# वर्ल्ड हार्ट डे -पोषण सप्लीमेंट के साथ अपने हृदय स्वास्थ्य को नियंत्रित करें

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम / चंडीगढ़

**वर्ल्ड** हार्ट डे पर, गतिहीन जीवन शैली, तंबाकू, आहार पैटर्न में बदलाव और समय पर निदान की कमी के कारण भारत में हृदय रोगों की बढ़ती चुनौतियों के प्रति संवेदनशीलता बढ़ाना महत्वपूर्ण है। डब्ल्यूएचओ की एक रिपोर्ट के अनुसार, वैश्विक स्तर पर दिल के दौरे से होने वाली 17.9 मिलियन मौतों में से लगभग पांचवां हिस्सा भारत का है।

जबकि हृदय रोग के लिए उम्र, लिंग और आनुवंशिकी सहित कई जोखिम कारक हैं, लोग अपने जोखिम को कम करने के लिए कई कदम भी उठा सकते हैं, जैसे सक्रिय जीवनशैली बनाए रखना, सावधानीपूर्वक आहार विकल्प चुनना और पोषक तत्वों की खुराक लेना।

हृदय स्वास्थ्य को समर्थित करने के लिए पोषण सप्लीमेंट्स के महत्व पर टिप्पणी करते हुए, डॉ. केंट ब्रैडली, हर्बलाइफ के मुख्य स्वास्थ्य और पोषण अधिकारी, ने कहा, एक स्वस्थ आहार सामान्य रूप से हृदय स्वास्थ्य के लिए आधार होता है, और पोषण सप्लीमेंट्स आहार में किसी भी पोषणिक गैप को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

जैसे कि ओमेगा-3 फैटी एसिड, कोएंजाइम क्यू10, और मैग्नीशियम एक सही तरह से काम करने वाले हृदय का समर्थन करते हैं। हमारी उच्च प्रशंसित हर्बलाइफलाइन कैप्सूल्स में ओमेगा-3 फैटी एसिड्स, जैसे कि ईपीए और डीएचए, समेत होते हैं, जो कोलेस्ट्रॉल और ट्राइग्लिसराइड स्तर को बनाए रखने के द्वारा हृदय रोगों के जोखिम को कम करने में मदद करते हैं। हर्बलाइफ एक वैश्विक स्वास्थ्य और वेलनेस कंपनी है, और समुदाय दुनिया भर में पोषण आदतों को बेहतर बनाने के लिए मिश्रण स्वादिष्ट, विज्ञान समर्थित उत्पादों - जैसे कि भोजन की जगह लेने वाले शेक, प्रोटीन पाउडर, लक्षित सप्लीमेंट्स, ऊर्जा बूस्टर्स और आयुर्वेदिक पोषण - के साथ लोगों को मौजूदा जरूरी मैक्रो- और माइक्रो-पोषण जैसे प्रोटीन, वसा, विटामिन, और खनिजों के सही संतुलन को प्राप्त करने में मदद करते हैं। इन उत्पादों को व्यक्तिगत आवश्यकताओं और स्वाद को पूरा करने के लिए अनुकूलित किया जा सकता है ताकि उपभोक्ता अपने विशिष्ट स्वास्थ्य और वेलनेस लक्ष्यों को पूरा कर सकें। दिल का दौरा पड़ने की उम्र कम हो रही है। इंडियन हार्ट हेल्थ एसोसिएशन के अनुसार, भारत में 50 प्रतिशत दिल के दौरे 50 वर्ष से कम उम्र के पुरुषों में होते हैं, जबकि 25 प्रतिशत दिल के दौरे 40 वर्ष से कम उम्र के पुरुषों में होते हैं। हृदय-स्वस्थ आहार का पालन करना, जिसमें सब्जियां, फल, और पूरे अनाज शामिल हैं,।

## डैक्लेमेशन और पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित

**कैथल।** आरकेएसडी महाविद्यालय के भौतिकी विभाग द्वारा एक डैक्लेमेशन और पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। इसके विषय हार्ड वर्क या स्मार्ट वर्क, आर्टिफिशल इंटेलिजेंस, सेटेलाइट संचार और नैनो टेक्नोलॉजी थे।

प्राचार्य डॉ संजय गोयल ने इसका शुभारंभ किया। उनका स्वागत विभागाध्यक्ष डॉ अनिल नरूला, डॉ. अलीशा गोयल, प्रो. मंजू गर्ग, प्रो नेहा एवं प्रो. दीपक शर्मा ने किया। बीएससी फिजिकल साइंस के 8 विद्यार्थियों ने इन विषयों पर विचार प्रस्तुत किए। इनके परिणाम इस प्रकार रहे। डेक्लेमेशन में वैशाली बीएससी तृतीय प्रथम, ईशू बीएससी द्वितीय और विभा बी.एस.सी. द्वितीय से तृतीय रहे। पेंटिंग प्रतियोगिता में मानसी बीएससी तृतीय प्रथम, प्रतिष्ठा बीएससी द्वितीय दूसरा और कुसुम एवं इशिका तृतीय स्थान पर रहे। प्रो. नेहा चौधरी ने मंच का संचालन किया।

AU SMALL FINANCE BANK
A SCHEDULED COMMERCIAL BANK

एयू स्मॉल फाईनेन्स बैंक लिमिटेड (ए शेड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक)

रजिस्टर्ड ऑफिस: 19-A, धुलेश्वर गार्डन, अजमेर रोड़, जयपुर-302001 (CIN:L36911RJ1996PLC011381)

परिशिष्ट IV (देखें नियम 8 (1) कब्जा सूचना)

जबकि अधोहस्ताक्षरकर्ता एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड (ए शेड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक) का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए ''वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 (2002 का 54) और प्रतिभूतिहित प्रवर्तन नियम, 13(12) का सपठित नियमों के नियम (3) के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में ऋणीयों को मांग सूचना पत्र निम्नलिखित तालिका के अनुसार निर्गमित कर तालिका में राशि 60 दिवस के भीतर चुकाने के लिये कहा गया था।

| ऋणी/सह-ऋणी/बंधककर्त्ता/ जमानतदार का नाम /ऋण खाता सं. | धारा 13(2) के अन्तर्गत नोटिस की दिनांक व राशि | बंधक संपत्ति का विवरण | कब्जे की तारीख |
|---|---|---|---|
| ऋण खाता सं.: L9001060127283683 **शिव कम्प्यूटर्स (ऋणी)**, श्रीमती ज्योति यादव (सह-ऋणी), नवीन सिंह (सह-ऋणी) | 31 मई 2023 ₹ 632082/- रु. छः लाख बत्तीस हजार बयासी मात्र 31 मई 2023 | सम्पति के सभी अभिन्न अंग रिहायशी/गैररिहायशी भूमि, बिल्डिंग, स्ट्रक्चर, एवं फिक्चर सम्पत्ति खेवत नं. 27, खतौनी नं. 34, मुस्तील नं. 11, किला नं. 24, पूजा हॉस्पिटल के पास, तहसील - नांगल चौधरी, जिला - महेन्द्रगढ़, हरियाणा **क्षेत्रफल 8 सरसई,** पूर्व : तकनीकी रूप से, पश्चिम : तकनीकी रूप से, उत्तर : तकनीकी रूप से, दक्षिण : तकनीकी रूप से | 21 सितम्बर 2023 |
| ऋण खाता सं.: L9001060121371182 **ओमबीर सिंह (ऋणी)**, श्रीमती माया देवी (सह-ऋणी), रविन्द्र (सह-ऋणी) | 13 जून 2023 ₹ 479364/- रु. चार लाख उनासी हजार तीन सौ चौंसठ मात्र 12 जून 2023 | सम्पति के सभी अभिन्न अंग रिहायशी/गैररिहायशी भूमि, बिल्डिंग, स्ट्रक्चर, एवं फिक्चर सम्पत्ति स्थित फ्रीहोल्ड - नगरपालिका सीमा अर्द्धशहरी व ग्रामीण 0 केएचडब्ल्यू 38 केएचटी 41 एम के 51 10 जय कॉलोनी रायवासा खुरवाता आरओ महेन्द्रगढ़, हरियाणा, महेन्द्रगढ़ **क्षेत्रफल 100 वर्ग गज** | 21 सितम्बर 2023 |
| ऋण खाता सं.: L9001060122064122 **निकीता एन्टरप्राइजेज (ऋणी)**, भीषन कुमार (सह-ऋणी), कपिल (सह-ऋणी), रोहित यादव (सह-ऋणी), श्रीमती राजेश देवी (सह-ऋणी) | 13 जून 2023 ₹ 873522/- रु. आठ लाख तिहत्तर हजार पांच सौ बाइस मात्र 12 जून 2023 | सम्पति के सभी अभिन्न अंग रिहायशी/गैररिहायशी भूमि, बिल्डिंग, स्ट्रक्चर, एवं फिक्चर सम्पत्ति स्थित ग्राम पंचायत केएच654 केएच683 एम101 के1 2 2 2 पालहावास रोड गुदैनी रेवारी कोसली, हरियाणा **क्षेत्रफल 168 वर्ग गज** | 22 सितम्बर 2023 |
| ऋण खाता सं.: L9001060829374752 **निकीता एन्टरप्राइजेज (ऋणी)**, भीषन कुमार (सह-ऋणी), श्रीमती राजेश देवी (सह-ऋणी), रोहित यादव (सह-ऋणी), कपिल (सह-ऋणी) | 13 जून 2023 ₹ 305666/- रु. तीन लाख पांच हजार छः सौ छियासठ मात्र 12 जून 2023 | सम्पति के सभी अभिन्न अंग रिहायशी/गैररिहायशी भूमि, बिल्डिंग, स्ट्रक्चर, एवं फिक्चर सम्पत्ति स्थित ग्राम पंचायत गुरैनी फलावास रोड, गुरैनी रेवारी, जिला - रेवारी, हरियाणा **क्षेत्रफल 998 वर्ग फीट** | 22 सितम्बर 2023 |

ऋणियों द्वारा वह राशि लौटाने में विफल होने पर ऋणियों को तथा सामान्य जन कों एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) तथा सपठित प्रतिभूतिहित प्रवर्तन नियम, 2002 के नियम 8 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में उपरोक्त तालिका में वर्णित सम्पत्ति का कब्जा ग्रहण कर लिया है।

ऋणियों का ध्यान प्रतिभूत आस्तियों के मोचन के लिये उपलब्ध समय के सन्दर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के उपबंधों की ओर आकृष्ट किया जाता है।

ऋणियों को विशिष्टतया और सर्वसाधारण को सामान्यतया एतद् द्वारा सम्पत्तियों के साथ कोई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्तियों के साथ कोई व्यवहार उपरोक्त तालिका में वर्णित राशि तथा आगे का ब्याज एवं कुल भुगतान होने तक ''एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड'' (ए शेड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक) के प्रभार के अधीन होगा।

स्थान: हरियाणा दिनांक:26-सितम्बर-2023 प्राधिकृत अधिकारी एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड

# गरीबों के लिये जितनी अधिक योजनायें समाज उतना ही सुखी: मनोहर लाल

पायनियर समचार सेवा। करनाल



**सेक्टर** -7 के सामुदायिक केंद्र में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में पहुंचे मुख्यमंत्री मनोहर लाल करनाल विधानसभा क्षेत्र का यह 19 वां जनसंवाद कार्यक्रम है। हलके में अभी 7 और जनसंवाद कार्यक्रम होने हैं। मुख्यमंत्री के अनुसार महीने भीतर इन कार्यक्रमों का आयोजन कर दिया जायेगा। एक दिन पहले ही सूचना देने पर सफल कार्यक्रम के आयोजन के लिये उन्होंने लोगों को बधाई दी। इस मौके पर उन्होंने समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों की समस्यायें भी सुनीं और संबंधित अधिकारियों को उनके निपटान के निर्देश दिये। मनोहर लाल ने कहा कि सरकारी साधनों पर पहला हक गरीबों का है। सरकार की ओर से गरीबों के लिये जितनी अधिक योजनायें बनेंगी, समाज उतना ही सुखी होगा। गरीबों में असंतोष होगा तो साधन संपन्न लोग भी सुखी नहीं रह सकते। सरकार भी गरीबों/वंचितों के विकास के लिये प्रयत्नशील है।

इसके बाद मुख्यमंत्री ने लोगों की शिकायतें सुनीं। पंडाल में मौजूद लोगों से हाथ खड़े करवाकर पूछा किनकी अभी तक बुढ़ापा पैंशन और किसके परिवार पहचान पत्र नहीं बने हैं। साथ ही संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि इनकी पैंशन व पीपीपी बन जाने चाहियें। विधवा पुष्पा भाटिया के घर का 1.90 लाख रुपये के बिजली बिल का निपटारा करने के लिये विद्युत निगम के अधिकारी को निर्देश दिये। बताया गया कि विधवा की मासिक आय पैंशन के रूप में मात्र 2750 रुपये है। वरिष्ठ नागरिक मंच के ओपी गर्ग की शहीद भगत सिंह की प्रतिमा पर छाता लगवाने की मांग पर सीएम ने मूल्मूयांकन(असेसमेंट) कराने का आश्वासन दिया। बीके निर्मला ने सेंटर के लिये सेक्टर 9 में जमीन उपलब्ध कराने की मांग की जिस पर सीएम ने एचएसवीपी के ईओ को निर्देश दिये कि सामाजिक/धार्मिक संस्थाओं के लिये सेक्टर में छोड़ी जगह का पता कर पार्षद मुकेश को सूचित करें। सीएम ने कहा कि 6 सप्ताह में काम शुरू करा दिया जायेगा। राणा ने अटल पार्क के पास गीता द्वार बनवाने की मांग भी रखी। सेक्टर 7 के अमित ने 500 घरों को को पाश्र्वनाथ में दस साल से पोजेशन न मिलने की शिकायत की।

इस पर मुख्यमंत्री ने टाउन एंड प्लानिंग विभाग के अधिकारियों से बातचीत कर कार्यवाही का भरोसा दिया। एक अन्य व्यक्ति ने सेक्टर आठ-सात के चौक पर यातायात ट्रैफिक पुलिस कर्मचारी तैनात करने की मांग की। इस पर एसपी ने मौके का दौरा कर उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर घरौंडा हलका के विधायक हरिवंद्र कल्याण, मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि संजय बठला, नगर निगम की महापौर रेणु बाला गुप्ता, उपायुक्त अनीश यादव, एसपी अधीक्षक शशांक कुमार सावन, अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. वैशाली शर्मा, नगर निगम आयुक्त अभिषेक मीणा, एसडीएम घरौंडा अदिति, पार्षद मुकेश अरोड़ा, भाजपा जिला अध्यक्ष योगेंद्र राणा, आरडब्ल्यूए प्रधान ओमवीर राणा, संजीव बजाज, शक्ति केंद्र प्रमुख श्याम लाल, प्रवीण लाठर, सुनील गुप्ता व विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

## शस्त्र लाइसेंस बनाने की एवज में रिश्वत मांगने वाला क्लर्क व दलाल काबू

**कैथल।** एसीबी की टीम ने मंगलवार दोपहर बाद बंदूक का लाइसेंस बनवाने के लिए रिश्वत मांगने पर दो लोगों को गिरफ्तार किया है। इसमें एक क्लर्क और दूसरा दलाल शामिल है। एसीबी की तरफ से यह कार्रवाई शहर निवासी वरुण की तरफ से दी गई शिकायत के आधार पर की गई है। शिकायतकर्ता ने सोमवार को एसीबी के अधिकारियों को यह शिकायत दी थी जिसमें बताया था कि पंचकूला स्थित होम मिनिस्टर डिपार्टमेंट में कार्यरत धर्मेंद्र उससे ऑल इंडिया शस्त्र लाइसेंस बनाने के लिए रिश्वत मांग रहा है।

उसने लाइसेंस बनाने के लिए वर्ष 2022 दिसंबर में ऑन लाइन माध्यम से आवेदन किया था। इसके बाद भी उसका लाइसेंस नहीं बन पा रहा था। आरोपियों ने भैणी माजरा के खेतों में बुलाया था। इस पर आरोपी धर्मेंद्र से बात की तो उसने खर्चे की मांग की थी। इसके बाद उसे गांव भैणी माजरा स्थित एक खेतों में बुलाया और दलाल संदीप को 50 हजार रुपए देने की बात कही। इसके बाद खेतों में बुलाया और 40 हजार रुपए देकर भेजा। यहां पर आरोपी क्लर्क भी आया हुआ था। इसके बाद कैथल एसीबी की टीम ने दलाल व आरोपी को रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। एसीबी के इंचार्ज सूबे सिंह ने बताया कि शहर निवासी वरुण ने उन्हें 25 सितंबर को ही शिकायत दे दी थी।

# शहीद भगत सिंह जयंती पर बनाया जाएगा विश्व रिकॉर्ड: यादवेंद्र संधू



रेस्ट हाउस में पहुंचे शहीद भगत सिंह के पौत्र यादवेंद्र संधू, विधायक सुरेंद्र पंवार।

पायनियर समचार सेवा। सोनीपत

**शहीद-ए** आजम भगत सिंह के पौत्र व शहीद भगत सिंह बिग्रेड के अध्यक्ष यादवेंद्र संधू ने कहा कि 28 सितम्बर को शहीद भगत सिंह की जयंती के उपलक्ष्य में सोनीपत में एक विश्व रिकार्ड बनाया जाएगा। जिसकों को विश्वभर के लोग देखेंगे। इससे पहले महलाना रोड़ स्थित तिरंगा चौक से तिरंगा यात्रा की शुरूआत होगी, जिसका समापन ब्राइट स्कॉलर स्कूल में होगा। यादवेंद्र संधू पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाऊस, रेलवे रोड़ सोनीपत में पत्रकारवार्ता को संबोधित कर रहे थे। इनके साथ सोनीपत से विधायक सुरेंद्र पंवार भी मौजूद रहे।

यादवेंद्र सिंह संधू ने कहा कि शहीद भगत सिंह की जयंती के उपलक्ष्य में 28 सितम्बर को ब्राइट स्कॉलर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शहीद भगत सिंह से दोस्ती कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इससे

### 28 सितंबर को सोनीपत में शहीद भगत सिंह की जयंती पर निकाली जाएगी तिरंगा यात्रा

पहले शहरभर से तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। तिरंगा यात्रा की शुरूआत सुबह आठ बजे तिरंगा चौक से होगी जो गीता भवन चौक, बस स्टैंड, मामा भांजा चौक, विवेकानंद चौक, गेटवे स्कूल, फाजिलपुर से होते हुए ब्राइट स्कॉलर स्कूल में पहुंचेगी।

इसके उपरांत स्कूल में शहीद भगत सिंह से दोस्ती कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि हरियाणा में शहीदों के सम्मान में तीन विश्व रिकार्ड पहले बना चुके है। अबकी बार 28 सितम्बर को शहीद भगत सिंह के आठ-आठ फीट के दो चित्र बनाए जाएंगे। यह चित्र स्याही से नहीं बनाए जाएंगे, अपितू भगत सिंह को चाहने वालों के रक्त के साथ बनाए जाएंगे। इस बार शहीद भगत सिंह से खून का नाता जोड़ा जाएगा। इस दिन शहीद भगत सिंह की जेल डायरी भी रखी जाएगी। इसके साथ ही एक पेंटिंग प्रतियोगिता भी करवाई जाएगी। उन्होंने कहा कि हमार उद्देश्य है कि आने वाली पीढ़ी शहीदों को न भूले, इसलिए यह कार्यक्रम रखा गया है। विधायक सुरेंद्र पंवार ने बताया कि शहीद भगत सिंह की जयंती धूमधाम से मनाने के लिए तैयारियां पूर्ण कर ली गई है, धूमधाम से जयंती मनाई जाएगी। हजारों युवा तिरंगा लेकर तिरंगा यात्रा में शामिल होंगे। जगह-जगह पर यात्रा का भव्य स्वागत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आज शहीदों की बदौलत ही हम खुली हवा में सांस ले रहे है। इस दौरान विजय देशवाल, नीरज देशवाल, ललित पंवार, विश्वेंद्र बल्हारा, रामकुंवार हसनपुर, दिवान बल्हारा, जितेंद्र सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# कांग्रेस जिलाध्यक्षों की सूची फिर टली, अगले माह जारी होने की संभावना

पायनियर समचार सेवा। चंडीगढ़

**हरियाणा** कांग्रेस के जिलाध्यक्षों की सूची एक बार फिर टल गई है। इसके पीछे त्रिगुट की रणनीति को जिम्मेदार माना जा रहा है। रणदीप सुरजेवाला, कुमारी शैलजा और किरण चौधरी के त्रिगूट ने पार्टी के हरियाणा प्रभारी दीपक बाबरिया को अपने समर्थकों की सूची देने से इंकार कर दिया है।

इस कारण 26 सितंबर को जारी होने वाली जिलाध्यक्ष की सूची को अब अक्टूबर तक टाल दिया गया है।त्रिगुट के नेताओं ने आरोप लगाया है कि अभी तक की सूची में सिर्फ एक ही गुट के जिलाध्यक्षों के नाम है। त्रिगुट ने हरियाणा कांग्रेस के जिलाध्यक्षों के चुनाव में निष्पक्षता नहीं बरते जाने का आरोप लगाया है। इस गुट के सभी प्रमुख नेताओं ने इसकी शिकायत पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और संगठन का काम देख रहे केसी वेणुगोपाल से की है। इसके बाद अब त्रिगुट जिलाध्यक्षों के अपने समर्थक नामों की सूची केसी वेणु गोपाल को सौपेंगा। केंद्रीय नेतृत्व ने बाबरिया को अभी सूची जारी करने से रोक रखा है।

पार्टी के कुछ वरिष्ठ नेताओं का कहना है कि जब अशोक तंवर और कुमारी शैलजा हरियाणा कांग्रेस के अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी संभाल रहे थे तब पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के गुट ने जिलाध्यक्षों की सूची जारी नहीं करने दी थी। इस गुट ने केंद्रीय नेतृत्व को दबाव बनाकर सूची पर रोक लगाने के लिए मजबूत कर दिया था। अब त्रिगुट इसका बदला ले रहा है।

वहीं दूसरी तरफ पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्?डा और हरियाणा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष उदयभान के खेमे का दावा है कि कुछ नेता जिलाध्यक्ष सूची जारी नहीं होने दे रहे हैं। पिछले 9 साल से अधिक समय से हरियाणा कांग्रेस को जिलाध्यक्षों का इंतजार है। हुड्डा गुट के कुछ नेताओं ने बताया कि लोकसभा चुनाव से पहले संगठन की सूची जारी होना बेहद जरूरी है।

# पुलिस की बर्बरता के चलते वकीलों का वर्क सस्पेंड

**रोहतक।** जिल अदालतों के के वकीलों के वर्क सस्पेंड के कारण करीब 1500 केसों की सुनवाई नहीं हो पाई। रोहतक की जिला बार एसोसिएशन के प्रधान लोकेंद्र सिंह फोगाट ने बताया कि श्री मुक्तर साहेब पंजाब में एक वकील के साथ पुलिस ने बर्बरता की। जिसके बाद उसे जेल में भी डाल दिया। जेल से बाहर आने के बाद उस वकील ने अपने साथी वकीलों को इस बारे में बताया।

वहां की जिला अदालत के अंदर एप्लीकेशन लगाने के बाद तीन पुलिस वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज हुई। पुलिस ने वकील को ऐसी यातनाएं दी, जो अंग्रेजों के जमाने में भी किसी बंदी को नहीं दी जाती थी। उसके रोष स्वरूक हरियाणा, पंजाब व चंडीगढ़ के अंदर में अनिश्चितकालीन वर्क सस्पेंड रखा गया है। उनकी मांग है कि दोषी पुलिस कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए और एसपी को ट्रांसफर किया जाए।

## संक्षिप्त समाचार

### 8 एसआई बने इंस्पेक्टर, एसपी ने स्टार लगाकर दी बधाई



स्टार लगाकर बधाई देते हुए एसपी।

**कैथल।** कैथल जिला पुलिस विभाग में 8 पुलिस सब इंस्पेक्टर से निरीक्षक पद पर प्रमोट हुए हैं। पुलिस अधीक्षक उपासना ने सभी इंस्पेक्टर को स्टार लगाकर बधाई दी गई। पुलिस अधीक्षक उपासना ने कहा कि प्रमोशन प्राप्त करने वाले पुलिस कर्मचारियों के कंधों पर अब जिम्मेदारी बढ़ गई है क्योंकि प्रमोशन के साथ नई जिम्मेदारी मिलती है। इसलिए इस जिम्मेदारी को ईमानदारी और निष्ठा से निभाएं। प्रमोशन पाने वाले सभी निरीक्षकों ने कहा कि विभाग की ओर से जो भी काम दिया जाएगा उसे पूरी निष्ठा से करेंगे। प्रमोशन का पल कर्मचारी के लिए गर्व का पल होता है। इसके लिए कर्मचारी को कड़ी मेहनत और लंबा इंतजार करना पड़ता है। पदोन्नत होने वालों में निरीक्षक रमेश चंद्र, बीरभान, राजकुमार, रामकुमार, बिलासा राम, श्रवण, राजकरण तथा कर्मबीर शामिल हैं।

### ऑल इंडिया लॉन टेनिस चैंपियनशिप सीरिज में जीते दो स्वर्ण पदक



नेशनल चैंपियनशिप सीरिज़ की विजेता खिलाड़ी मेडल के साथ।

**सोनीपत।** चंडीगढ़ में आयोजित ऑल इंडिया लॉन टेनिस नेशनल चैंपियनशिप सीरिज़ में लिटल एंजल्स की होनहार खिलाड़ी धात्री ने प्रतियोगिता के फाईनल मुकाबले में पंजाब की रूबीना कौर को एकल वर्ग में 6-2, 7-5 के स्कोर से हराकर स्वर्ण पदक जीता। इसके साथ ही युगल मुकाबले में भी धात्री ने हरियाणा की जैसमीन रावत के साथ खेलते हुए पंजाब की टीम को 7-5, 7-0 स्कोर से हराकर प्रतियोगिता के युगल व एकल मुकाबले के दोनों ही स्वर्ण पदक प्राप्तकर अपने विद्यालय व प्रदेश का नाम रोशन किया। इस प्रतियोगिता में लगभग 140 खिलाड़ियों ने भाग लिया। विद्यालय के चेयरमैन तरसेम कुमार गर्ग, सेक्रेटरी डॉ. विशाल गर्ग व विद्यालय की प्रधानाचार्या आशा गोयल ने धात्री को बधाई दी और उसको भविष्य में भी बेहतर खेल प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया।

### सुरेन्द्र ढुल ने की उपायुक्त से शिष्टाचार भेंट

**कैथल।** लघु सचिवालय में सर छोटू राम विचार मंच के जिला अध्यक्ष सुरेंद्र ढुल ने कैथल के नवनियुक्त उपायुक्त प्रशांत पंवार से शिष्टाचार भेंट की। उन्होंने सर छोटू राम विचार मंच द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न समाजिक कार्य ग्रामीण विकास, सामाजिक सद्भावना, नशा मुक्ति तथा प्राकृतिक खेती बारे में विस्तृत चर्चा की। उल्लेखनीय है कि कैथल जिले के विभिन्न गांवों में ग्रामीण विकास एवं विशेष तौर पर आचार्य देवव्रत राज्यपाल गुजरात के मिशन को जन जन तक पहुंचने में विशेष योगदान रहा है।

# मुख्यमंत्री को याद दिलाएंगे पुरानी पेंशन बहाली का वादा



बैठक में चर्चा करते हुए कर्मचारी।

पायनियर समचार सेवा। कैथल

**हरियाणा** कर्मचारी महासंघ जिला कैथल की मीटिंग नवग्रह चौक स्थित बिजली बोर्ड के कार्यालय में हुई जिसकी अध्यक्षता जिला प्रधान बलबीर गुबंर व संचालन जिला सचिव बलवान कुडू ने किया। इस मीटिंग में हरियाणा कर्मचारी महासंघ की जिला कार्यकारिणी व ब्लॉक कार्यकारिणी सभी संबंधित विभागों की यूनियनों के प्रधान, सचिव व उनकी कार्यकारिणी ने भाग लिया। मीटिंग में चर्चा हुई कि 28 सितंबर को उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला को पुरानी पेंशन बहाली का वादा याद दिलाने के लिए व पांच सूत्रीय मांग पत्र देने के लिए हल्का उचाना में एक रैली का आयोजन किया जा रहा है। बलबीर गुमबर, कर्मचंद मलिक, जितेन्द्र बाकल, बलराज धीमान सर्कल सचिव कैथल ने बताया कि उपमुख्यमंत्री द्वारा अपने चुनावी घोषणा पत्र में कर्मचारियों को पुरानी पेंशन नीति बहाल करने की घोषणा की गई थी। अब सत्तासीन होने के बाद भी अपना वादा पूरा नहीं कर रहे हैं जिससे कर्मचारियों में भारी रोष है। बलवान कुण्डू, रामफल शिमला, कुलदीप सिंह, सत्यावान, राकेश कोटड़ा, ओमप्रकाश, विक्रम सिंह, सोमनाथ, सचिव महावीर संधू ने अपने भाषण में कहा कि महासंघ के बैनर तले 28 सितंबर को उपमुख्यमंत्री को वादा याद दिलाओ, वादा लागू करो के तहत उचाना में प्रदर्शन, ज्ञापन कार्यक्रम में कर्मचारी बढ़-चढ़कर भाग लेंगे। इस मौके पर कर्ण नैन, दिलबाग खरक, राकेश कुमार, अनील कुमार, राजेश ढूल, सत्यवान, प्रवीन कुमार, रमेश कुमार, रणजीत सिंह आदि थे।

# 'मेरी आवाज सुनो' रैली के बहाने भाजपा हाईकमान को साधने की फिराक में बीरंद्र सिंह

पायनियर समाचार सेवा। रोहतक



**कैथल** व सीकर में चौटाला परिवार द्वारा आयोजित दोनों बड़ी रैलियों की सफलता और असफलतओं की चर्चा के बीच बांगर वाले चौधरी पूर्व मंत्री विरेंद्र सिंह की महात्मा गांधी के जन्म-दिन पर जींद में 'मेरी आवाज सुनो' प्रस्तावित रैली भी चर्चा का विषय बनती जा रही है। बांगर वाले चौधरी ने कल इनेलो की राजनैतिक रैली में न केवल भाग लिया अपितु उन्होंनें अपनी ही भाजपा पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को कृषि कानूनों व कई अन्य ज्वलंत मुद्दों को लेकर कटघरे में खड़ा करने का काम किया।

अपने अप्रत्याशित व धमाकेदार ब्यानों से हमेशा चर्चा में रहने वाले व आमजन में धाकड़ मनमौजी राजनेता की छवि बना चुके ये बांगर वाले चौधरी साहब अपने शीर्ष नेतृत्व के दबाव में तो कभी नही आये लेकिन पिछले कुछ दिनों से जिस प्रकार जजपा और भाजपा के गठबंधन टूटने की चर्चाओं पर विराम लगा है उससे उनके लिए अब पार्टी में रहना असहज महसूस हो रहा है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि इस रैली का उद्देश्य भाजपा पर दुष्यन्त चौटाला के नेतृत्व वाली पार्टी जजपा से गठबंधन तोड़ने के लिए दबाव डालना है। आपको बता दे कि वरिष्ठ जाट नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी बीरेंद्र सिंह ने हरियाणा के जींद जिले में अपनी रैली के लिए 2 अक्टूबर को चुना है जिस दिन गांधी जयंती भी मनाई जाती है। रैली के बारे में पूर्व मंत्री का कहना है कि 'मेरी आवाज सुनो' रैली का उद्देश्य जनता की आवाज को सत्तारूढ़ सरकार तक पहुंचाने में मदद करना है। रैली की सफलता के लिए उनके सांसद पुत्र बिजेंद्र सिंह और उनकी पत्नी पूर्व विधायिका प्रेमलता बांगर बैल्ट के साथ साथ अन्य कई हलकों का दौरा करने में जुटे है।

लेकिन इस प्रस्तावित रैली को प्रदेश के वरिष्ठ पत्रकार महज राजनीतिक क्षेत्र में अपना दबदबा दिखाने के प्रयास के रूप में देखते हैं साथ ही उनका मानना है कि इस रैली का इसका उद्देश्य अगले साल के विधानसभा और लोकसभा चुनावों से पहले उप मुख्यमंत्री और वर्तमान उचाना विधायक दुष्यंत चौटाला के नेतृत्व वाली जेजेपी के गठबंधन को तोड़ने के लिए भाजपा पर दबाव डालना है।

आप को बता दे कि बीरेंद्र सिंह के बेटे अब हिसार से भाजपा की ओर से सांसद है और उनकी पत्नी उचाना से पूर्व में विधायक रही है। जहां बीरेंद्र सिंह अगले साल होने वाले लोकसभा और विधानसभा चुनावों में अपने बेटे और पत्नी के लिए हिसार और उचाना कलां से संसद और विधानसभा सीटें चाहते हैं, वहीं जेजेपी की भी नजर इन दोनों सीटों पर है। भले ही हरियाणा भाजपा के प्रभारी उचाना सीट बीरेंद्र सिंह के परिवार को देने की घोषणा कर चुके हो लेकिन खुद कई राज्यों के प्रभारी रह चुके पूर्व मंत्री बीरेंद्र सिंह को प्रभारी की पावर का पता है।

हरियाणा की राजनीति के 'ट्रेजेडी किंग' बांगर वाले चौधरी को जजपा के साथ अब आदमपुर वाले चौधरी के बारे में सोचना पड़ रहा है कि यदि कुलदीप बिश्नोई ने भाजपा से हिसार से चुनाव लड़ने की मांग कर दी तो फिर उस स्थिती में क्या होगा। इसीलिये आगामी 2 अक्टूबर को जींद में एक बड़ी रैली का आयोजन किया गया है जिससे वो आने वाली भीड़ से स्वयं के आकलन के साथ साथ अपनी आवाज भाजपा व अन्य दलों को भी सुना दे ताकि भाजपा उनकी महत्वता को समझे या अन्य दल भी उनको किसी बड़ी जिम्मेदारी के साथ अपने दल में आने का आंमत्रण दे दे। अब देखने वाली बात यह होगी कि आमजन में धाकड़ मनमौजी राजनेता की छवि बना बीरेंद्र सिंह की रैली के मंनसूबे कितने सफल होते है।

# मशाल सोशल वेल्फेयर सोसाईटी द्वारा जनजातीय करम पूजा महोत्सव सम्पन्न

पायनियर समचार सेवा। नई दिल्ली

**मशाल** सोशल वेल्फेयर सोसाइटी के नेतृत्त्व में तथा जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारतीय जीवन बीमा निगम, एन एच पी सी और एस जे वी एन के सौजन्य से करम पूजा महोत्सव-2023, नई दिल्ली स्थित एन डी एम सी कन्वेंशन सेन्टर, पार्लियामेंट स्ट्रीट नई दिल्ली में देशभर से आए विभिन्न जनजातीय समुदायों द्वारा पारम्परिक रीति-रिवाज एवं रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ राष्ट्रीय स्तर पर भव्य आयोजन किया गया ।कार्यक्रम में संगठन के राष्ट्रीय संरक्षक युवराज बोध ने कहा कि यह कार्यक्रम पूर्व केंद्रीय मंत्री व लोक-सभा सांसद जुएल ओराम के अध्यक्षता में आयोजित की जा रही है।

मशाल सोशल वेलफेयर सोसाइटी राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में विभिन्न जनजातीय आदिवासी पर्व त्यौहारों का आयोजन पिछले 20 वर्षों से निरंतर आयोजित करते आ रही है। संस्था द्वारा आदिवासी पारंपरिक कला संस्कृति को बढ़ावा देने का कार्य अत्यंत सराहनीय है। आदिवासी समाज सदस्यों से प्रकृति को भगवान मानकर पूजते आ रहे है क्योंकि उसी से हमारा समस्त जीवन व्यतीत हो रहा है। पानी के बिना मछली एक पल भी जीवित नहीं रह सकता उसी प्रकार जल-जंगल-जमीन के बिना आदिवासी समाज जिंदा नहीं रह सकता। परन्तु आज आदिवासी समाज के ऊपर दायित्व है कि वे उन्हें समाज संस्कृति एवं सभ्यता के साथ जल-जंगल-जमीन की रक्षा करनी होगी

करम पर्व भादो महीने के एकादशी को मनाई जाती है। कुंवारी कन्याए करम देवता का पूजा के लिए उपवास रखती हैं। आदिवासी समाज के मान्यता अनुसार करम पूजा से घर में सुख, शांति, समृद्धि और लक्ष्मी का वास होता है।

यह पर्व भाई-बहन के अटूट प्यार को भी दर्शाता है, बहनों द्वारा करम देवता से मांगी गई मन्नत भविष्य में शादी के उपरांत कुशल पुत्ररत्न की प्राप्ति एवं भाई की दीर्घायु के साथ खुशहाल जीवन के लिए वरदान साबित होती है। एकादशी के दिन पहान द्वारा उपवास कर विधिवत रीति-रिवाज के अनुसार सूर्यास्त से पहले करम वृक्ष की डाल काट कर लाया जाता है तथा सूर्यास्त होने के उपरांत आंगन में करम डाल को गाड़कर स्थापित किया जाता है।

# लोकसभा सदस्य ने फ्लाईओवर का निर्माण जल्द पूरा करने के दिए निर्देश

पायनियर समचार सेवा। जालंधर

**लोकसभा** सदस्य सुशील कुमार रिंकू ने आज दकोहा फाटक के पास बन रहे फ्लाईओवर के निर्माण कार्य का जायजा लिया और उन्होंने नैशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया के अधिकारियों को फ्लाईओवर के काम में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने एनएचएआई प्रोजैक्ट डायरेक्टर अशोक रोलोनिया से विचार-विर्मश दौरान प्रोजैक्ट की स्थिति की समीक्षा की और इसे जल्द से जल्द पूरा करने को कहा।



उन्होंने कहा कि इस पुल के निर्माण कार्य के दौरान कई बार ट्रैफिक जाम हो जाता है, जिससे लोगों को काफी परेशानी होती है।

उन्होंने निर्माणाधीन पुल के दोनों तरफ सर्विस लेन की खराब हालत का मुद्दा उठाया और अधिकारियों को जल्द से जल्द इस सर्विस लेन को ठीक करने के निर्देश दिए ताकि राहगीरों को कोई असुविधा न हो और ट्रैफिक जाम की स्थिति न बने। उन्होंने कहा कि बरसात के दिनों में सर्विस लेन पर पानी जमा होने से यह समस्या और भी बढ़ जाती है। बता दे कि लोकसभा सदस्य ने हाल ही में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात कर पी.ए.पी. चौक पर नया आरओबी और फिल्लौर में आरओबी का मुद्दा उठाया था।

# जयपुर रग्स ने रग उत्सव का इनॉग्रेशन किया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**हैंडमेड** रग्स मैन्युफैक्चरिंग में मशहूर लीडर, जयपुर रग्स, 27 सितंबर से शुरू होने वाले अपने एनुअल रग उत्सव के बहुप्रतीक्षित 2023 एडिशन की घोषणा करते हुए बेहद रोमांचित है। इस वर्ष, रग उत्सव कस्टमर्स के लिए एक शानदार एक्सपीरियंस देने का वादा करता है, जिसमें रग कैटेगरी की विशाल रेंज पर स्पेशल डिस्काउंट, टैलेंटेड बुनकरों के साथ इंटरैक्टिव सेशन और जयपुर रग्स मेरिटोरियस स्कॉलरशिप प्रोग्राम के माध्यम से शिक्षा को सपोर्ट करने के लिए एक नेक पहल भी शामिल है।

जयपुर रग्स कस्टमर को धुरी, हैंड टफ्टेड, हैंडलूम और हैंड नॉटेड और मनचाहा कलेक्शन पर एक्सक्लूसिव डिस्काउंट के साथ शानदार क्रॉफ्टमैनशिप की दुनिया को एक्सप्लोर करने के लिए

### स्कॉलरशिप के माध्यम से शिक्षा को सपोर्ट करने के लिए एक नेक पहल भी शामिल

आमंत्रित कर रहे है। ये पहली बार है कि जयपुर रग्स का बहुप्रशंसित चुनिंदा मनचाहा कलेक्शन विशेष रियायती कीमतों पर उपलब्ध होगा। जो ग्राहकों को उत्कृष्ट कारीगरी के काम को अपने घर ले जाने का मौका देता है।

जयपुर रग्स ग्रामीण कुशल बुनकरों के साथ बातचीत करके एक अनूठे मौके में शामिल होने के लिए कस्टमरों को आमंत्रित कर रहा है। विभिन्न जयपुर रग्स स्टोर्स पर, आप रग बनाने की कला में सीख सकते हैं और यहां तक कि ग्रामीण कारीगरों के विशेषज्ञ मार्गदर्शन में टफ्टिंग में भी अपना हाथ आजमा सकते हैं। कस्टमरों को विभिन्न प्रकार की रग कैटेगरी पर 10त्न से लेकर 80त्न तक का डिस्काउंट दिया जा रहा है।

पारखी लोगों के लिए यह एक बेहद खास पल है कि वे 2500 साल पुरानी बुनाई परंपराओं का उपयोग करके बनाए गए रग्स को रियायती कीमतों पर खरीदें और ऐसा करते हुए एक नेक काम भी करें। इन रग्स को सस्टेनेबिलिटी और डिजाइन को ध्यान में रखकर बनाया गया है, जो उन्हें कंटेम्प्रेरी ट्विस्ट के साथ ओरिजनल इंडियन रग बनाता है। जयपुर रग्स के डायरेक्टर योगेश चौधरी ने कहा कि हमने हमेशा अपने बुनकरों के जीवन में रोशनी और खुशी लाने को प्राथमिकता दी है। इस साल हम रग उत्सव से प्राप्त आय का एक हिस्सा जेआर मेरिटोरियस स्कॉलरशिप प्रोग्राम में योगदान देकर अपनी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ा रहे हैं।

### हिंद-प्रशांत सेना प्रमुख सम्मेलन में अमेरिकी सेना प्रमुख का बड़ा बयान

# हमारी सेनाओं के बीच दोस्ती बेहद अहम, अभ्यास में काफी कुछ सीख रहे

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**दिल्ली** में आयोजित हिंद-प्रशांत सेना प्रमुख सम्मेलन में अमेरिका के सेना प्रमुख रैंडी जॉर्ज भी अन्य 17 देशों के सेना प्रमुखों के साथ शामिल हुए। उन्होंने इस सम्मेलन में हिंद-प्राशांत की स्थिरता में भारत और अमेरिका के संबंधों को महत्वपूर्ण बताया है। सेना प्रमुख रैंडी जॉर्ज ने कहा कि दोनों देशों के सेनाओं के बीच संबंध मजबूत हो रहे हैं।

भारत और अमेरिकी सेना 13वां द्विवार्षिक हिंद-प्रशांत सेना प्रमुख सम्मेलन (आईपीएससी),

**17 देशों के सेना प्रमुखों हुए हैं शामिल**

47वां वार्षिक हिंद-प्रशांत सेना प्रबंधन सम्मेलन (आईपीएएमएस) और 9वां सीनियर एनलिस्टेड फोरम की मेजबानी 25-27 सितंबर के बीच राष्ट्रीय राजधानी के मानेकशॉ केंद्र में आयोजित करने वाली है। इन सम्मेलनों का मुख्य उद्देश्य हिंद-प्रशांत क्षेत्र में दोस्ती और संवाद के जरिए शांति और स्थिरता बनाए रखना है।

अमेरिकी सेना प्रमुख ने कहा, हमारी सेना अपनी कौशल को और तेज करने की कोशिश कर रहे हैं, हम एक-दूसरे से बहुत कुछ सीख रहे हैं। वे भरोसा कायम करने के साथ हमारी सेना के साथ दोस्ती को भी मजबूत कर रहे हैं। हमें मालूम है कि वैश्विक सुरक्षा वातावरण में भरोसा और मित्रता कितनी आवश्यक है। ऐसे में एक अच्छा भागीदार होना बहुत आवश्यक है। हिंद-प्रशांत सेना प्रमुख सम्मेलन को भारतीय सेना प्रमुख मनोज पांडे के साथ संबोधित करते हुए अमेरिकी सेना



प्रमुख रैंडी जॉर्ज ने बताया कि हम यहां भूमि शक्ति पर चर्चा करने आए हैं। उन्होंने कहा, मैं, जनरल मनोज पांडे और हमारे सभी साथी प्रमुख आईपीएससी में भूमि ऊर्जा नेटवर्क बना रहे हैं, जो इस क्षेत्र को एक साथ बांधता है। कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए आर्मी प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने बताया कि भूमि शक्ति के बीच सहयोग जरूरी है। उन्होंने कहा, इस साल आईपीएससी का थीम शांति के लिए एक-साथ, हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति और स्थिरता बनाए रखना।

होनुलुलु में आयोजित आईपीएएमएस के पहले सम्मेलन में महज नौ देश शामिल हुए थे, जो कि 2017 में कोरिया के सिओल में आयोजित हुए सम्मेलन में बढ़कर 31 हो गए थे। वहीं हिंद-प्रशांत सेना प्रमुख सम्मेलन दो साल में एक बार आयोजित किया जाएगा। भारत के सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे सोमवार को दिल्ली सम्मेलन में शामिल होने वाले सेना के प्रमुखों के साथ मुलाकात की। इस सम्मेलन में हिस्सा लेने वाले सेना प्रमुखों में जापान के जनरल मोरिशिता यसुनोरी, ऑस्ट्रेलियाई आर्मी के जनरल साइमन स्टुअर्ट, अमेरिका के सेना प्रमुख रैंडी जॉर्ज, वियतनाम पीपुल्स आर्मी के डिप्टी चीफ ऑफ जनरल स्टाफ लेफ्टिनेंट जनरल गुयेन दोआन अन्ह और केन्याई सेना के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल पीटर म्बोगो नजीरू शामिल हैं।

# चीनी तटरक्षकों द्वारा समुद्र में लगाए अवरोधकों को हटाया

**एजेंसी।** मनीला

**फिलीपीन** के तटरक्षकों ने कहा है कि चीनी तटरक्षकों द्वारा समुद्र में लगाए गए अवरोधकों को उन्होंने राष्ट्रपति के आदेश का अनुपालन करते हुए हटा दिया है। दक्षिण चीन सागर में विवादित क्षेत्र में फिलीपीन की मछली पकड़ने की नौका को खाड़ी क्षेत्र में प्रवेश से रोकने के लिए चीनी तटरक्षकों ने समुद्र में अवरोधक लगाए थे।

फिलीपीन के अधिकारियों ने खाड़ी में स्कारबोरॉ शोल के प्रवेश मार्ग पर करीब 300 मीटर लंबा अवरोधक लगाए जाने की निंदा की और इसे अंतरराष्ट्रीय कानून तथा दक्षिण पूर्व एशियाई राष्ट्र की संप्रभुता का उल्लंघन बताया। तटरक्षकों की रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने अवरोधकों को हटा दिए और चीन की बढ़ती आक्रामक कार्रवाई से मुकाबले के लिए विपरीत परिस्थितियों के बावजूद अपने प्रयासों को बढ़ाने पर जोर दिया है। फिलीपीन के तटरक्षक ने कहा कि पिछले सप्ताह क्षेत्र के निकट पहुंचे फिलीपीन सरकार के एक मत्स्यपालन जहाज और मछली पकड़ने की 50 से अधिक नौकाओं को रोकने के लिए चीनी तटरक्षकों के जहाजों ने रस्सी और जाल के अवरोधक लगा रखे थे।

# भाजपा ने झूठी उम्मीद पर आखिरी दांव खेला है : कमलनाथ

**भाजपा ने अब तक मप्र की कुल 230 सीटों में से 78 पर उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है**

**आयोग ने अब अभी तक चुनाव कार्यक्रम की घोषणा नहीं की है**



**एजेंसी।** भोपाल

**भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा आगामी मध्य प्रदेश विधानसभा चुनावों के लिए 39 उम्मीदवारों की अपनी दूसरी सूची जारी करने के साथ कांग्रेस की मध्य प्रदेश इकाई के प्रमुख कमलनाथ ने दावा किया है कि सत्तारूढ़ दल ने मध्य प्रदेश में हार स्वीकार कर ली है और अपना झूठी उम्मीद का आखिरी दांव खेला है।

सोमवार रात जारी की गई दूसरी सूची में भाजपा ने सात लोकसभा सदस्यों को मैदान में उतारा है, जिनमें केंद्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते, प्रह्लाद सिंह पटेल और नरेंद्र सिंह तोमर शामिल हैं। भाजपा ने पार्टी महासचिव कैलाश विजयवर्गीय को भी मैदान में उतारा है। भाजपा ने अब तक मप्र की कुल 230 सीटों में से 78 पर उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है, जिसमें अगस्त में जारी 39 नामों की पहली सूची भी शामिल है। राज्य में इस साल के अंत में चुनाव होने हैं। निर्वाचन आयोग ने अब तक चुनाव कार्यक्रम की घोषणा नहीं की है। सोमवार देर रात एक्स पर एक पोस्ट में कमलनाथ ने दावा किया कि भाजपा ने मध्य प्रदेश में हार स्वीकार कर ली है और झूठी उम्मीद का आखिरी दांव खेला है।

कमलनाथ ने कहा, दूसरी सूची पर एक ही बात उपयुक्त बैठती है- नाम बड़े और दर्शन छोटे। भाजपा ने मध्य प्रदेश में अपने सांसदों को विधानसभा की टिकट देकर साबित कर दिया है कि पार्टी न तो 2023 के विधानसभा चुनाव में जीत रही है, न 2024 के लोकसभा चुनाव में। उन्होंने कहा, इसका सीधा अर्थ ये हुआ कि वो (भाजपा) ये मान चुकी है कि एक पार्टी के रूप में तो वो इतना बदनाम हो चुकी है कि चुनाव नहीं जीत रही है, तो फिर क्यों न तथाकथित बड़े नामों पर ही दांव लगाकर देखा जाए। अपने को दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी कहने वाली भाजपा को जब आज ए दिन देखने पड़ रहे हैं कि उसको लड़वाने के लिए उम्मीदवार ही नहीं मिल रहे हैं, तो फिर वोट देने वाले कहां से मिलेंगे।

कहा कि भाजपा आत्मविश्वास की कमी के संकटकाल से जूझ रही है। अबकी बार भाजपा अपने सबसे बड़े गढ़ में, सबसे बड़ी हार देखेगी। कमलनाथ ने दावा किया कि कांग्रेस भाजपा से दोगुनी सीट जीतने जा रही है। भाजपा की डबल इंजन की सरकार डबल हार की ओर बढ़ रही है।

**2018 के चुनावों में कांग्रेस ने 114 सीटें जीती थीं**

**तीन** केंद्रीय मंत्रियों के साथ भाजपा ने राज्य विधानसभा चुनाव के लिए चार लोकसभा सदस्यों राकेश सिंह, रीति पाठक, गणेश सिंह और उदय प्रताप सिंह को भी मैदान में उतारा है। 2018 के चुनावों में कांग्रेस ने 114 सीटें जीतीं, जबकि भाजपा को 109 सीटें मिलीं। इसके बाद कांग्रेस ने कमलनाथ के नेतृत्व में सरकार बनाई, लेकिन मार्च 2020 में ज्योतिरादित्य सिंधिया के प्रति वफादार विधायकों के विद्रोह के बाद सरकार गिर गई, जिससे शिवराज सिंह चौहान की मुख्यमंत्री के रूप में वापसी का रास्ता साफ हो गया। विद्रोह के बाद विधायकों के पाला बदलने के कारण हुए उपचुनावों के बाद 230 सदस्यीय सदन में भाजपा के पास अब 126 विधायक हैं, जबकि कांग्रेस के पास 96 विधायक हैं।

## श्रीकृष्ण जन्मभूमि विवाद पर तीन को सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** श्रीकृष्ण जन्मभूमि विवाद पर सुनवाई के लिए सुप्रीम कोर्ट तैयार हो गया है। सुप्रीम कोर्ट ने श्रीकृष्ण जन्मभूमि विवाद संबंधी याचिका पर सुनवाई के लिए तीन अक्टूबर की तारीख तय की है। बता दें कि बीते दिनों इलाहाबाद हाईकोर्ट ने जन्मभूमि विवाद से संबंधित सभी याचिकाओं को जिला अदालत, मथुरा से अपने पास स्थानांतरित करा लिया था। इलाहाबाद हाईकोर्ट के इसी आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई है।

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मई में जन्मभूमि विवाद से जुड़ी सभी याचिकाएं अपने पास स्थानांतरित कराईं थी। हाईकोर्ट ने एक याचिका पर यह फैसला दिया था, जिसमें मांग की गई थी कि यह मामला राष्ट्रीय महत्व का है, इसलिए हाईकोर्ट में इस मामले पर सुनवाई होनी चाहिए। मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मभूमि विवाद 13.37 एकड़ जमीन पर मालिकाना हक से जुड़ा है। जिसमें से 10.9 एकड़ जमीन श्रीकृष्ण जन्मस्थान की है, वहीं ढाई एकड़ जमीन का मालिकाना हक शाही ईदगाह मस्जिद के पास है। हिंदू पक्ष का कहना है कि शाही ईदगाह मस्जिद को अवैध तरीके से कब्जा करके बनाया गया है। हिंदू पक्ष की मांग है कि शाही ईदगाह मस्जिद को हटाया जाए।

# कांग्रेस अपना मुनाफा बंद होने पर रो रही है : स्मृति ईरानी

**एजेंसी।** लखनऊ

**केंद्रीय** मंत्री स्मृति ईरानी ने अमेठी में संजय गांधी अस्पताल के लाइसेंस के निलंबन के मामले को लेकर कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि मृत महिला के परिवार को सहारा देने की बजाय पार्टी अपना मुनाफा बंद होने पर रो रही है।

अमेठी से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सांसद स्मृति ईरानी ने संजय गांधी अस्पताल मामले को लेकर पत्रकारों द्वारा पूछे जाने पर कहा कि महिला की मौत हुई है अस्पताल की अव्यवस्था की वजह से। जिन लोगों ने एक रोगी को मौत के घाट उतारा उनके खिलाफ कोई कार्रवाई करने की बजाय कांग्रेस उनका मुनाफा बंद हो रहा है, इस पर रो रही है।

ईरानी ने सवाल उठाते हुए कहा क्या अमेठी के एक साधारण नागरिक की जान की कीमत कुछ



नहीं है? जिले के संजय गांधी अस्पताल को 17 सितंबर को एक 22 वर्षीय विवाहित महिला की मौत के बाद सील कर उसका लाइसेंस निलंबित कर दिया गया था।

इस बीच अस्पताल के कर्मचाारियों, कांग्रेस और समाजवादी पार्टी ने संजय गांधी अस्पताल का लाइसेंस बहाल करने की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है। ईरानी ने 2019 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को पराजित किया था। संजय गांधी अस्पताल का संचालन दिल्ली स्थित संजय गांधी मेमोरियल ट्रस्ट करता है।

कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी इस ट्रस्ट की अध्यक्ष हैं तथा पार्टी नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाद्रा इसके सदस्य हैं।

## मनमोहन के नेतृत्व में भारत ने आर्थिक सफलता की ऊंचाइयों को छुआ: पवार

**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के अध्यक्ष शरद पवार ने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के जन्मदिन के अवसर पर मंगलवार को उन्हें शुभकामनाएं दीं और कहा कि भारत ने उनके नेतृत्व में आर्थिक सफलता की नई ऊंचाइयों को छुआ और सर्वाधिक विकास दर हासिल की। मनमोहन सिंह आज 91 साल के हो गए। 1990 के दशक में आमूलचूल आर्थिक सुधार में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करने वाले मशहूर अर्थशास्त्री सिंह 10 साल तक प्रधानमंत्री रहे। कांग्रेस नेता सिंह का जन्म 1932 में पंजाब के गाह गांव में हुआ था जो अब पाकिस्तान का हिस्सा है। पवार ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह को जन्मदिन की शुभकामनाएं। भारत उनके नेतृत्व में आर्थिक सफलता की नई ऊंचाइयों पर पहुंचा और सर्वाधिक विकास दर हासिल की। ईश्वर उन्हें दीर्घायु और स्वस्थ जीवन दे। सिंह ने 2004 से 2014 तक कांग्रेस नीत संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार में प्रधानमंत्री के रूप में सेवाएं दीं।

# तृणमूल कांग्रेस के दिल्ली कार्यक्रम पर नेताओं के साथ बैठक करेंगे अभिषेक बनर्जी

**एजेंसी।** कोलकाता

**तृणमूल** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अभिषेक बनर्जी इस सप्ताह के अंत में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ ऑनलाइन बैठक करेंगे। बैठक में केंद्र द्वारा राज्य के लिए महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) एवं अन्य योजनाओं के तहत कथित तौर पर धन रोके जाने के खिलाफ अगले महीने नई दिल्ली में अपने प्रस्तावित कार्यक्रमों के साथ-साथ पश्चिम बंगाल के सभी जिलों में विरोध प्रदर्शन पर निर्णय लिया जाएगा।

पार्टी के एक नेता ने कहा कि ऑनलाइन बैठक की तिथि को लेकर अब तक फैसला नहीं हुआ है लेकिन बैठक बृहस्पतिवार या शुक्रवार को होने की संभावना है। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव बनर्जी और जिलों से तृणमूल कांग्रेस के सांसद, विधायक एवं नेता दो अक्टूबर को महात्मा गांधी की जयंती पर राष्ट्रीय राजधानी में राजघाट पर उन्हें श्रद्धांजलि देंगे। मुख्यमंत्री एवं तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ममता बनर्जी के भी नई दिल्ली



में आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होने की संभावना है, हालांकि स्पेन और दुबई की हालिया यात्रा के दौरान उनके बाएं टखने में चोट के बाद चिकित्सकों ने उन्हें 10 दिन तक आराम करने की सलाह दी है।

पश्चिम बंगाल की मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य ने 23 सितंबर को कहा था कि तृणमूल कांग्रेस का एक प्रतिनिधिमंडल तीन अक्टूबर को केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री गिरिराज सिंह से मिलेगा और उनके सामने मनरेगा के तहत बकाया राशि जारी नहीं करने का मुद्दा उठाएगा।

तृणमूल कांग्रेस की पश्चिम बंगाल में मनरेगा के बकाया भुगतान को लेकर नई दिल्ली में प्रदर्शन करने की योजना है।

## उप्र : भाजपा की सहयोगी निषाद पार्टी का फेसबुक अकाउंट हैक

**लखनऊ।** निर्बल इंडियन शोषित हमारा आम दल (निषाद) का फेसबुक अकाउंट कथित तौर पर हैक कर लिया गया है। गौतमपल्ली थाने के निरीक्षक श्रवण कुमार ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि इस संबंध में सोमवार को निषाद पार्टी के अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश सरकार के मत्स्य मंत्री संजय निषाद ने आईटी अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत थाने में एक प्राथमिकी दर्ज कराई।

कुमार के अनुसार, अपनी शिकायत में निषाद ने कहा कि उनकी पार्टी अपनी गतिविधियों और विचारधारा के प्रचार-प्रसार के लिए सोशल मीडिया मंच फेसबुक पर एक अकाउंट का संचालन करती है। उन्होंने बताया कि उनकी पार्टी का यह अकाउंट हैक हो गया जिसे रिकवर करने की कोशिश नाकाम रही और उसकी जगह दूसरा लिंक खुल रहा है।

गौतमपल्ली थाने के निरीक्षक ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज होने के बाद पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# मुंबई में गणपति उत्सव के सातवें दिन 17,187 प्रतिमाओं का विसर्जन हुआ

**एजेंसी।** मुंबई

**मुंबई** में 10 दिवसीय गणपति उत्सव के सातवें दिन भगवान गणेश और देवी गौरी की 17,187 प्रतिमाओं को विभिन्न जलाशयों में विसर्जित किया गया। स्थानीय निकाय के अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

स्थानीय निकास के एक अधिकारी ने बताया कि सोमवार को उत्सव के सातवें दिन प्रतिमाओं के विसर्जन के दौरान कहीं से भी किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं है। अधिकारी ने बताया कि 17,187 में से 15,243 प्रतिमाएं वे थीं जो घरों में स्थापित की गई थीं, जबकि।,758 प्रतिमाएं वह थीं जो सार्वजनिक जगहों पर स्थापित की गई थीं। इनके अलावा



देवी गौरी की 186 प्रतिमाएं थीं। उन्होंने बताया कि 5,147 प्रतिमाओं को शहर के विभिन्न हिस्सों में तैयार किए गए कृत्रिम तालाबों में विसर्जित किया गया। मुंबई और महाराष्ट्र के अन्य हिस्सों में 10 दिवसीय गणेश उत्सव 19 सितंबर को शुरू हुआ था। उत्सव का समापन 28 सितंबर को अनंत चतुर्दशी के मौके पर होगा। अधिकारी ने बताया कि बृहन्मुंबई महानगर पालिका (बीएमसी) ने इस साल प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए 69 प्राकृतिक जलाशय तय किए हैं और 191 कृत्रिम तालाब बनाए गए हैं।

## अफगानिस्तान के पास आतंकवादी ठिकाने पर छापेमारी में तीन आतंकी ढेर

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान सुरक्षाबलों ने अफगानिस्तान के साथ लगने वाली सीमा के पास पूर्व पाकिस्तानी तालिबान के एक गढ़ में संदिग्ध आतंकी ठिकाने पर छापेमारी की और और इस दौरान हुई गोलीबारी में तीन आतंकवादी मारे गए। पाकिस्तानी सेना ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सेना के एक बयान के मुताबिक, खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के खैबर जिले में सोमवार देर रात हुई गोलीबारी में मारे गए लोगों में एक आतंकी कमांडर भी शामिल था। बयान के अनुसार, मारे गए आतंकियों ने पूर्व में पाकिस्तानी सैनिकों पर हमला किया था। पाकिस्तानी सेना ने इसके अलावा कोई अन्य विवरण नहीं दिया। पाकिस्तानी तालिबान, अफगान तालिबान से संबद्ध एक आतंकी संगठन हैं। जिसे तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान या टीटीपी के नाम से भी जाना जाता है।

# गहलोत लोगों से संवाद के लिए आज से जिलों का दौरा करेंगे

**एजेंसी।** जयपुर

**राजस्थान** के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत अपने मिशन-2030 के बारे में लोगों से संवाद के लिए बुधवार से जिलों का दौरा शुरू करेंगे। इसके तहत वह पहली बैठक जयपुर में बिड़ला सभागार में करेंगे। गहलोत की यात्राओं का यह नौ दिवसीय कार्यक्रम राज्य में आदर्श आचार संहिता से पहले होने जा रहा है। राजस्थान में इस साल के आखिर में विधानसभा चुनाव होने हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, मुख्यमंत्री गहलोत बुधवार दोपहर 12 बजे बिड़ला सभागार में जौहरियों, रत्न व्यापारियों, ज्योतिषियों और कारीगरों से संवाद करेंगे। कार्यक्रम के अनुसार, इसके बाद वह हेलिकॉप्टर से जयपुर के चौमूं कस्बे के लिए रवाना होंगे और वहां बागवानों से संवाद करेंगे। शाम को जयपुर लौटने से पहले गहलोत सीकर में खाटू श्याम मंदिर और चूरू में सालासर बालाजी मंदिर जाएंगे। सत्तारूढ़ कांग्रेस ने इससे पहले पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना (ईआरसीपी) को राष्ट्रीय परियोजना का दर्जा देने की मांग के लिए पूर्वी



**इस साल के आखिर में विस चुनाव होने हैं**

राजस्थान में पांच दिवसीय यात्रा निकालने की योजना बनाई थी। हालांकि, पार्टी सूत्रों ने बताया कि इस प्रस्तावित यात्रा को स्थगित कर दिया है जो अब आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद निकाली जाएगी। अब राज्य में आदर्श आचार संहिता लागू होने से पहले मिशन 2030 के लिए मुख्यमंत्री के जिलों के दौरे की योजना बनाई गई है।

यह कार्यक्रम राज्य के उत्तरी, पश्चिमी और दक्षिणी हिस्सों को कवर करेगा। इसमें टाउन हॉल बैठकें, युवा संवाद, महिला सम्मेलन , सार्वजनिक कार्यक्रम शामिल हैं। गहलोत इस दौरान इलाके के कई प्रमुख धार्मिक स्थलों में भी जाएंगे।

# तकनीकी संस्थान घिसे-पिटे कार्यक्रमों को छोड़कर नए पाठ्यक्रम अपनाएं: सीएम योगी

**एजेंसी।** गोरखपुर (उप्र)

**उत्तर प्रदेश** के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को तकनीकी संस्थानों को नए दौर के पाठ्यक्रम अपनाने की सलाह दी। मुख्यमंत्री योगी ने मंगलवार को मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में 12 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित नए प्रशासनिक भवन का लोकार्पण करने के बाद अपने संबोधन में कहा तकनीकी संस्थानों को घिसे पिटे कार्यक्रम छोड़कर नए दौर के पाठ्यक्रमों को अपने यहां लागू करना होगा।

योगी ने कहा आज का समय तकनीक का है, जिसका उपयोग राष्ट्र निर्माण और लोक कल्याण में किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि 2017 तक उत्तर प्रदेश में केवल दो साइबर



थाने थे, लेकिन आज प्रदेश के हर जनपद में एक-एक साइबर थाना है और हर जिले में साइबर हेल्प डेस्क है, जिसकी वजह से साइबर अपराधों पर लगाम लग रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा विश्वविद्यालयों और तकनीकी संस्थानों की यह जिम्मेदारी बनती है कि वह तकनीकी सहयोग के लिए साइबर थानों के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) करें। आज गोरखपुर जोन की पुलिस ने इस दिशा में अभिनव पहल करते हुए मदन मोहन मालवीय विश्वविद्यालय के साथ समझौता ज्ञापन किया है। योगी ने कहा कि देश का सबसे बड़ा डाटा सेंटर उत्तर प्रदेश में है तथा राज्य के तकनीकी संस्थानों को चाहिए कि वे स्वयं को उससे जोड़ें।

उन्होंने कहा समाज की आवश्यकता के अनुरूप हम अपने शोध को आगे बढ़ाएं। इससे परिणाम सुखद होंगे। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित छात्रों को सुझाव दिया कि हमें समाज और सरकार की योजनाओं के सापेक्ष आगे बढ़ना होगा। कार्यक्रम में सांसद रवि किशन शुक्ल, जिला पंचायत अध्यक्ष साधना सिंह, महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव, कुलपति जय प्रकाश पाण्डेय, विधायक फतेह बहादुर सिंह और विपिन सिंह समेत अन्य गणमान्य अतिथि मौजूद थे।

# पंजाब के पूर्व वित्त मंत्री मनप्रीत बादल के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर जारी

**एजेंसी।** चंडीगढ़

**पंजाब** के पूर्व वित्त मंत्री मनप्रीत सिंह बादल के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर (एलओसी) जारी किया गया है, जिनके खिलाफ बठिंडा में एक संपत्ति की खरीद में अनियमितताओं के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। पंजाब सतर्कता ब्यूरो के एक शीर्ष अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

पंजाब सतर्कता ब्यूरो की टीम ने बादल के मुक्तसर स्थित आवास पर छापा मारा था जिसके बाद बादल को पकड़ने के लिए सोमवार को उनके खिलाफ लुकआउट सर्कुलर जारी किया गया। बादल जनवरी में कांग्रेस छोड़कर भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए थे। पंजाब सतर्कता ब्यूरो ने बठिंडा में संपत्ति खरीद में

**पंजाब सतर्कता ब्यूरो की टीम ने बादल आवास पर छापा मारा था**

अनियमितताओं के आरोप में बादल और पांच अन्य के खिलाफ आरोप दर्ज किया है। बादल के अलावा बठिंडा विकास प्राधिकरण (बीडीए) के पूर्व मुख्य प्रशासक बिक्रमजीत शेरगिल, राजीव कुमार, अमनदीप सिंह, विकास अरोड़ा और पंकज के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। राजीव कुमार, अमनदीप सिंह और विकास अरोड़ा को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। सतर्कता ब्यूरो ने पूर्व विधायक सरूप चंद सिंगला की 2021 की शिकायत के आधार पर मामले की जांच शुरू की थी, जिसमें बठिंडा में एक प्रमुख स्थान पर संपत्ति की खरीद में अनियमितता का आरोप लगाया गया था। पूर्व में शिरोमणि अकाली दल के नेता रहे भाजपा नेता सिंगला ने आरोप लगाया था कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार में मंत्री के रूप में बादल ने दो वाणिज्यिक भूखंडों को अपने नाम पर आवासीय भूखंड में बदलने के लिए अपने पद का दुरुपयोग किया था। इस संबंध में भारतीय दंड संहिता की धारा 420 (धोखाधड़ी) और 468 (जालसाजी) सहित संबंधित धाराओं और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया है।

सतर्कता ब्यूरो के अनुसार जांच के दौरान यह पाया गया कि बादल ने मॉडल टाउन चरण-1 बठिंडा में 1,560 वर्ग गज के दो भूखंड खरीदने के लिए अपने पद का दुरुपयोग किया, जिससे राज्य के खजाने को लाखों रुपये की वित्तीय हानि हुई।

# पाकिस्तान: इमरान खान की न्यायिक हिरासत और 14 दिन बढ़ाई गई

**एजेंसी।** इस्लामाबाद

**पाकिस्तान** की एक विशेष अदालत ने मंगलवार को सिफर मामले में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की न्यायिक हिरासत को और 14 दिन के लिए बढ़ा दिया है। इसके साथ ही उनकी जल्द रिहाई की संभावना भी कम हो गई है।

पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के प्रमुख इमरान खान को पिछले साल मार्च में शासकीय गोपनीयता अधिनियम के उल्लंघन में गिरफ्तार किया गया था। उन पर अमेरिका स्थित पाकिस्तान दूतावास द्वारा भेजे गए आधिकारिक दस्तावेज (सिफर) की गोपनीयता भंग करने का आरोप है। यह तीसरी बार है जब खान की न्यायिक हिरासत को बढ़ाया गया है। उनकी पिछली 14 दिन की हिरासत की अवधि आज खत्म हो गई। विशेष अदालत के



न्यायाधीश अबुल हसनत जुल्करनैन ने जिला जेल अटक में सुनवाई की। तोशाखाना मामले में दोषी ठहराए जाने के बाद पांच अगस्त से इमरान खान को इसी जेल में हिरासत में रखा गया है। सुनवाई के बाद अदालत ने जांच पूरी करने के लिए उनकी न्यायिक हिरासत को 10 अक्टूबर तक बढ़ा दिया। अदालत ने पूर्व विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी की हिरासत भी इसी अवधि के लिए बढ़ा दी। कुरैशी पर भी इसी अधिनियम के तहत आरोप हैं।

# गाजियाबाद में 5 मरीजों में डेंगू का डेन-2 स्ट्रेन

## लखनऊ लैब से हुई पुष्टि, डेंगू प्रभावित मरीजों की संख्या 582 पहुंची

पायनियर समाचार सेवा। गाजियबाद



**गाजियाबाद** में डेंगू के पांच मरीजों में इसका डेन-2 स्ट्रेन मिला है। दरअसल, 10 सितंबर को डेंगू के 50 पॉजिटिव और निगेटिव सैंपल जांच के लिए लखनऊ भेजे गए थे।

रैंडमाइजेशन के बाद इसमें पांच केस डेन-2 सीरो टाइपिंग मिले हैं। गाजियाबाद में स्वास्थ्य विभाग के जिला सर्विलांस अधिकारी डॉक्टर आरके गुप्ता ने मंगलवार को ये जानकारी दी। अभी पिछले दिनों नोएडा में भी 17 मरीजों में डेंगू के डेन.2 स्ट्रेन की पुष्टि हुई थी। बीते 24 घंटे में गाजियाबाद में डेंगू के 12 नए केस मिले हैं। इस प्रकार डेंगू के कुल मरीजों की संख्या 582 पहुंच गई है। गाजियाबाद में मलेरिया के 22, स्क्रब टाइफस के 15 और चिकगुनिया का एक मरीज है।

स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक, पिछले 24 घंटे में 172 टीमों ने 4809 घरों का सर्वे किया। इसमें 117 घरों में एडीज लार्वा पाया गया। 2 घरों को स्वास्थ्य विभाग ने नोटिस दिया।

वहीं 54 इलाकों में एंटी लार्वा का छिड़काव किया गया है। स्वास्थ्य विभाग मेरठ मंडल के डिविजनल सर्विलांस ऑफि सर डॉ अशोक तालियान ने बताया, डेंगू के कुल चार स्ट्रेन वायरस होते हैं।

इसमें डेन-1 और डेन-3 हल्के लक्ष्णों वाला माना जाता है। डेन.2 गंभीर माना जाता है। जबकि डेन-4 उत्तरी भारत में न के बराबर पाया जाता है। डेन.2 स्ट्रेन के मरीजों को बुखार, जोड़ों का दर्द, आंखों के पास दर्द शुरू होने लगता है। शरीर पर लाल रंग के चकते बन जाते हैं। इन चकतों से ब्लीडिंग भी शुरू होने लगती है। प्लेटलेट्स तेजी से घटती हैं। डेन-2 के मरीज को हैमरेजिक बुखार हो जाए तो ये और खतरनाक हो जाता है। इसकी वजह से कई आर्गन पर असर पड़ता है।

# सर्वोत्तम वर्ल्ड की न्योडा योजना फर्जी : रेरा

● दूसरे प्रमोटर के है दिए गए रजिस्ट्रेशन नंबर

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**यूपी** रेरा ने सर्वोत्तम वर्ल्ड प्रमोटर के विज्ञापन को भ्रामक और कपटपूर्ण बताया। साथ ही एडवाइजरी करते हुए खरीदार और निवेशकों को आगाह किया है।

प्रमोद कुमार उपाध्याय सचिव, उप्र रेरा ने बताया कि जांच पड़ताल में जानकारी हुई कि एक प्रमोटर सर्वोत्तम वर्ल्ड द्वारा न्योडा नाम की एक हाई.टेक टाउनशिप में मेगापोलिस, सर्वोत्तम मेगापोलिस नाम की रियल एस्टेट परियोजना का विज्ञापन किया जा रहा है। ये विज्ञापन मीडिया के सभी मंचों. समाचार पत्र, रेडियो, डिजिटल, आदि पर प्रसारित व प्रचारित किया जा रहा है। इस संबन्ध में आपको सूचित एवं आगाह करना है कि उक्त विज्ञापन पूर्णतः भ्रामक और कपटपूर्ण है।

विज्ञापन में प्रस्तुत विवरण के अनुरूप कोई परियोजना रेरा में पंजीकृत नहीं है। प्रमोटर द्वारा इस प्रकार का विज्ञापन रेरा अधिनियम के प्राविधान का उल्लंघन है। इस प्रकार के विज्ञापन से रियल एस्टेट के हितधारकों में प्रमोटर के प्रति नकारात्मक संदेश जाता है। खरीदारों के साथ धोखाधड़ी होने की संभावना रहती है।

## संक्षिप्त समाचार



ओप्पो कंपनी के बाहर प्रदर्शन करते श्रमिक।

### कंपनी के कर्मचारी की मौत, श्रमिकों ने किया हंगामा

**नोएडा।** थाना ईकोटेक प्रथम क्षेत्र में स्थित मोबाइल फोन बनाने वाली चाइनीज कंपनी ओप्पो में काम करने वाले विजय नामक व्यक्ति की आज कंपनी के अंदर काम करते समय संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना ईकोटेक-प्रथम के प्रभारी अनुज कुमार ने बताया कि मृतक का नाम विजय है। वह उक्त कंपनी में करीब 8 वर्ष से कम कर रहा था। इस घटना के बाद मौके पर भारी संख्या में मजदूरी इकठ्ठा हो गए। उन्होंने मृतक के परिजनों को मुआवजा देने की मांग को लेकर कंपनी के मैनेजमेंट के प्रति आक्रोश व्यक्त किया। थाना प्रभारी ने बताया कि मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी को समझा बूझकर मामले को शांत करवाया है।

### छात्रों ने दिल्ली-मेरठ मार्ग पर निकाला जुलूस

**गाजियबाद।** मोदीनगर में 1990 के आरक्षण विरोधी आंदोलन में जान गंवाने वाले छात्र युवराज सिंह व संजय कौशिक की याद में मंगलवार को छात्रों ने दिल्ली मेरठ मार्ग पर जलूस निकाला। दोनों छात्रों को शहीद का दर्जा देने व राजचौपले को शहीद स्थल घोषित करने की मांग की। इसके बाद उप जिलाधिकारी को ज्ञापन भी सौंपा। मुलतानीमल मोदी डिग्री कालेज के पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष योगेश तिवारी ने बताया कि 1990 में आरक्षण के विरोध में मोदीनगर में छात्रों का प्रदर्शन चल रहा था। इस बीच 26 सितंबर 1990 को पुलिस ने छात्रों पर गोली चला दी थी। जिसमें छात्र युवराज सिंह व संजय कौशिक की मौत हो गई थी।

### जेवर में ढाबे से दो लाख से भरा बैग चोरी

**नोएडा।** जेवर कोतवाली पुलिस ने एक ढाबे पर बैठे व्यक्ति के ऊपर थूककर उसके बैग में रखे करीब 2 लाख रुपये चुराने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस का कहना है कि आरोपी की कई दिन से पुलिस द्वारा तलाश की जा रही थी। जिसके आधार पर उसको सोमवार देर रात गिरफ्तार कर लिया गया है। जिसके कब्जे से पीड़ित की दो लाख की रकम भी बरामद कर ली गई है। पुलिस आरोपी को मंगलवार को कोर्ट में पेश कर जेल भेजेगी। जबकि उसके दो अन्य साथियों की भी पुलिस द्वारा तलाश की जा रही है। रामपुर बांगर गांव निवासी प्रेमचंद ने जेवर पुलिस को दी शिकायत में कहा कि 22 सितंबर को उन्होंने जेवर की एक बैंक से करीब 2 लाख रुपये निकाले थे। रुपए निकालने के बाद वह बैंक के पास स्थित एक ढाबे पर चाय पीने के लिए बैठ गए। उसी दौरान वहां बैठे तीन युवकों में से एक ने बिस्किट खाकर उनके ऊपर थूक दिया। शर्ट धोने के बाद जब पीड़ित वहां पहुंचे तो वहां से उनका बैग गायब था।

### दस महीने से सड़ निर्माण पूरी न होने पर प्रदर्शन

**गाजियबाद।** मोदीनगर नगर की कृष्णा कुंज कॉलोनी के लोगों ने घटिया निर्माण सामग्री लगाने का आरोप लगाते हुए मोदीनगर तहसील पर प्रदर्शन कर जमकर हंगामा किया। लोगों का आरोप है कि दस माह से निर्माण कार्य चल रहा है और शिकायत करने पर ठेकेदार अभद्र व्यवहार करता है। कॉलोनी के दर्जनों लोग एकत्र होकर मोदीनगर तहसील पहुंचे और जमकर हंगामा किया। उनका कहना है कि कृष्णाकुंज कॉलोनी में गली नम्बर 8 व 9 में23 नवंबर 2022 से इंटरलाकिग टाइल्स लगाने का कार्य किया जा रहा है। ठेकेदार की काम की शिथिलता के चलते नौ माह बाद भी निर्माण कार्य पूरा नहीं हो पाया है। आरोप है कि ठेकेदार द्वारा रोड़ी के स्थान पर मिट्टी डाल रहा है। मिट्टी डालने के कारण कॉलोनी में कीचड़ हो गया है।

# इंजीनियर ने पूर्व पत्नी के संग जहर खाकर दी जान

● सुसाइड नोट में परिवार वालों से मांगी माफी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**नोएडा** के थाना सेक्टर 113 के सेक्टर 122 में रहने वाले सॉफ्टवेयर इंजीनियर तरुण ने अपनी तलाकशुदा पत्नी सरिता के साथ फ्लैट में जहर खाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

पुलिस और फॉरेंसिक टीम को जांच के दौरान कमरे से सल्फास की गोलियों की खाली और भरी हुई डिब्बी मिली है। वहीं, घटनास्थल से एक सुसाइड नोट भी मिला है, जिसमें आत्महत्या के लिए परिवार के लोगों से माफी मांगी है।

पुलिस और फॉरेंसिक टीमें मामले की जांच कर रही है। नोएडा के सेक्टर 16 स्थित आईटी कंपनी में सॉफ्टवेयर इंजीनियर के रूप में कार्यरत मेरठ निवासी तरुण सेक्टर 122 में अकेले रह रहे थे। सोमवार को शाम 6 बजे जब तरुण ने अपने परिजनों का फोन नहीं उठाया तब, घबराकर परिजनों ने अपने एक अन्य रिश्तेदार सूरज को तरुण के घर भेजा। सूरज जब एम 2 सेक्टर-122 में रहने वाले तरुण के घर पहुंचा तो कमरे में तरुण और उनकी तलाकशुदा पत्नी सरिता अचेत अवस्था में पड़े थे। इस दौरान पुलिस की टीमें भी पहुंच गईं, तब तक दोनों की मौत हो चुकी थी। सूरज ने इसकी सूचना पुलिस को दी। जब पुलिस मौके पर पहुंची तो घर के अंदर से ही तरुण की तलाकशुदा पत्नी सरिता का शव भी बरामद हुआ। डीसीपी हरिश्चंद्र ने बताया कि प्राथमिक जांच में दोनों के बीच करीब डेढ़ वर्ष पहले तलाक होने की बात सामने आई है।

तरुण नोएडा स्थित एक आईटी कंपनी में इंजीनियर के पद पर कार्यरत थे, जबकि उनकी तलाकशुदा पत्नी एक निजी अस्पताल में नर्स थी। डीसीपी हरिश्चंद्र ने बताया कि पुलिस ने कमरे से एक सुसाइड नोट और जहरीला पदार्थ की खाली और भरी हुई डिबिया बरामद हुई है। दोनों ने यही जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या की है। मौके से सुसाइड नोट मिला है। इसमें लिखा है कि मैं परेशान हूं, किसी को खुश नहीं कर पाया। उनके मरने के बाद परिवार के लोगों को परेशान ना किया जाए। तरुण ने सुसाइड नोट में एटीएम कार्ड और बैंकों से जुड़े पासवर्ड को भी लिखा गया है, ताकि परिवार के लोग इसमें जमा रुपये को निकाल सकें।

# ग्रेनो में दिनदहाड़े महिला की गोली मारकर की हत्या

● परिवार ने मृतका की बहन पर जताया शक

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



मृतका का फाइल फोटो

घटनास्थल पर पहुंची पुलिस की टीम जांच करती हुई।

**ग्रेटर** नोएडा में बाइक सवार 2 बदमाशों ने महिला की गोलियां मारकर हत्या कर दी। गोली लगते ही महिला लहूलुहान होकर गिर गई। लोगों ने महिला को अस्पताल पहुंचाया, जहां पर उसे मृत घोषित कर दिया गया। वारदात के बाद बदमाश मौके से फरार हो गए।

सूचना पर मौके पर डीसीपी ग्रेटर नोएडा साद मिया खान कई थानों की फोर्स समेत मौके पर पहुंचे। महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। आरोपियों की तलाश में दबिश दी जा रही है। वारदात सुबह करीब 8:30 बजे की है। दादरी थाना क्षेत्र के सरस्वती विहार में रहने वाली राजकुमारी नौकरानी का काम करती हैं। राजकुमारी आज सुबह अपने घर से सूरजपुर जा रही थीं, तभी घर से करीब 100 मीटर की दूरी पर पहले से रेकी कर रहे बाइक सवार 2 बदमाशों ने राजकुमारी को ताबड़तोड़ 3 गोलियां मारीं। दो गालियां सीने और एक पेट में लगी। गोली लगते ही राजकुमारी लहुलूहान होकर सड़क पर गिर गईं। गोलियों की आवाज सुनकर मौके पर पहुंचे लोगों ने बदमाशों को पकड़ना चाहा लेकिन वे तेजी से बाइक भगाते हुए फरार हो गए। इसके बाद लोगों ने लहूलुहान महिला को उठाकर अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मौत के महिला के परिवार वालों में चीख पुकार मच गई।

मृतका की बेटी ने बताया, मां सूरजपुर में मेड का काम करती थीं। सुबह वह काम करने के लिए ही निकली थीं। पैसे के लेनदेन को लेकर हमारा विवाद हमारी मौसी सोनिया निवासी ग्राम घोडी, जिला पलवल, हरियाणा के साथ चल रहा था। मौसी आए दिन इस बात को लेकर धमकी देती रहती थीं। मौसी कहती थीं कि पैसे नहीं दिये मैं तुम्हारी हत्या करवा दूंगी। मम्मी कहती थीं कि पैसे इकट्ठा कर रहे हैं जैसे जैसे रकम इकट्ठा होगी भिजवा देंगे। लेकिन मौसी जल्द से जल्द पैसे मांग रही थीं।

उन्होंने ही मेरी मां की हत्या करवाई होगी। दिनदहाड़े हुए हत्याकांड की सूचना पर मौके पर पहुंचे डीसीपी ग्रेटर नोएडा साद मिया खान ने जांच पड़ताल की।

महिला के परिवार वालों से पूछताछ की। डीसीपी ने बताया, घटना के अनावरण के लिए पुलिस टीम गठित कर दी गई है। महिला के परिजनों ने तहरीर दी है। उसके आधार पर केस दर्ज किया जाएगा। युवती अपनी मौसी पर हत्या करवाने का आरोप लगा रही है, इसपर जांच की जाएगी। जल्द ही घटना का अनावरण किया जाएगा।

## मासूम बच्ची के साथ हैवानियत करने वाला मुठभेड़ में घायल

**नोएडा।** चार वर्षीय बच्ची के साथ बलात्कार करने वाले आरोपी को थाना जेवर पुलिस ने सोमवार देर रात को एक मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया है। पुलिस द्वारा चलाई गई गोली उसके पैर में लगी है। अपर पुलिस उपायुक्त जोन तृतीय अशोक कुमार सिंह ने बताया कि थाना जेवर क्षेत्र के कस्बा जहांगीरपुर में रहने वाली एक चार वर्षीय बच्ची के साथ उसके पड़ोस में रहने वाले व्यक्ति ने सोमवार को बलात्कार किया था। इस मामले की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस आरोपी की तलाश कर रही थी। उन्होंने बताया कि सोमवार की देर रात को पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी के लिए चैकिंग कर रही थी, तभी जानकारी मिली कि अभियुक्त महेश चांचली मार्ग पर बाग में छिपा है। पुलिस ने बाग में जाकर दबिश दी तो आरोपी ने आत्म समर्पण करने की बजाय पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नीयत से गोली चला दी। जवाबी कार्रवाई करते हुए पुलिस ने भी फायरिंग की। पुलिस द्वारा चलाई गई गोली आरोपी महेश के पैर में लगी है। इसके पास से पुलिस ने एक देसी तमंचा, कारतूस आदि बरामद किया है। अपर उपायुक्त ने बताया कि घायल आरोपी को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।



# ज्यादा मुनाफा का झांसा देकर ठगी करने वाले पांच गिरफ्तार

● इंजीनियर, यूपीएसई की तैयारी करने वाले छात्र सहित अन्य लोग वारदात को देते थे अंजाम

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



**सेंट्रल** दिल्ली के साइबर थाना की पुलिस टीम ने ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों में इंजीनियरिंग, यूपीएसई की तैयारी करने वाले छात्र भी शामिल थे। ये लोग ज्यादा मुनाफा कमाने का झांसा देकर लोगों से लाखों करोड़ों की जालसाजी करते थे। इनके लोगों के पास से 25 मोबाइल, 31 सिम कार्ड, पैन कार्ड, आधार कार्ड, पासबुक, चेकबुक आदि भी जब्त किए गए हैं। आरोपी फर्जी पते पर कंपनी और बैंक खाता खोलकर वारदात को अंजाम देते थे। गिरोह के तार दुबई और फिलिपिंस से जुड़े हैं। पुलिस को आशंका है कि ठगों का संपर्क अन्य देशों में भी हो सकता है।

पुलिस उपायुक्त प्रणव त्याल ने बताया कि आशीष अग्रवाल नाम के सख्स ने नेशनल साइबर पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई थी। अपनी शिकायत में उन्होंने बताया था कि उनके पास काफी सारे व्हाट्सएप पर मैसेज आए और उन्हें टेलीग्राम एप पर इन्वेस्ट करने के लिए लालच दिया गया। जिसके बदले ज्यादा मुनाफा कमाने की बात कही गई। पहले 1000 निवेश करके 1100 मुनाफा देने की लालच दिया गया। उसके बाद फिर 10000 निवेश करने पर 12000 मुनाफ दिया गया। धीरे-धीरे करके फिर राशि बढ़ता चला गया और उसने 30 लख रुपए हाई रिटर्न के चक्कर में गवां दिए। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसीपी ऑपरेशन आई के सिंह की देखरेख में एसएचओ खमेंद्र पाल सिंह सिंह, एस आई धीरेंद्र, संजय, हेड कांस्टेबल कुलदीप, सतीश, सुजीत, मीनाक्षी, रणवीर और कांस्टेबल खेम सिंह की टीम ने टेक्निकल सर्विलांस, बैंक अकाउंट की डिटेल और मोबाइल नंबर की जांच के आधार पर पता लगाते हुए इस फर्जीबाड़े का खुलासा करने में कामयाब हुई। छानबीन में पता चला की ठगी की रकम अलग-अलग 25 बैंक अकाउंट में अलग-अलग शहरों में जमा की गई है। वहां से फिर दूसरे खाता में रशि को ट्रांसफर किया गया।

पुलिस को यह भी पता चला कि यस बैंक का जो चालू खाता था, वह एक फर्जी कंपनी के नाम पर खुला हुआ था। जिसे किराए पर लिए गए जगह पर सुहेल अकरम नाम के शख्स ने खोला था। उसके साथ गौरव शर्मा नाम का सख्स भी काम करता था। यह भी पता चला कि इस पते पर 11 फर्जी कंपनी रजिस्टर्ड करवाई गई थी। अलग-अलग लोगों को निदेशक बनाया गया था।

इस मामले की छानबीन करती हुई पुलिस को आखिरकार सुहेल अकरम और उसके साथी गौरव शर्मा के बारे में जानकारी मिली और इनको मालवीय नगर इलाके से पकड़ा गया। इनके पास से फर्जी स्टांप अलग-अलग नाम से बैंक अकाउंट के डेबिट कार्ड आदि बरामद किए गए। दोनों को गिरफ्तार किया गया। इन दोनों से पूछताछ हुई तो उन्होंने बताया कि फर्जी दस्तावेज से कंपनी और खाता खोलकर फर्जीवाड़ा करना शुरू कर दिया था।

सुहेल की निशानदेही पर बलराम को भी गिरफ्तार किया गया। उसने खुलासा किया इस धंधे में गुड़गांव का रहने वाला विवेक कुमार भी शामिल है और उसका एक और साथी मनीष कुमार भी इसे फर्जीबाड़े में शामिल है। विवेक सिंह दुबई और फिलिपींस में रहने वाले इस तरह के चीटर के संपर्क में है। यह टेलीग्राम और लिंकडिन के जरिए विदेशी ठगों के संपर्क में रहकर यह इंडिया में फर्जीवाड़ा करने लगा। सोहेल अकरम ने अपना आईडी चेंज करके सैयद अहमद के रूप में कर लिया था और उसका इसने आधार कार्ड पैन कार्ड भी बना लिया था। पुलिस ने काफी मात्रा में व्हाट्सएप चैट भी जब्त किया है, जो इन लोगों के बीच में हुई है। विवेक कुमार गुरुग्राम का रहने वाला है। वह बीटेक कर चुका है। यूपीएससी की भी यह तैयारी कर चुका है। इसका एक और साथी सोहेल अकरम चेन्नई से कंप्यूटर साइंस में बीटेक किया है।

# एमसीडी में सदन की कार्यवाही के दौरान नारेबाजी

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कई सदस्यों ने मंगलवार को यहां दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) में सदन की कार्यवाही के दौरान एक -दूसरे के खिलाफ नारेबाजी की। सदन की कार्यवाही निर्धारित समय दो बजे से करीब आधे घंटे की देरी से शुरू हुई। भाजपा के कुछ सदस्य आप विरोधी नारे लगाने लगे जिसके बाद कुछ आप पार्षदों ने भी भाजपा विरोधी नारे लगाने शुरू कर दिए। महापौर शैली ओबरॉय ने सभी सदस्यों से सदन की गरिमा बनाए रखने का आह्वान किया तथा 15 मिनट के लिए सदन को स्थगित कर दिया। कुछ सदस्य आसन के समीप भी आ गए और उनके हाथों में तख्तियां थीं जिनपर वार्ड कमेटी का गठन करो जैसे नारे लिखे थे। सदन स्थगित कर दिए जाने के बाद भी कई सदस्य नारे लगाते रहे। बाद में सदन की कार्यवाही बहाल हुई। एमसीडी मुख्यालय यहां सिविक सेंटर में है।

# यूजर चार्ज का ठेका पाने वाली फर्म मेयर के निशाने पर

● नगर आयुक्त को पत्र लिखकर कीं जांच की मांग

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

**मेयर** सुनीता दयाल ने यूजर चार्ज का ठेका पाने वाली कंपनी को निशाने पर लिया। मेयर ने नगर आयुक्त विक्रमादित्य को पत्र लिखा है।

मांग की गई कि ठेका पाने वाली फर्म स्पैरो सॉफ्टेक की जांच की जाए। मेयर ने पत्र में नगर आयुक्त से इस फर्म को दिए गए ठेके की जांच कराने की मांग की। मेयर ने पत्र में यह भी लिखा कि जिस फर्म को ठेका दिया गया अनुबंध में कर्मचारियों के कार्य करने की संख्या 40 बताई गई मगर दस्तावेज के हिसाब से केवल तीस कर्मचारी ही है।

मेयर सुनीता दयाल ने इस मामले में मुख्य कर निर्धारण अधिकारी संजीव सिन्हा को निशाने पर लिया। उनका कहना है कि सिन्हा से फर्म के डायरेक्टर, प्रमॉटर, अन्य वरिष्ठ कर्मचारियों का मोबाइल नंबर, आधार कार्ड, पैन कार्ड आदि विवरण मांगा गया था मगर जो पत्रावली उनके द्वारा भेजी गई है उनमें यह दस्तावेज नहीं है। मेयर का कहना है कि फर्म द्वारा जो 40 कर्मचारी दर्शा, गए है वह संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। फर्म को एक यूजर चार्ज वसूली के लिए प्रति जोन में एक काउंटर भी खोलना था मगर नहीं खोला गया।

# दोस्त का अपहरण कर की हत्या, गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

उत्तर पूर्वी दिल्ली के करावल नगर इलाके में दो लोगों ने अपने एक दोस्त को, उसके परिवार से दो लाख रुपए की फिरौती मांगने के लिए कथित रूप से अगवा किया और फिर उसकी हत्या कर शव को झाड़ियों में फेंक दिया। जब आरोपियों को पता चला कि मामले में पुलिस जांच कर रही है तो वे फरार हो गए।

पुलिस ने बताया कि मामले में एक आरोपी सचिन कुमार शर्मा को राजस्थान के श्री गंगानगर से गिरफ्तार कर लिया गया। एक अन्य आरोपी अरुण का अब तक पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने कहा कि सचिन और नितिन दोनों नई दिल्ली में करावल नगर में जौहरीपुर के निवासी हैं और पीड़ित शाहदरा में कपड़े की एक दुकान पर काम करता था।पीड़ित की बहन गीता चौधरी ने पुलिस को दी गई अपनी शिकायत में कहा कि 19 सितंबर को नितिन शाम करीब साढ़े पांच बजे घर से निकला था। शिकायत के अनुसार, अगले दिन सुबह करीब 10 बजकर 23 मिनट पर उसे एक संदेश मिला जिसमें कहा गया था कि उसके भाई का अपहरण कर लिया गया है और दो लाख रुपए दिए जाने पर ही उसे छोड़ा जाएगा।पुलिस उपायुक्त जॉय तिर्की ने कहा कि इसके तुरंत बाद फिरौती के लिए अपहरण का मामला दर्ज किया गया और जांच शुरू की गई। पुलिस ने पीड़ित के फोन कॉल रिकॉर्ड की जांच की और दो लोगों की संदिग्ध गतिविधि का पता चला लेकिन उनकी पहचान नहीं हो सकी। तकनीकी निगरानी की मदद से इनमें से एक आरोपी सचिन का पता लगा लिया गया और उसे राजस्थान के श्री गंगानगर से पकड़ लिया गया।तिर्की के अनुसार, सचिन करावल नगर में बर्तन की एक दुकान में सेल्समैन का काम करता था और वह वर्ष 2018 से नितिन को जानता था।

# अधिवक्ता पर चलती कार में चलाई गोली

पायनियर समाचार सेवा। गाजियबाद

**दिल्ली-मेरठ** मार्ग पर गांव काजमपुर गेट से आगे सुबह तीन बजे के आसपास चतली कार सवार मीडियाकर्मी व अधिवक्ता पर पिस्टल से फायरिंग करने का मामला सामने आया है।

गनीमत यह रही है कि गोली किसी को नहीं लगी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों को तलाश शुरू कर दी है। गाजियबाद के नंद्रग्राम थानाक्षेत्र की कौशल विहार कॉलोनी निवासी पंकज शर्मा मीडिया कर्मी है। वह अपने अधिवक्ता दोस्त ऑकुश राणा निवासी बागपत के साथ अपने दोस्त की जन्मदिन पार्टी में शामिल होने के लिए मेरठ गए थे। सुबह वह साढ़े तीन बजे के आसपास वह कार से मेरठ से वापस गाजियाबाद आ रहे थे। जब वह दिल्ली मेरठ मार्ग पर मोदीनगर थानाक्षेत्र में काजमपुर गेट के पास पहुंचे तो कार रोक दी। इसी बीच दोनों टायलेट करने लगे। उनका आरोप है कि इसी बीच एक कार आकर रुकी और शराब के ठेके का गेट पीटकर खुलवा लिया। इसके बाद उन्होने ठेके से शराब ली और हमे गाली गलौच करने लगे। गाली देते ही दोनों कार में बैठकर गाजियाबाद की और चल दिए। इसी बीच कार युवक पीछे से आए और बराबर में कार लगाकर पिस्टल से फायरिंग कर दी।

# कुत्ते को लिफ्ट में ले जाने पर हंगामा, वीडियो वायरल

● बच्चा लिफ्ट में कुत्ते को देखकर डर रहा था



पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा की एक सोसाइटी में कुत्ते को लिफ्ट में ले जाने पर हंगामा हो गया। लिफ्ट में कुत्ते को ले जाने का महिला ने विरोध कर दिया। लेकिन युवक कुत्ते को लिफ्ट से ले जाने पर अड़ा हुआ था। इसी बात पर दोनों के बीच बहस होने लगी। हंगामा बढ़ता देख सोसयटी का गार्ड मौके पर पहुंचा, उसने भी युवक को लिफ्ट से ले जाने का विरोध किया तो युवक उसे उल्टा फटकारने लगा। दोनों गुटों में आधे घंटे तक हंगामा होता रहा।

पूरे हंगामे का वीडियो भी सामने आया है। दरअसल, पूरी घटना ग्रेटर नोएडा वेस्ट के गौरसिटी 7जी एवेन्यू की है। सोमवार की शाम को एक युवक अपने कुत्ते को घुमाने के बाद वापस अपने फ्लैट में लेकर जा रहा था। युवक अपने कुत्ते को लेकर लिफ्ट के पास पहुंचा और लिफ्ट में जाने लगा तो लिफ्ट में पहले से ही एक छोटा बच्चा मौजूद था, जो उस कुत्ते को देखकर बुरी तरह से डर गया। इसके बाद बच्चा कुत्ते को लिफ्ट में ले जाने का विरोध करने लगा लेकिन युवक कुत्ते को लिफ्ट से ले जाने पर अड़ गया। हंगामा बढ़ता देख मौके पर मौजूद गार्ड ने युवक से कुत्ते को दूसरी लिफ्ट से ले जाने या बाद में ले जाने की बात कही। इस पर वह युवक भड़क गया और उसने गार्ड के साथ बहसबाजी करनी शुरू कर दी। वीडियो में नजर आ रहा है कि युवक लगातार गार्ड से कह रहा है कि यह बच्चा पहले उतरेगा और मैं अपने कुत्ते को लेकर जाऊंगा। महिला ने बच्चे और गार्ड का सपोर्ट किया और युवक से बोली कि बच्चा पहले से ही लिफ्ट में मौजूद है और वह कुत्ते की वजह से डर रहा है। इसलिए आप अपने कुत्ते को किसी दूसरी लिफ्ट से ले जाएं या बाद में ले जाएं। लेकिन युवक नहीं माना और बोला कि बच्चा उतर जाएगा लेकिन मैं कुत्ते को लेकर जाऊंगा।

इस पर महिला ने कहा कि वह इस पूरी घटना का वीडियो बना रही है और इसको वायरल भी करेगी। अगर बच्चा डर रहा है तो आप दूसरी लिफ्ट से जा सकते हैं। युवक कहने लगा देख लो पालतू कुत्ता है कोई स्ट्रीट डॉग नहीं। इसपर महिला कहने लगी कि अगर आप कोई स्प्व्छ शेर पालेंगे और कहेंगे कि पालतू शेर है।

# आम होती जा रही हैं ला नीना की दीर्घकालिक घटनाएं क्या जलवायु परिवर्तन का है इसमें कोई हाथ

**ला नीना की 1998 के बाद से आई छह में से पांच घटनाओं का प्रभाव एक वर्ष से ज्यादा समय तक महसूस किया गया था। इनमें ला नीना की एक ऐसी घटना भी शामिल है जिसका प्रभाव तीन वर्षों तक दर्ज किया गया था**



**एक** नई रिसर्च से पता चला है कि पिछले 100 वर्षों के दौरान कई वर्षों तक चलने वाली ला नीना की घटनाओं का होना आम होता जा रहा है। गौरतलब है कि 1998 के बाद आई छह में से पांच ला नीना की घटनाओं का प्रभाव एक वर्ष से ज्यादा समय तक महसूस किया गया था। हैरान कर देने वाली बात है कि इनमें ला नीना की एक ऐसी घटना भी शामिल है जिसका प्रभाव तीन वर्षों तक दर्ज किया गया था। यह जानकारी हवाई विश्वविद्यालय (यूएच) के डिपार्टमेंट ऑफ एटमोस्फियरिक साइंस से जुड़े वैज्ञानिक बिन वांग के नेतृत्व में अंतराष्ट्रीय शोधकर्ताओं द्वारा किए एक नए अध्ययन में सामने आई है। इस अध्ययन के नतीजे अंतरराष्ट्रीय जर्नल नेचर क्लाइमेट चेंज में प्रकाशित हुए हैं।

इस बारे में रिटायर प्रोफेसर वांग ने प्रेस विज्ञप्ति में कहा है कि कई वर्षों तक चलने वाली ला नीना की घटनाओं का एक साथ अध्ययन उल्लेखनीय है, क्योंकि 1920 के बाद से केवल दस ऐसी घटनाएं हुई हैं। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि अल नीनो की तरह ही ला नीना भी मौसम से जुड़ी घटनाएं हैं जिन्हें आमतौर पर अल नीनो-दक्षिणी दोलन (ईएनएसओ) के नाम से जाना जाता है। यह दोनों ही घटनाएं प्रशांत महासागर की सतह के तापमान में होने वाले बदलावों से जुड़ी हैं। जहां अल नीनो तापमान में होने वाली वृद्धि के लिए जिम्मेवार होता है। वहीं उसकी तरफ ला नीना के दौरान तापमान में गिरावट आ जाती है।

वैज्ञानिक रूप से देखें तो ला नीना प्रशांत महासागर के भूमध्यीय क्षेत्र की उस मौसमी घटना का नाम है, जिसमें पानी की सतह का तापमान सामान्य से कहीं ज्यादा कम हो जाता है। पश्चिमी प्रशांत महासागरीय क्षेत्र में सामान्य से कम वायुदाब बनने से इसकी स्थिति बनती है। आमतौर पर इन घटनाओं का असर नौ से 12 महीनों के बीच रहता है। लेकिन कभी-कभी यह स्थिति कई वर्षों तक बनी रहती है। इन दोनों घटनाओं के घटने का यह पैटर्न लगातार चलता रहता है। अल नीनो और ला नीना दोनों ही घटनाएं दुनिया भर में मौसम, बारिश, तूफान, बाढ़, सूखा जैसी घटनाओं को प्रभावित करती हैं। इनकी वजह से कहीं सामान्य से ज्यादा बारिश होती है तो कहीं सूखा पड़ता है, और कहीं तूफान आते हैं।

### क्या जलवायु में आता बदलाव है, इसके लिए जिम्मेदार

यह स्पष्ट है कि हाल के वर्षों में कई वर्षों तक चलने वाली ला नीना घटनाओं में वृद्धि हुई है, लेकिन इसके लिए कौन से कारक जिम्मेदार हैं और क्या भविष्य में इस तरह की घटनाएं पहले से ज्यादा बार होंगी? यह कुछ ऐसे सवाल है जो जलवायु वैज्ञानिकों के बीच वैश्विक चर्चा का विषय बन गए हैं, लेकिन अभी भी इनके स्पष्ट उत्तर नहीं मिल सके हैं। इसी को समझने के लिए वांग और उनके सहयोगियों ने 1920 से 2022 के बीच सामने आई ला नीना की 20 घटनाओं का अध्ययन किया। वे यह समझना चाहते थे कि कई वर्षों तक चलने वाली यह ला नीना की घटनाएं ऐतिहासिक रूप से क्यों बदल रही हैं। आमतौर पर, देखा जाए तो लंबे समय तक चलने वाली ला नीना की घटना, सुपर अल नीनो के बाद घटती है, क्योंकि अल नीनो के बाद ऊपरी महासागर से महत्वपूर्ण मात्रा में गर्मी निकलती है।

हालांकि हाल की तीन बहुवर्षीय ला नीना की घटनाओं (2007-08, 2010-11 और 2020-22) ने इस अपेक्षित पैटर्न का अनुसरण नहीं किया था। अपने अध्ययन से शोधकर्ताओं को पता चला है कि यह घटनाएं पश्चिमी प्रशांत महासागर में बढ़ते तापमान और पश्चिमी से मध्य प्रशांत तक समुद्र की सतह के तापमान में आए तेज अंतर के कारण घटती हैं। इस बारे में वांग का कहना है कि पश्चिमी प्रशांत क्षेत्र में गर्मी बढ़ने से ये घटनाएं तेजी से शुरू होती हैं और उनमें निरंतरता बनी रहती है। शोध से यह भी पता चला है कि कई वर्षों तक चलने वाली यह ला नीना की घटनाएं एकल-वर्षीय ला नीना से भिन्न हैं क्योंकि इनकी शुरुआत विशिष्ट तरीके से होती है। इससे अनुमान लगाया जाता है कि यह घटना कितनी शक्तिशाली होगी और इसका जलवायु पर क्या प्रभाव पड़ेगा।

इस बारे में जटिल कंप्यूटर सिमुलेशन भी इस बात की पुष्टि करते हैं कि बहुवर्षीय ला नीना की घटनाओं और पश्चिमी प्रशांत क्षेत्र में बढ़ते तापमान के बीच संबंध है। ऐसे में जो नए निष्कर्ष सामने आए हैं वो इस बात पर प्रकाश डालते हैं कि कैसे वैश्विक तापमान में होती वृद्धि के साथ ला नीना की चरम घटनाएं और बदतर हो सकती हैं। शोध के अनुसार यदि पश्चिमी प्रशांत महासागर, मध्य प्रशांत की तुलना में गर्म होता रहा, तो इससे बहुवर्षीय ला नीना की घटनाएं बढ़ सकती हैं, जिससे दुनिया भर में रह रहे समुदायों पर इनका दुष्प्रभाव और ज्यादा बढ़ जाएगा।

गौरतलब है कि हाल ही में जर्नल नेचर क्लाइमेट चेंज में प्रकाशित एक अन्य अध्ययन से पता चला है कि जलवायु परिवर्तन के चलते जो पिछले 11,000 वर्षों में नहीं हुआ, वो भविष्य में होने वाला है। इस रिसर्च के अनुसार भविष्य में अल नीनो और ला नीना की घटनाओं के आने का जो एक चक्र है वो भविष्य में कमजोर पड़ जाएगा। हालांकि यह बदलाव हमारे लिए अच्छा होगा या बुरा इस बारे में अभी तक स्पष्ट जानकारी उपलब्ध नहीं है। वांग के मुताबिक अध्ययन के जो नतीजे सामने आए हैं वो भविष्य में ला नीना की चरम घटनाओं की भविष्यवाणी करते समय अनिश्चितताओं को कम करने में मदद कर सकते हैं, साथ ही इससे हमें आने वाले समय के लिए बेहतरी तैयारी करने में सहायता मिल सकती है।

**-साभार-डीटीई**

# एशियाई शीतकालीन मॉनसूनी बारिश को 50 फीसदी तक क्यों कम आंका जाता है

**वैज्ञानिकों** ने एक नई तकनीक की खोज की है जो शीतकालीन मॉनसून की घटनाओं पर प्रकाश डालेगी। शरद ऋतु और सर्दियों की भारी बारिश जिसके कारण पूरे दक्षिण पूर्व एशिया में बाढ़ और भूस्खलन की आशंका रहती है। जबकि ग्रीष्मकालीन मॉनसून पर अच्छी तरह से शोध किया गया है और इसे समझा गया है, वर्तमान में शीतकालीन मॉनसून के बारे में बहुत सीमित जानकारी है। विशेष रूप से उस अवधि के दौरान वह किस तरह बदल गया, जब मौसम केंद्रों के पास कोई आंकड़े उपलब्ध नहीं है।

इसलिए वियतनाम, थाईलैंड, कंबोडिया और मलेशिया जैसे देशों में शीतकालीन वर्षा के समय और तीव्रता के बारे में लंबे समय का सटीक पूर्वानुमान लगाना मुश्किल हो गया है। एशियाई शीतकालीन मॉनसून वियतनाम, फिलीपींस, दक्षिण-पूर्व भारत, श्रीलंका और जापान के कुछ तटीय क्षेत्रों में भारी बारिश लाता है, जो कृषि और जल संसाधनों के साथ-साथ बाढ़ और भूस्खलन से संबंधित प्राकृतिक खतरों के लिए भी जिम्मेदार है। इन क्षेत्रों में दुनिया के कुछ सबसे बड़े खाद्य उत्पादक और निर्यातक शामिल हैं, जिससे न केवल क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था बल्कि पहले से ही अनिश्चित वैश्विक खाद्य व्यापार भी शीतकालीन मॉनसूनी वर्षा में बदलाव के प्रति संवेदनशील हो गया है। मध्य वियतनाम की एक गुफा से 8,000 साल पुराने स्टैलेग्माइट की जांच करके, शोधकर्ता हजारों वर्षों में दक्षिण पूर्व एशिया में मौसमी वर्षा के पैटर्न में बदलाव के बारे में जानकारी निकालने में सक्षम हुए हैं। यह शोध नेचर कम्युनिकेशंस पत्रिका में प्रकाशित हुआ है। एक नए सफल शोध में, वे पहली बार स्थानीय मौसम की स्थिति के कारण होने वाली वर्षा और बहुत व्यापक भौगोलिक क्षेत्र की स्थितियों के परिणामस्वरूप होने वाली वर्षा के बीच अंतर करने में सक्षम हुए हैं। शोध के हवाले से, एनाबेल वुल्फ ने कहा कि, दक्षिण पूर्व एशिया में सर्दियों और गर्मियों के मॉनसून के पिछले विकास पर दशकों से बहस चल रही है। उन्होंने कहा, वियतनाम से इस स्टैलेग्माइट की जांच करके, हम एक महत्वपूर्ण अवधि में शरद ऋतु और सर्दियों की बारिश को ट्रैक करने में सक्षम



थे, स्थानीय मौसम प्रणालियों के कारण हुई बारिश और व्यापक क्षेत्रीय प्रणालियों के कारण होने वाली बारिश के बीच अंतर करने में सक्षम थे। शोध का मुख्य निष्कर्ष, वायुमंडलीय प्रसार के कारण होने वाले मॉनसून के क्षेत्रीय घटक, उत्तरी गोलार्ध में सूर्य की गर्मी के द्वारा संचालित सर्दियों और गर्मियों के मॉनसून के बीच एक विरोधाभासी संबंध दिखाता है।

हालांकि, स्थानीय वर्षा के नमूनों के नतीजों से पता चला कि गर्मी और सर्दियों के मॉनसून के बीच एक मजबूत संबंध है। शोध के निष्कर्षों का मतलब है कि, अब दक्षिण पूर्व एशिया के अन्य क्षेत्रों से नमूनों की फिर से जांच करने, स्थानीय और क्षेत्रीय बारिश के स्तर को निकालने की संभावना है, जिससे इस बात की अधिक जानकारी मिल सकेगी कि, समय के साथ मौसम के पैटर्न कैसे विकसित हुए हैं और वे भविष्य में कैसे बदल सकते हैं। अच्छी तरह से अध्ययन किए गए दक्षिण-पश्चिम ग्रीष्मकालीन मॉनसून के विपरीत, पूर्व-औद्योगिक परिस्थितियों के तहत पूर्वोत्तर शीतकालीन मॉनसून से जुड़े दक्षिण पूर्व एशियाई वर्षा में लंबे समय तक होने वाले बदलावों का कोई मजबूत रिकॉर्ड नहीं है। इसका मतलब यह है कि इस क्षेत्र में लंबे समय के आधार पर वर्षा में बदलाव को अच्छी तरह से नहीं समझा गया है। परिणामस्वरूप, कई जलवायु मॉडल शीतकालीन मॉनसूनी बारिश को 50 फीसदी तक कम आंकते हैं, जिससे भविष्य के जलवायु अनुमानों में काफी अनिश्चितता रह जाती है। शोधकर्ता ने बताया कि, हमारे निष्कर्षों में दक्षिण पूर्व एशिया में भारी बारिश के प्रभावों को कम करने के उद्देश्य से नीतियों और रणनीतियों को इत्तला करने की क्षमता है, जो अधिक जरूरी हो जाता है क्योंकि जलवायु परिवर्तन वैश्विक मौसम पैटर्न पर अपना प्रभाव डालना जारी रखें हुए है।

# दुनिया में केवल 27,427 गैंडे रह गए हैं शेष इन कारणों से अस्तित्व पर मंडराया खतरा

### क्या इतना मुश्किल है इन जीवों का संरक्षण

**इसी** तरह दुनिया की सबसे बड़ी काले गैंडों की आबादी वाले देश नामीबिया में 2021 से 2022 के बीच गैंडों के अवैध शिकार में 93 फीसदी की गंभीर वृद्धि देखी गई है। देखा जाए तो केवल अवैध शिकार ही नहीं जलवायु में आते बदलावों से भी गैंडों के लिए खतरा बढ़ रहा है। यह प्रजातियों के आधार पर उन पर अलग-अलग प्रभाव डालता है। अफ्रीका में, जलवायु परिवर्तन से संबंधित सूखा इंसानी समुदायों और वन्य जीवन दोनों को नुकसान पहुंचा रहा है। इससे जल संसाधनों को लेकर संघर्ष बढ़ सकता है, जिससे लोग और गैंडे निकट संपर्क में आ सकते हैं। इसी तरह जैसे-जैसे फसलों और पशुधन को नुकसान बढ़ रहा है, उससे गरीबी बढ़ सकती है, इसके चलते अपनी आय के लिए इन गैंडों का अवैध शिकार बढ़ सकता है। इसके साथ ही शुष्क परिस्थितियां जंगल में लगने वाली आग को बढ़ा सकती हैं, जिससे गैंडों का आवास और जीवन खतरे में पड़ सकता है। वहीं दूसरी तरफ जलवायु में आते बदलावों से एशिया में बारिश में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है साथ ही मानसून भी प्रभावित हो रहा है। नतीजन इसकी वजह से गैंडों के लिए खतरा पैदा हो सकता है। बता दें कि पहले ही एशिया में कई जगहों पर बाढ़ गैंडों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई है। इसकी वजह से इनके डूबने के साथ-साथ बच्चों के अपनी माओं से अलग होने का खतरा भी बना रहता है। वहीं, जब शक्तिशाली तूफान आते हैं तो स्थिति कहीं ज्यादा गंभीर हो जाती है। इसी तरह नियमित बाढ़ से न केवल इंसानों में बल्कि गैंडों में भी बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है। बदलता मौसम आक्रामक पौधों को भी बढ़ावा दे रहा है, जिसकी वजह से गैंडों के लिए भोजन उपलब्धता कर आवास पर असर पड़ सकता है। हालांकि इसके बावजूद भारत और नेपाल में एक सींग वाले गैंडे अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। भले ही इन देशों ने इस वर्ष इनके आधिकारिक आंकड़े जारी नहीं किए हैं लेकिन अधिकारियों का मानना है कि इनकी आबादी बढ़ रही है।



**दुनिया** भर में गैंडे अपने अस्तित्व के लिए संघर्ष कर रहे हैं। आज उनकी आबादी 27,427 के आसपास रह गई है। यदि 2021 की तुलना में देखें तो 2022 में इनकी आबादी में 4.4 फीसदी की वृद्धि जरूर हुई है। हालांकि देखा जाए तो उनकी आबादी में हुई यह वृद्धि गैंडों की गिरती आबादी को स्थिर करने के लिए काफी नहीं है। बता दें कि अंतराष्ट्रीय संगठन सेव द राइनो के मुताबिक 2021 में दुनियाभर में मौजूद गैंडों की कुल आबादी 26,272 दर्ज की गई थी। इस बारे में जो नए आंकड़े सामने आए हैं उनके मुताबिक सुमात्रन गैंडों की आबादी को लेकर अभी भी अनिश्चितता बनी हुई है। लेकिन इतना तो स्पष्ट है कि यह प्रजाति गंभीर रूप से खतरे में है।

इंटरनेशनल यूनियन फॉर कंजर्वेशन ऑफ नेचर (आईयूसीएन) द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार आज दुनिया भर में केवल 36 से 47 सुमात्रन गैंडे ही बचे हैं, इसी तरह जावा गैंडों की संख्या भी केवल 76 ही रह गई है। हालांकि इनमें से 12 की स्थिति और आवास के बारे में स्पष्ट जानकारी उपलब्ध नहीं है। जो स्पष्ट तौर पर दर्शाता है कि यदि इनके संरक्षण पर ध्यान न दिया गया तो जल्द ही यह प्रजातियां दुनिया से विलुप्त हो सकती हैं।

यह जानकारी इंटरनेशनल राइनो फाउंडेशन (आईआरएफ) द्वारा जारी नई रिपोर्ट 2023 स्टेट ऑफ द राइनो में सामने आई है, जिसे 22 सितम्बर को विश्व गैंडा दिवस के मौके पर जारी किया गया है। रिपोर्ट में यह भी सामने आया है कि संरक्षण के लिए किए जा रहे प्रयासों और कानूनों को सख्ती से लागू करने के साथ-साथ प्राकृतिक आवासों में होते विस्तार के चलते भारत और नेपाल में एक सींग वाले गैंडों की आबादी लगातार बढ़ रही है। यही वजह है आज दुनिया भर में एक सींग वाले गैंडों की आबादी बढ़कर 4,014 पर पहुंच गई है। वहीं यदि दक्षिण अफ्रीका की बात करें तो यह देश अभी भी गैंडों के अवैध शिकार से निपटने के लिए जूझ रहा है। इसी तरह दुनिया भर में सफेद गैंडों की आबादी 5.4 फीसदी की वृद्धि के साथ बढ़कर 16,803 पर पहुंच गई है। इसी तरह दुर्लभ काले गैंडों की आबादी जो 2021 में 6,195 दर्ज की गई थी वो 2022 में 4.7 फीसदी की वृद्धि के साथ बढ़कर 6,487 हो गई है। अच्छी बात यह रही की अवैध शिकार के लगातार दबाव के बावजूद काले गैंडों की आबादी बढ़ रही है।

### अवैध शिकार, सिकुड़ते आवास और जलवायु परिवर्तन हैं बड़ा खतरा

**रिपोर्ट** के मुताबिक भले ही गैंडों की कुछ प्रजातियों की आबादी बढ़ रही है, लेकिन अभी भी अवैध शिकार अफ्रीका और एशिया में पाई जाने वाली इनकी पांचों प्रजातियों (काले, सफेद, एक सींग वाले, सुमात्रा और जावा गैंडों) के लिए बड़ा खतरा है। इतना ही नहीं अवैध शिकार का यह खतरा उन क्षेत्रों तक फैल गया है, जहां पहले यह कोई समस्या नहीं था।

रिपोर्ट की मानें तो अवैध शिकार और इनके प्राकृतिक आवास को होता नुकसान इनकी घटती आबादी के लिए प्रमुख रूप से जिम्मेवार है। लेकिन साथ ही जलवायु में आता बदलाव भी इनके जीवन के कई पहलुओं पर गंभीर प्रभाव डाल रहा है। देखा जाए तो यह गैंडे अपने सींगों के लिए जाने जाते हैं, लेकिन इनके लिए ही इनका सबसे ज्यादा शिकार किया जाता है। दुनिया भर में कभी पहले कम खतरे में समझी जाने वाली गैंडों की आबादी अब सुसंगठित, अंतरराष्ट्रीय आपराधिक समूहों के निशाने पर आ गई है। रिपोर्ट के अनुसार जहां पिछले साल इनके अवैध शिकार की कोई घटना नहीं सामने आई थी वहीं 2023 में काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान और मानस राष्ट्रीय उद्यान में इनके अवैध शिकार के एक-एक मामले सामने आए थे। इसी तरह इंडोनेशिया के उजांग कुलोन नेशनल पार्क, जो जावन गैंडों का एकमात्र आवास क्षेत्र है वहां पिछले साल घुसपैठ के प्रयासों में चिंताजनक रूप से वृद्धि देखी गई है। इंडोनेशिया का पर्यावरण और वन मंत्रालय हाल ही में हुई जावन गैंडे की अप्राकृतिक मौत की जांच कर रहा है। वहीं, अफ्रीका में अवैध शिकार की प्रवृत्ति में बदलाव देखा गया है। पिछले वर्ष में, शिकारियों ने अपना ध्यान गैंडों की बड़ी आबादी से हटाकर, उन जगहों पर कर दिया है जहां गैंडों की संभावित रूप से अधिक कमजोर आबादी रह रही है। यदि 2017 से देखें तो सफेद गैंडों की आबादी में लगातार गिरावट आ रही है, जो गैंडों की पांचों प्रजातियों में सबसे अधिक संख्या में हैं। आंकड़ों के अनुसार जहां 2017 में इनकी कुल आबादी 18,067 दर्ज की गई थी वो 2022 में घटकर केवल 16,803 रह गई है। गौरतलब है कि जैसे-जैसे गैंडों की आबादी बड़े राष्ट्रीय उद्यानों और अभ्यारण्यों में फैल रही है, शिकारियों के लिए उनका पता लगाना कठिन हो रहा है। उदाहरण के लिए दक्षिण अफ्रीका में क्रूगर नेशनल पार्क जैसे प्रमुख संरक्षित क्षेत्रों में अवैध शिकार को रोकने के लिए सुरक्षा उपाय बढ़ा दिए गए हैं। ऐसे में शिकारियों ने ह्लुहलुवे इम्फोलोजी गेम रिजर्व जैसे छोटे क्षेत्रों को निशाना बनाना शुरू कर दिया है, जहां पिछले साल दक्षिण अफ्रीका में गैंडों के अवैध शिकार में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

**-साभार-डीटीई**

# क्या है कपास से बने कपड़ों के पर्यावरणीय प्रभाव? किस तरह हो सकता है सुधार?

**हमारी जींस और टी-शर्ट का पर्यावरणीय प्रभाव कितना बड़ा है यह देश, कपास की खेती, उत्पाद के निर्माण और उपयोग पर निर्भर करता है**

**कपास** से बने कपड़ों में प्राकृतिक रेशे या फाइबर सबसे व्यापक रूप से इस्तेमाल किए जाते हैं। लेकिन वास्तव में हमारी जींस और शर्ट पर्यावरण को कितनी प्रदूषित करती है? अब कपास के प्रभावों को लेकर, पर्यावरण वैज्ञानिक लौरा शेरेर ने एक अंतरराष्ट्रीय शोध परियोजना की शुरुआत की है। यह अध्ययन नेचर रिव्यूज अर्थ एंड एनवायरनमेंट में प्रकाशित हुआ है।

पिछले दशकों में कपड़ों की खपत में भारी बढ़ोतरी हुई है। शेरेर का कहना है कि ऐसा तेजी से बढ़ते फैशन के प्रचार के कारण वस्त्रों का पर्यावरणीय प्रभाव भी काफी बढ़ गया है। शेरेर का पिछला अधिकांश शोध भोजन के पर्यावरणीय प्रभावों पर केंद्रित रहा है। लेकिन केवल टिकाऊ भोजन स्थिरता लक्ष्यों को पूरा करने के लिए पर्याप्त नहीं है। हर कोई हीट पंप स्थापित करने का खतरा नहीं उठा सकता है, लेकिन हर कोई यह तय कर सकता है कि वे क्या खाते हैं, क्या पहनते हैं, या कितने समय तक पहनते हैं।

इन कपड़ों के पदचिह्न की पहचान करने और प्रभावों को कम करने के अवसरों की तलाश करने के लिए, शेरेर ने शोधकर्ताओं की एक अंतरराष्ट्रीय टीम के साथ मिलकर काम किया। उन्होंने बताया, हमने कपास पर गौर किया, क्योंकि यह दुनिया का सबसे व्यापक रूप से इस्तेमाल किया जाने वाला प्राकृतिक फाइबर है। कपड़ा बाजार में केवल पॉलिएस्टर का अधिक उपयोग किया जाता है, लेकिन यह एक सिंथेटिक फाइबर है।

### कपास की फसल से लेकर कूड़े तक

**कपास** एक नरम, रोएंदार स्टेपल रेशे है जो कपास के पौधे के बीज के चारों ओर एक गूदे में उगता है। यह गर्म वातावरण में उगता है, लेकिन इसकी खेती के लिए बहुत अधिक पानी की आवश्यकता होती है। यहीं से फाइबर की स्थिरता का आकलन शुरू होता है। शेरेर कहते हैं, कभी-कभी, उपभोक्ताओं के लिए उत्पादन के प्रभावों को नजरअंदाज करना आसान होता है क्योंकि वे विदेशों में होते हैं। उदाहरण के लिए, यूरोप में उपभोक्ताओं की खरीदारी चीन और भारत में पानी की कमी के जिम्मेदार हो सकती है।

उदाहरण के लिए, अमेरिका में, ऊर्जा ग्रिड कार्बन-सघन हैं और लोगों को बार-बार धोने और मशीन से सुखाने की आदत है। उस स्थिति में, जीन्स के कार्बन पदचिह्न में योगदान के मामले में उपयोग चरण उत्पादन चरण से अधिक हो सकता है। इसके विपरीत, स्वीडन जैसे देश में जहां ऊर्जा स्वच्छ है, कपड़े धोने से पहले लंबे समय तक पहने जाते हैं और हवा में सुखाना अधिक आम है, उपयोग चरण जींस के समग्र कार्बन पदचिह्न में अपेक्षाकृत कम योगदान देता है। शेरेर बताते हैं कि अपने कपड़ों को कम बार धोना बेहतर है। इसका दोहरा लाभ है, यह न केवल धोने से होने वाले प्रभाव को कम करता है, बल्कि कपड़ों की गुणवत्ता बनाए रखने में भी मदद करता है। इस तरह, उन्हें लंबे समय तक इस्तेमाल किया जा सकता है। साथ ही वॉशिंग मशीन को उसकी पूरी क्षमता से भरना और इस्त्री करने से बचने में मदद करता है।

### तो फिर क्या हमें अलग-अलग कपड़े खरीदने चाहिए?

हमारी जींस और टी-शर्ट का पर्यावरणीय प्रभाव कितना बड़ा है यह देश, कपास की खेती, उत्पाद के निर्माण और उपयोग पर निर्भर करता है। उदाहरण के लिए, खेती के स्तर पर प्रभाव सिंचाई, कीटनाशक और उर्वरक के प्रयोग के स्तर के आधार पर अलग-अलग होते हैं। कपड़ा निर्माण के चरण में, प्रभाव ऊर्जा बुनियादी ढांचे और निर्माण संबंधी तकनीकों पर निर्भर करते हैं। उपयोग के चरण के प्रभाव उपभोक्ताओं के व्यवहार के कारण अलग-अलग होते हैं। अपने शोध में, शोधकर्ताओं ने इन विभिन्न चरणों का विश्लेषण और तुलना की। फिर उन्होंने सूती वस्त्रों की पर्यावरणीय स्थिरता में सुधार के लिए किसानों,



निर्माताओं और उपभोक्ताओं के लिए अवसरों का सुझाव दिया। शेरेर ने कहा, अक्सर सूती कपड़ों का उत्पादन पर्यावरणीय प्रभावों पर हावी होता है। यह कपास की खेती या सूती कपड़ों के निर्माण से हो सकता है। कपास से टी-शर्ट या जींस जैसी कोई चीज निकलने तक कई कदम उठाने पड़ते हैं। फिर भी, उपभोक्ताओं के लिए अपने कपड़ों के प्रभाव को कम करने के कई अवसर भी हैं। पैंट की अगली जोड़ी खरीदते समय, क्या हमें कपास से बचना चाहिए?

शोधकर्ता ने बताया कि, हमने कपास की तुलना प्राकृतिक और सिंथेटिक दोनों तरह के कई वैकल्पिक रेशों से की है। लेकिन यह तय करना मुश्किल है कि क्या ये बेहतर हैं, क्योंकि अध्ययन आमतौर पर उपभोक्ता व्यवहार को ध्यान में नहीं रखते हैं। सामग्री इस बात में अलग हो सकती है कि उन्हें कितनी बार धोने की आवश्यकता है या कितनी देर तक उन्हें धोना है। कितने समय तक उपयोग किया जा सकता है। यह उनके समग्र प्रभाव को प्रभावित करता है, इसलिए और अधिक शोध की आवश्यकता है।

कुछ रेशों से बने कम कपड़े खरीदने के बजाय, सामान्य तौर पर कम कपड़े खरीदना बेहतर है। तेजी से धीमे फैशन की ओर बढ़ना उत्पाद डिजाइन, विपणन और उपभोक्ता व्यवहार में बदलाव की मांग करता है। भले ही कपड़ों का उत्पादन कुछ दूर की बात लगे, शेरेर के अनुसार, उपभोक्ता के रूप में हम एक महत्वपूर्ण बदलाव ला सकते हैं। कम कपड़े खरीदना और कम बार धोना निस्संदेह फायदेमंद है और यह आपके पैसे भी बचाता है।

**- साभार-डीटीई**

# एशियन गेम्स में भारतीय हॉकी टीम की लगातार दूसरी जीत

## सिंगापुर को 16-1 से हराया, मनदीप ने चार और हरमनप्रीत सिंह ने किया हैट्रिक गोल

एजेंसी। हांगझोउ



**एशियन** गेम्स के मेंस हॉकी मैच में भारत ने सिंगापुर को 16-1 गोल के अंतर से हराया। इस मैच में भारतीय हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने 4 गोल किए। मैच में रोमांच तब आया जब मनदीप सिंह ने लगातार 3 गोल करके भारत की पॉइंट्स टैली को और मजबूत किया। इसके पहले भारत ने उज्बेकिस्तान को 16-0 से हराया था।

हरमनप्रीत सिंह भारत के गोल अटैक में सबसे आगे रहे, उन्होंने 24वें, 39वें, 40वें, 42वें मिनट में चार गोल किए। इस गोल टैली में उनका साथ मनदीप सिंह ने दिया। उन्होंने 12वें, 30वें और 51वें मिनट में गोल करके हैट्रिक बनाई।

हरमनप्रीत और मनदीप सिंह के अलावा टीम के अन्य खिलाड़ियों ने भी शानदार प्रदर्शन किया। अभिषेक और वरुण कुमार ने 2-2 गोल किए।

जब की ललित कुमार, गुरजंत सिंह, विवेक सागर, मनप्रीत सिंह और शमशेर सिंह ने एक-एक गोल किया।

### मैच का पहला गोल 12वें मिनट में हुआ

**भारत** ने शुरुआती दौर से ही खेल में दबाव बनाए रखा था। हालांकि, सिंगापुर के डिफेन्स ने भारतीय खिलाड़ियों को 12 मिनट तक गोल करने से रोके रखा। इस दौरान टीम को कई दफा कॉर्नर से गोल करने का मौका मिला पर हो नहीं पाया। खेल के 12वें मिनट में मैच का पहला गोल मनदीप सिंह ने किया। इसके बाद भारतीय टीम को रोकना सिंगापुर के लिए मुश्किल हो गया। सिंगापुर के लिए इकलौता गोल मोहम्मद जकी ने 53वें मिनट में किया।

# रोमांचक मुकाबले के बाद पदक से चूकी दिव्यांश और रमिता की जोड़ी

एजेंसी। हांगझोउ



**भारत** के दिव्यांश पंवार और रमिता जिंदल दस एशियाई खेलों की दस मीटर एयर राइफल मिश्रित स्पर्धा में मामूली अंतर से कांस्य पदक से चूक गए। दक्षिण कोरिया ने कड़े मुकाबले के बाद कांस्य पदक जीता। पार्क हाजुन और ली यूंसियो की कोरियाई जोड़ी ने 20 . 18 से जीत दर्ज की।

बीस वर्ष के दिव्यांश और टीनएजर रमिता की शुरूआत अच्छी नहीं हुई थी। दोनों क्वालीफिकेशन दौर में छठे और आखिरी स्थान पर रहे। दस मीटर एयर राइफल व्यक्तिगत स्पर्धा में आठ निशानेबाज फाइनल के लिए क्वालीफाई करते हैं लेकिन मिश्रित टीम में छह जोड़ियों ने क्वालीफाई किया। शीर्ष दो टीमों ने स्वर्ण पदक के लिए मुकाबला किया जबकि बाकी चार टीमों ने दो दो के समूह में दो कांस्य पदकों के लिए खेला। कोरिया ने एक कांस्य जीता ओर दूसरा कजाखस्तान की टीम को मिला जिसने ईरानी जोड़ी को हराया। दस मीटर एयर राइफल टीम स्पर्धा का स्वर्ण जीतने वाली पुरुष टीम के सदस्य रहे पंवार ने 314.3 स्कोर किया जबकि रमिता का स्कोर 313.9 रहा। भारतीय जोड़ी का कुल स्कोर 628.2 था। भारत और कोरिया का मुकाबला कांटे का रहा। एक समय भारतीय जोड़ी 9.3 से आगे थी लेकिन कोरिया ने शानदार वापसी करके जीत दर्ज की।

# भारत को घुड़सवारी में गोल्ड 1982 के बाद पहला पदक

## इबाद अली ने ब्रॉन्ज जीता, भारत को अब तक तीन गोल्ड समेत 14 मेडल

एजेंसी। हांगझोउ

**19वें** एशियन गेम्स में तीसरे दिन हांगझोउ में भारत को तीसरा मेडल मिला। घुड़सवारी टीम ने आज का पहला गोल्ड मेडल दिलाया है। सुदिप्ती हजेला, दिव्यकृति सिंह, हृदय छेड़ा और अनुष अगरवल्ला की जोड़ी ने इस इवेंट में 41 साल बाद देश को गोल्ड जीता।

भारत के इबाद अली ने मेंस सेलिंग में ब्रॉन्ज मेडल जीता। इससे पहले नेहा ठाकुर ने 28 पॉइंट के साथ सिल्वर मेडल जीता। यह भारत का दिन का दूसरा मेडल है। इसके साथ ही भारत के एशियन गेम्स में अब 13 मेडल हो गए हैं। जिसमें दो गोल्ड शामिल है। वहीं, स्विमिंग में मेंस की चार गुना 100 मीटर मेडले रिले टीम नेशनल रिकॉर्ड के साथ फाइनल में पहुंच गई है। अंकिता रैना टेनिस के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई हैं। इससे पहले मंगलवार को भारत ने हॉकी में सिंगापुर को 16-1 से हराया। इसके अलावा, जूडो में दो खिलाड़ी क्वार्टर फाइनल में क्वार्टर फाइनल में अपना स्थान पक्का किया। सोमवार को महिला विमिंस क्रिकेट टीम और शूटिंग में 10 मीटर टीम एयर राइफल में पुरुष टीम ने गोल्ड जीता था। इबाद अली ने मेंस सेलिंग में ब्रॉन्ज और नेहा ठाकुर ने विमेंस सेलिंग में सिल्वर मेडल जीता।



### घुड़सवारी: 41 साल बाद गोल्ड मेडल

**घुड़सवारी** के टीम ड्रेसेज इवेंट में भारत ने ऐतिहासिक गोल्ड मेडल जीता। सुदिप्ती हजेला, दिव्यकृति सिंह, हृदय छेड़ा और अनुष अगरवल्ला की जोड़ी ने देश को 41 साल बाद घुड़सवारी में गोल्ड मेडल दिलाया। इससे पहले देश को 1982 में घुड़सवारी का गोल्ड मिला था।

### हॉकी: भारत ने सिंगापुर को मेडल की होड़ से किया बाहर

**तीसरे** दिन भारत ने एशियन गेम्स में हॉकी में सिंगापुर को 16-1 से हराकर अच्छी शुरुआत की। भारत के लिए हरमनप्रीत सिंह ने 4 और मंदीप सिंह ने 3 गोल किए। इनके अलावा वरुण कुमार, अभिषेक ने 2-2 गोल किए।

### तूलिका मान ब्रॉन्ज मेडल से चूकी

**जूडो** में तूलिका मान 75 किलो वेट कैटेगिरी में ब्रॉन्ज मेडल से चूक गई। वहीं अवतार सिंह भी पुरुषों के 100 किग्रा क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए हैं। क्वार्टर फाइनल में उनका मुकाबला यूएई के दजफर कोस्तोव से होगा।

### फेंसिंग: भवानी देवी का एशियन गेम्स का सफर क्वार्टर फाइनल में समाप्त

**फेंसिंग** में भवानी देवी के एशियन गेम्स में मेडल जीतने की उम्मीद मंगलवार को क्वार्टर फाइनल में खत्म हो गई। भवानी को सेबर इवेंट के क्वार्टर फाइनल में दुनिया की 11वें नंबर की खिलाड़ी से 7-15 से हार का सामना करना पड़ा। इससे पहले भवानी ने 6 मैच जीतकर क्वार्टर फाइनल में पहुंची थी। उन्होंने अपने अभियान की शुरुआत सिंगापुर की जूलियत जी मिन हेंग को 5-2 से हरा कर की थी। उसके बाद उन्होंने सऊदी अरब की अलहस्ना अलहम्मद को 5-1 से हराया। इसके बाद कजाकिस्तान की करीना दोस्पायोक को 5-3 से मात दी। वहीं पूल मैचों में उज्बेकिस्तान की जैनब डेइबेकोवा और बांग्लादेश की रोकसाना खातून को हराया था।

### शूटिंग: 10 मीटर एयर राइफल मिक्स्ड टीम चौथे स्थान पर रही

**10** मीटर एयर राइफल मिक्स्ड में रमित और दिव्यांश सिंह को ब्रॉन्ज मेडल के इवेंट में हार का सामना करना पड़ा। हालांकि, अभी 10 मीटर एयर पिस्टल में मेडल की उम्मीद बरकरार है। मनु भाकर का इवेंट अभी होना है।

### अंकिता रैना क्वार्टर फाइनल में पहुंची

टेनिस विमेंस सिंगल्स के तीसरे राउंड अंकिता रैन ने हॉन्गकॉन्ग की आदित्या करूणारत्ने को 6-1, 6-2 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

### मेंस मेडले रिले टीम फाइनल में

स्विमिंग में मेंस की 4 गुणा 100 मीटर मेडले रिले टीम नेशनल रिकॉर्ड के साथ फाइनल में पहुंच गई है। हीट में नटराज, लिखित सेल्वराज, साजन प्रकाश और तनिष जॉर्ज मैथ्यू की चौकड़ी ने 3:40.84 का समय लेकर दूसरे स्थान पर रही और फाइनल में अपना स्थान पक्का किया। उन्होंने जकार्ता में नटराज, संदीप सेजवाल, प्रकाश, आरोन डिसूजा के बनाए 3:44.94 समय के रिकॉर्ड को तोड़ा।

### दूसरे दिन 6 मेडल आए, इनमें दो गोल्ड

एशियाड के दूसरे दिन भारतीय खिलाड़ियों ने 6 मेडल जीते। इनमें दो गोल्ड, 4 ब्रॉन्ज शामिल हैं। भारतीय महिला टीम और राइफल शूटिंग पुरुष टीम ने देश को गोल्ड दिलाए। शूटिंग और रोइंग से दो-दो ब्रॉन्ज मिले। पहले दिन भारतीय खिलाड़ियों ने 3 सिल्वर और 2 ब्रॉन्ज सहित 5 मेडल जीते थे।

## ऑस्ट्रेलिया को परिस्थितियों से सामंजस्य बिठाना होगा: स्टार्क

**राजकोट।** ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी बल्लेबाज स्टीव स्मिथ भारत की परिस्थितियों से सामंजस्य बिठाने में संघर्ष कर रहे हैं लेकिन तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क ने मंगलवार को कहा कि टीम के लिए यह चिंता का सबब नहीं है।

स्मिथ आम तौर पर भारत के खिलाफ बड़ी पारियां खेलते हैं लेकिन तीन वनडे मैचों की श्रृंखला की शुरुआत दो मुकाबलों में उन्होंने 41 और शून्य रन का स्कोर बनाया है। वह इस साल फरवरी मार्च में भारत के खिलाफ चार टेस्ट मैचों की श्रृंखला में महज 145 रन ही बना सके थे। चोट से वापसी कर रहे स्टार्क ने भारत के खिलाफ तीसरे मैच की पूर्व संध्या पर कहा, वह शानदार खिलाड़ी है। वह हर प्रारूप में टीम के सबसे अहम खिलाड़ियों में से है। यह सामंजस्य बिठाने के बारे में है। हम दक्षिण अफ्रीका के दौरे से भारत आ रहे हैं। कई खिलाड़ी टीम में वापसी कर रहे हैं। स्टार्क ने टीम को शुरुआती दोनों मैचों में मिली शिकस्त के बारे में पूछे जाने पर कहा, हमने महसूस किया दोनों मैचों में पिच में थोड़ा बदलाव आया। इंदौर में शाम में स्पिन ने बड़ी भूमिका निभाई। हमने मोहाली में दुधिया रोशनी में अच्छा प्रदर्शन किया था।

# भारत की नजरें पहली बार आस्ट्रेलिया के खिलाफ क्लीन स्वीप करने पर

## जसप्रीत बुमराह ने भी अपना फॉर्म और फिटनेस साबित कर दी है

एजेंसी। राजकोट



**कप्तान** रोहित शर्मा की नजरें यहां बुधवार को होने वाले तीसरे और आखिरी एक दिवसीय क्रिकेट मैच में जीत के साथ आस्ट्रेलिया का सूपड़ा साफ करके विश्व कप की तैयारियों को अंतिम रूप देने पर लगी होंगी।

भारत ने वनडे प्रारूप में कभी आस्ट्रेलिया का सफाया नहीं किया है। दोनों में से कोई भी टीम अपनी धरती पर या दूसरे की मेजबानी में यह श्रेय हासिल नहीं कर सकी है। शानदार फॉर्म में चल रही भारतीय टीम ने कई प्रमुख खिलाड़ियों के बिना भी पिछले दोनों मैच जीते। टीम संयोजन में बदलाव करके यह सुनिश्चित किया गया कि सभी को मौका मिले। विश्व कप से पहले अब टीम लगातार चौथी वनडे जीत की दहलीज पर है। यह श्रृंखला 3-0 से जीतने पर उसे पांच बार की विश्व चैम्पियन आस्ट्रेलिया पर मनोवैज्ञानिक बढत मिल जाएगी। दोनों टीमें विश्व कप में अपने अभियान का आगाज आठ अक्टूबर को चेन्नई में एक दूसरे के खिलाफ ही करेंगी। दोनों टीमों ने पहले दो मैचों में टीम में काफी बदलाव किया लेकिन भारत का पलड़ा भारी रहा। आखिरी वनडे में भारत ने शुभमन गिल को आराम दिया है जिसने पहले दो मैचों में 74 और 104 रन बनाए। गिल ने इस साल वनडे प्रारूप में 72.35 की औसत से 1230 रन बनाए हैं।

कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली की वापसी अपेक्षित है जबकि फॉर्म में चल रहे कुलदीप यादव और हार्दिक पंड्या भी पहले दो मैचों में विश्राम के बाद लौटेंगे। कुछ सप्ताह पहले टीम जब एशिया कप खेलने गई थी तब किसी ने सोचा भी नहीं था कि उसके सामने इस तरह से चयन की दुविधा होगी। ईशान किशन, सूर्यकुमार यादव, मोहम्मद शमी और मोहम्मद सिराज सभी मैच विनर साबित हुए हैं। श्रेयस अय्यर ने कमर की तकलीफ से उबरकर इंदौर में शतक बनाया। वहीं राहुल ने कप्तानी के साथ बल्लेबाजी के भी जौहर दिखाए। जसप्रीत बुमराह ने भी अपना फॉर्म और फिटनेस साबित कर दी है।

आस्ट्रेलियाई टीम अक्सर इस तरह से नहीं हारती। उसे आत्ममंथन करके वनडे क्रिकेट में लगातार पांच हार के इस सिलसिले को तोड़ना होगा। कुछ महीने पहले ही मिचेल स्टार्क की शानदार गेंदबाजी के दम पर आस्ट्रेलिया ने भारत को 2-1 से हराया था। विश्व कप से पहले अब यह आखिरी मैच है लिहाजा आस्ट्रेलिया पैट कमिंस और स्टार्क को उतारना चाहेगा। बल्लेबाजी में ट्रेविस हेड, स्टीव स्मिथ और मार्नस लाबुशेन से भी अच्छी पारियों की उम्मीद होगी।

# अफगानिस्तान की टीम वर्ल्ड कप के लिए भारत पहुंची

## 29 सितंबर को साउथ अफ्रीका के खिलाफ खेलेगी वार्म-अप मैच

एजेंसी। नई दिल्ली

**वनडे** वर्ल्ड कप के लिए अफगानिस्तान क्रिकेट टीम मंगलवार (26 सितंबर) को भारत पहुंच गई। वर्ल्ड कप 2023, 5 अक्टूबर से खेला जाएगा।

अफगान टीम ने भारत पहुंचने के बाद सोशल मीडिया पर कई तस्वीरें शेयर की हैं। टीम ने रवाना होने से पहले भी सोशल मीडिया पर कई तस्वीरें शेयर की थीं। अफगानिस्तान टीम वर्ल्ड कप शुरू होने से पहले दो वार्म-अप मैच खेलेगी। पहला मैच 29 सितंबर को साउथ अफ्रीका और दूसरा 3 अक्टूबर को श्रीलंका के खिलाफ होगा।

अफगानिस्तान का पहला मैच बांग्लादेश और दूसरा मैच भारत से है। भारत-अफगानिस्तान के बीच 11 अक्टूबर को दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में मैच खेला जाएगा। अफगानिस्तान की टीम सेमीफाइनल से पहले आखिरी मैच साउथ अफ्रीका के खिलाफ 10 नवंबर को खेलेगी।



### वर्ल्ड कप की शुरुआत 5 अक्टूबर को होगी

**वर्ल्ड** कप के मौजूदा सीजन की शुरुआत 5 अक्टूबर को डिफेंडिंग चैंपियन इंग्लैंड और न्यूजीलैंड मुकाबले के साथ अहमदाबाद से होगी।

### वर्ल्ड कप के लिए अफगानिस्तान स्क्वॉड

**हशमतुल्लाह** शाहिदी (कप्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज, इब्राहिम जादरान, रियाज हसन, रहमत शाह, नजीबुल्लाह जादरान, मोहम्मद नबी, इकराम अलीखिल, अजमतुल्ला उमरजई, राशिद खान, मुजीब उर रहमान, नूर अहमद, फजलहक फारूकी, अब्दुल रहमान और नवीन उल हक।

## भारत की विश्व जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप में विजयी शुरुआत

**नई दिल्ली।** भारत ने अमेरिका के स्पोकेन में चल रही विश्व जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप की मिश्रित टीम स्पर्धा में कुक आईलैंड्स को 5-0 से हराकर अपने अभियान की शानदार शुरुआत की।

सात्विक रेड्डी कनापुरम और वैष्णवी खडकेकर की मिश्रित युगल जोड़ी ने कैयिन मताइओ और तेरेपी अकावी को 21-6, 21-8 से हराकर भारत को शुरुआती बढ़त दिलाई। आयुष शेट्टी ने लड़कों के एकल मैच में डेनियल अकावी पर 21-6, 21-3 से प्रभावशाली जीत दर्ज की, जबकि तारा शाह ने ते पा ओ ते रंगी तुपा को केवल 14 मिनट में 21-3, 21-6 से हराया।

लड़कों के युगल मैच में निकोलस और तुषार की जोड़ी ने इमानुएला माताइओ और कैयिन माताइओ को 21-9, 21-5 से जबकि लड़कियों के युगल में राधिका शर्मा और तन्वी शर्मा ने टेरेपी अकावी और वैटिया क्रोकोम्बे अमा को 21-4, 21-7 से पराजित किया।

# बेस्वाद सप्लीमेंट और योग है निशानेबाज रमिता जिंदल की सफलता की कुंजी

एजेंसी। हांगझोउ

**बेस्वाद** सप्लीमेंट खाना, प्राणायाम और योग कोई भी टीनएजर रोज नहीं करना चाहेगा लेकिन निशानेबाज रमिता जिंदल की यही दिनचर्या थी जिसने यहां एशियाई खेलों में शानदार प्रदर्शन किया है। रमिता महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल में रजत जीतने वाली भारतीय महिला टीम की सदस्य थी और व्यक्तिगत स्पर्धा में भी उसने कांस्य पदक जीता।

वह और दिव्यांश पंवार मामूली अंतर से मिश्रित युगल का कांस्य जीतने से चूक गए। हरियाणा के कुरुक्षेत्र जिले के लाडवा कस्बे की रहने वाली रमिता ने कहा, मैने मनोवैज्ञानिक गायत्री वर्तक से सलाह ली जिन्होंने मुझे यह सारी तकनीक बताई। मैं सुबह प्राणायाम और योग करती हूं। इससे शांतचित्त रहने में मदद मिलती है। उन्होंने कहा, खुराक भी अहम है और मेरे पास इसके लिए भी विशेषज्ञ है। उन्होंने मुझे सप्लीमेंट दिए। चूंकि मैं शाकाहारी हूं तो सारे सप्लीमेंट लेती हूं जिनका स्वाद बहुत ही खराब है। लेकिन क्या कर सकते हैं। मुझे घंटों तक खड़ा रहना होता है। रमिता के पिता अरविंद उसे 2017 में निशानेबाजी रेंज पर ले गए और उसे पहली बार में ही यह खेल बहुत पसंद आया। उस समय वह 13 वर्ष की थी और आठवीं में पढती थी। उसने कहा, मैंने करण निशानेबाजी अकादमी में प्रवेश लिया और खेल को कैरियर बनाने की सोची।



रमिता के पिता वकील होने के साथ कुरूक्षेत्र में आयकर सलाहकार भी हैं लिहाजा उसे कभी आर्थिक परेशानी पेश नहीं आई। उसने कहा , मेरे पिता ने कभी किसी बात के लिए मुझे मना नहीं किया। राइफल चाहिए थी तो वह ले दी। नई किट ला दी।

## गिल को विश्राम, पंड्या, शमी और ठाकुर घर लौटे: रोहित

**राजकोट।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने मंगलवार को कहा कि बेहतरीन फॉर्म में चल रहे सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल सहित पांच खिलाड़ी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे और अंतिम एकदिवसीय क्रिकेट मैच के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगे, क्योंकि कुछ खिलाड़ी वायरल से पीड़ित है जबकि कुछ खिलाड़ियों ने घर लौटने का विकल्प चुना है। तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 से आगे चल रहे भारत को इस तरह से अंतिम वनडे के लिए 13 खिलाड़ियों में से टीम का चयन करना होगा।

## एशियाई खेलों के आयोजन में विलंब से नेहा को हुआ फायदा

**नई दिल्ली।** चीन में कोविड-19 महामारी के कारण एशियाई खेलों को जब एक साल के लिए टाला गया तो यह कई खिलाड़ियों के लिए निराशाजनक रहा लेकिन भारतीय सेलर (पाल नाविक) नेहा ठाकुर के लिए यह फैसला वरदान साबित हुआ। नेहा ने मंगलवार को यहां हांगझोउ खेलों में लड़कियों की डिंगी आईएलसीए-4 स्पर्धा में रजत पदक जीतकर इस खेल में देश के लिए पदकों का खाता खोला। एशियाई खेलों का आयोजन अगर पिछले साल अपने मूल कार्यक्रम के अनुसार होता तो नेहा भारतीय टीम का हिस्सा नहीं होती, क्योंकि उस समय रितिका डांगी इस स्पर्धा में देश की नंबर एक खिलाड़ी थीं। एशियाई खेलों में जगह बनाने वाली रितिका हालांकि आईएलसीए-4 स्पर्धा के लिए जरूरी 17 साल की आयु सीमा को पार कर गई और उनकी जगह टीम में नेहा को शामिल किया गया। नेहा ने पिछले साल अबू धाबी में एशियाई चैम्पियनशिप में कांस्य पदक जीता था। नेशनल सेलिंग (पाल नौकायन) स्कूल (एनएसएस) के कोच अनिल शर्मा ने कहा, एशियाई खेलों में रितिका को हिस्सा लेना था लेकिन दुर्भाग्य से वह आयु सीमा को पार कर गई। वह इस साल 18 बरस की हो गई।

# शानदार शुरुआत के बाद क्वार्टर फाइनल में हारी भवानी देवी

एजेंसी। हांगझोउ

**भारत** की स्टार तलवारबाज भवानी देवी ने एशियाई खेलों में महिलाओं की साबरे स्पर्धा में शानदार शुरुआत की लेकिन क्वार्टर फाइनल में चीन की याकी शाओ से 7-15 से हार गई।

एशियाई खेलों में पहले पदक से एक जीत दूर रही ओलंपियन भवानी देवी ने क्वार्टर फाइनल के पहले चरण में अच्छी शुरुआत की। उनकी चीनी प्रतिद्वंद्वी ने हालांकि तीन के मुकाबले सात टच के जरिए 8-3 की बढ़त बना ली। दूसरे चरण में भवानी ने चार बार और उसे छुआ लेकिन वह नाकाफी था। नॉकआउट और में 15 टच तक पहले पहुंचने वाला विजई होता है और शाओ ने दूसरे चरण में आसानी से इस आंकड़े को छुआ।

तलवारबाजी में सेमीफाइनल में पहुंचने पर कांस्य पक्का हो जाता है लेकिन भवानी देवी की किस्मत खराब थी कि उनका सामना क्वार्टर फाइनल में ही 2018 एशियाई खेलों की रजत पदक विजेता से हो गया। इससे पहले वह अपने पूल में शीर्ष पर रहकर प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंची थी। भवानी देवी ने अपने पांचों प्रतिद्वंद्वियों को मात देकर पूल में पहला स्थान हासिल किया। उन्होंने पहले सिंगापुर की जूलियट जी मिन हेंग को 5-2 से हराया। उसके बाद सउदी अरब की अलहस्ना अलअम्माद को 5-1 से मात दी। एशियाई चैम्पियनशिप कांस्य पदक विजेता भवानी ने कारिना डोसपे को 5-3 से हराने के बाद उजबेकिस्तान की जेनब दायिबेकोवा और बांग्लादेश की रूकसाना खातून को 5-1 के अंतर से हराया। भवानी ने प्री क्वार्टर फाइनल में थाईलैंड की टी फोकाउ को 15-9 से हराया था।



# चार महीने से सैलरी नहीं मिलने से पाकिस्तानी प्लेयर्स नाराज

एजेंसी। इस्लामाबाद

**आईसीसी** मेंस वर्ल्ड कप शुरू होने में बस चंद दिन बाकी हैं। तमाम टीमें तैयारियों को अमलीजामा पहनाने में जुटी हैं, लेकिन 1992 की वर्ल्ड चैंपियन पाकिस्तान टीम एक बार फिर गलत वजह से सुर्खियों में है। पाकिस्तान से मिल रही रिपोर्ट्स के मुताबिक- पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) और प्लेयर्स के बीच सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट को लेकर पांच महीने से चला आ रहा विवाद अब गंभीर हो चुका है। प्लेयर्स को चार महीने से सैलरी नहीं मिली है।

अब खबर है कि प्लेयर्स ने पीसीबी को साफ बता दिया है कि अगर वर्ल्ड कप शुरू होने से पहले यह मामला नहीं सुलझाया गया तो वो टीम स्पॉन्सर का लोगो नहीं पहनेंगे और न ही वर्ल्ड कप के किसी प्रमोशनल इवेंट में हिस्सा लेंगे। दुनिया के दूसरे क्रिकेट बोर्ड्स की तरह ही पाकिस्तान में भी प्लेयर्स को सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट दिए जाते हैं। इसमें भी कुछ कैटेगरीज होती हैं। कैटेगरीज में टॉप प्लेयर्स रखे जाते हैं। मसलन इस वक्त कप्तान बाबर आजम, शाहीन शाह आफरीदी और मोहम्मद रिजवान ए कैटेगरी के प्लेयर हैं।

ए कैटेगरी के प्लेयर्स को 45 लाख रुपये ( पाकिस्तानी करंसी) हर महीने दिए जाते हैं। प्लेयर्स को इस फीस पर कोई दिक्कत नहीं है, लेकिन उनकी परेशानी यह है कि 45 लाख रुपये की इस फीस पर इतना टैक्स लगा दिया जाता है कि उन्हें 27 से 28 लाख रुपये ही मिल पाते हैं। यह विवाद पांच महीने पहले शुरू हुआ था और तब से अब तक दो पीसीबी चीफ (पहले नजम सेठी और अब जका अशरफ) कमान संभाल चुके हैं, लेकिन मसला हल नहीं हो सका। एक और दिक्कत की बात यह है कि वर्ल्ड कप खत्म होने से पहले ही जका अशरफ भी विदाई ले चुके होंगे।

## खिलाड़ियों की पीसीबी को धमकी- स्पॉन्सर लोगो नहीं पहनेंगे प्रमोशन नहीं करेंगे



### प्लेयर्स की नई डिमांड

**'क्रिकेट** पाकिस्तान' की रिपोर्ट के मुताबिक- कई पाकिस्तानी प्लेयर्स एशिया कप में सिर्फ इस शर्त पर खेलने गए थे कि वर्ल्ड कप से पहले इस मामले को सुलझा लिया जाएगा। हालांकि, ये भी नहीं हो सका। अब प्लेयर्स ने नई डिमांड यह रखी है कि आईसीसी खेल की बेहतरी के लिए हर देश को जो पैसा देता है या रेवेन्यू शेयर करता है, उसमें से प्लेयर्स को भी हिस्सा दिया जाए। जाहिर है पीसीबी इसके लिए तैयार नहीं हो सकता, क्योंकि ये किसी भी देश में नहीं होता। कुल मिलाकर न तो सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट की फीस का विवाद थम रहा है और न ही आईसीसी के रेवेन्यू को प्लेयर्स के साथ शेयर करने का मसला हल हो रहा है। रिपोर्ट्स बताती हैं कि प्लेयर्स ने पीसीबी को साफ बता दिया है कि उनकी मांगें जल्द से जल्द पूरी होनी चाहिए। अगर ऐसा नहीं हुआ तो वो न तो टीम स्पॉन्सर का लोगो किट पर लगाएंगे और न वर्ल्ड कप के किसी प्रमोशनल इवेंट में शिरकत करेंगे।